e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 149

शुक्रवार

02.06.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

जब आपको लोग पूछे कि आप क्या काम करते हैं तो वो लोग वास्तव में आपको इतनी इज्जत देनी है, इसका अन्दाजा लगाते है।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

अधिकतम 36°

न्युनतम 24°

## भारत व नेपाल के प्रधानमंत्रियों ने की द्विपक्षीय वार्ता, हुए कई अहम समझौते

# आपसी संबंधों को और मजबूत बनाएंगे भारत व नेपाल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पीएम मोदी ने कहा कि नेपाल और भारत के संबंध काफी पुराने और मजबूत हैं। द्विपक्षीय चर्चा में कहा गया कि रामायण सर्किट के विकास के कामों में तेजी लाई जाएगी। साथ ही दोनों देशों के बीच के मुद्दों को बातचीत से सुलझाया जाएगा। द्विपक्षीय बातचीत के बाद दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने कुर्था-बिजलपुरा रेलवे खंड का संयुक्त रूप से वर्चुअल उद्घाटन किया। रेल खंड के उद्घाटन पर भारत के बाथनाहा से रेलवे कार्गो ट्रेन नेपाल के कस्टम यार्ड पहुंची। पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच ट्रांजिट समझौते पर हस्ताक्षर हुए।

हमने कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए नया रेल लिंक बनाया है। भारत और नेपाल के बीच लॉन्ग टर्म पावर ट्रेड समझौता हुआ है। इससे हमारे पावर सेक्टर को मजबूती मिलेगी। भारत और नेपाल के बीच धार्मिक और सांस्कृतिक संबंध काफी पुराने हैं और इन्हें और मजबूत किया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नौ साल पहले 2014 में मैंने नेपाल का पहली बार दौरा किया था। उस समय मैंने दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने के लिए हिट फार्मूला दिया था। जिसके तहत हाइवे, आई-वे और ट्रांस-वे का निर्माण किया जा रहा है। हम ऐसे संबंध स्थापित करेंगे, जिससे भारत और नेपाल के बीच सीमाएं बाधा नहीं बन पाएंगी। इसके लिए कई अहम फैसले लिए गए।



### भारत और नेपाल के बीच संबंध पुराने और बहुआयामी : दहल

नई दिल्ली : पीएम मोदी से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए पुष्प कमल दहल ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच संबंध पुराने और बहुआयामी हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था और राजनीतिक परिदृश्य के विकास को देखकर नेपाल खुश है।दहल ने कहा कि नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में यह मेरी चौथी भारत यात्रा है। मुझे सितंबर 2018 में अपनी पिछली यात्रा और फिर 2016 में सितंबर और अक्टूबर में दो बार यात्रा याद है। मैं अपने साथ नेपाल की सरकार और लोगों की ओर से बधाई और शुभकामनाएं लेकर आया हूं। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था और राजनीतिक परिदृश्य के उल्लेखनीय परिवर्तन को देखकर खुश हैं। दहल ने नौ साल पूरे करने पर पीएम मोदी को भी बधाई दी और कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध सभ्यतागत, सांस्कृतिक और सामाजिक-आर्थिक संबंधों की समृद्ध परंपरा द्वारा निर्मित मजबूत नींव पर टिके हैं।

### भारत व नेपाल के बीच हुआ लॉन्ग टर्म पावर समझौता : मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले नौ सालों में भारत और नेपाल ने मिलकर कई क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की है. उन्होंने आगे कहा, मैंने और प्रधानमंत्री प्रचंड ने भविष्य में अपनी साझेदारी को सुपरहिट बनाने के लिए बहुत से महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं. हमने ट्रांजिट एग्रीमेंट शामिल है जिसमें नेपाल के लोगों के लिए नए रेल मार्गों के साथ-साथ भारत के इन-लैंड वाटरवेज की सुविधा का भी प्रावधान किया गया है. साथ ही भारतीय रेल संस्थानों में नेपाल के रेल कर्मियों को प्रशिक्षित करने का भी निर्णय लिया गया है. पीएम मोदी ने जानकारी दी कि प्रचंड से द्विपक्षीय बातचीत के दौरान दोनों पक्षों के बीच लॉन्ग टर्म पावर समझौता हुआ है. इसके तहत आने वाले 10 सालों में भारत ने नेपाल से 10 हजार मेगावाट बिजली आयात करने का लक्ष्य रखा है.

# झारखंड : बिजली दरों में हुई बढ़ोतरी

ग्रामीण इलाकों में 5.80 रूपए, घरेलू शहरी दर 6.30 रूपए प्रति यूनिट बिजली दर बढ़ी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में एक जून से बिजली दरों में बढ़ोतरी हुई है। मौके पर आयोग के अध्यक्ष अमिताभ गुप्ता ने नई दरों का एलान किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में घरेलू की दर 5.80 रूपए प्रति यूनिट होगी,जबकि घरेलू शहरी की दर 6.30 रूपए प्रति यूनिट कर दी गई है। इसी प्रकार घरेलू एचटी की दर 6.15 रूपए निर्धारित की गई है। आयोग ने 6.50 फीसदी टेरिफ वृद्धि को अपनी मंजूरी दी है। जेबीवीएनएल ने बीस फीसदी बढ़ोत्तरी किए जाने की मांग की थी। नई टैरिफ झारखंड बिजली वितरण के उपभोक्ताओं के लिये मान्य है। झारखंड बिजली वितरण निगम ने इस संबंध आयोग को टैरिफ पीटिशन सौंपा था। इसमें घाटे को दर्शाते हुए दर बढ़ाने की अनुमति का आग्रह किया गया था। आगे बताया गया कि पिछले तीन सालों से राज्य में बिजली दरें घोषित नहीं की गई थी। साल 2020 में कोविड महामारी को देखते हुए आयोग ने बिजली दर बढ़ोतरी का निर्णय नहीं लिया। ऐसे में साल 2019 का दर अब तक मान्य है। वहीं, साल 2020 के बाद से नियामक आयोग में अध्यक्ष और सदस्य पद खाली हो गया। जेवीएनएल की ओर से दिए प्रस्ताव में 20 फीसदी वृद्धि की मांग की गई थी। प्रस्ताव में बिजली वितरण निगम ने बताया है कि निगम सालाना 7400 करोड़ रूपये के नुकसान में है। साल 2020 में ये घाटे 2200 करोड़ रूपये था। साल 2021 में 2600 करोड़, साल 2022 में 2500 करोड़ रूपये का घाटा बताया गया है। साथ ही बिजली दरों में वृद्धि नहीं करने की अपील की गई। घरेलू ग्रामीण उपभोक्ताओं से 5.72 रूपये लिये जाते है। घरेलू शहरी उपभोक्ता से 6.25 प्रति यूनिट, घरेलू एचटी से 6.25 रूपये, कॉमर्शियल ग्रामीण से छह रूपये प्रति यूनिट, कॉमर्शियल शहरी से 6.25 रूपये प्रति यूनिट, कृषि कार्यों के लिये 5 रूपये प्रति यूनिट, एलटीआईएसएस से 5.75 प्रति केवीएच और एचटीआईएस 5.50 प्रति केवीएच लिया जाता रहा है। अब इन दरों में बदलाव होगा। वहीं, उपभोक्ताओं को 100-200 यूनिट उपभोग पर सब्सिडी प्रति यूनिट 2.75 रुपए और 201- 400 यूनिट पर सब्सिडी प्रति यूनिट 2.05 रुपए मिल रही हैं। अब इस नए दर में बढ़ोतरी होने के बाद ऐसे गरीब परिवार के बिजली का उपयोग करें उनके लिए थोड़ी समस्याएं उत्पन्न हो हालांकि राज सरकार ने 100 यूनिट तक बिजली उपयोग करने वाले पर किसी तरह का चार्ज नहीं रखा है।

## क्विक न्यूज

### उत्तराखंड : सीएम पुष्कर सिंह धामी की सुरक्षा में तैनात कमांडो ने गोली मारकर किया सुसाइड

**देहरादुन:** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सुरक्षा में तैनात कमांडो प्रमोद रावत ने बैरक में खुद को गोली मार खुदकुशी कर ली. प्रमोद सीएम आवास से राजभवन के बीच बने बैरक में रहते थे. वारदात की जानकारी मिलते ही अधिकारी घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं.सीएम की सुरक्षा में तैनात कमांडो के सुसाइड करने की घटना को गंभीरता से लेते हुए इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है. इस घटना पर एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया है कि प्रमोद रावत पौड़ी गढ़वाल के अगरोड़ा के काफलस्यू के रहने वाले थे. एसएसपी ने आगे कहा है कि घटना के बाद उनके परिवार को सूचना दे दी गई है. परिवार के कुछ लोग मौके पर पहुंचे हैं.

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**सिमरिया :** बुलेरो और मोटरसाइकिल के टक्कर में एक की घटनास्थल पर मौत हो गयी थी वहीं दूसरे की इलाज के दौरान मौत हो गयी। दोनों की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने दो जगह सिमरिया टंडवा रोड़ जाम कर दिया। जाम से सिमरिया हाट होने से मुख्य सड़क में सैकड़ो बड़ी व छोटी वाहनों की कतार लग गयी। वहीं बिमारी के हालत में जा रहे छोटी वाहनों तक को नहीं बख्शा। जिससे लोगों को काफी फजीहत उठानी पड़ी।इधर जाम की जानकारी मिलते हीं घटना स्थल पर अनुमण्डल पदाधिकारी सुधीर कुमार पहुंचे और लोगों से जाम हटाने को लेकर वार्ता किया।

### चुट्टूपालू घाटी में भीषण दुर्घटना, एक की मौत

**रामगढ़:** मौत की घाटी के नाम से कुख्यात चुट्टूपालू घाटी में एक बार फिर भीषण हादसा हुआ है. एक ट्रेलर ने पांच गाड़ियों में टक्कर मार दी. टक्कर मारने के बाद ट्रेलर बीच सड़क पर ही पलट गया. जिससे हाईवे पर परिचालन बाधित हो गया है. इस हादसे में 5 लोग घायल हो गए. जिसमें से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई.

### केमिकल फैक्ट्री में हादसा, एक की मौत

**कोडरमा :** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के गझंडी रोड स्थित खिरू साव के कोडरमा केमिकल फैक्ट्री में देर शाम हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई व तीन मजदूर घायल हो गए. घटना में मृतक की पहचान जयनगर थाना क्षेत्र के पिपचो निवासी नागेश्वर यादव रूप में हुई है। वही घायलों की पहचान केदार विश्वकर्मा, रौशन कुमार व सौरभ नन्दीके रूप में हुई है। बताया जाता है कि गैस के पाइप के फटने से ये हादसा हुआ। जिसके बाद आनन - फानन सभी को तिलैया के एक निजी क्लिनिक लें जाया गया. जहाँ घायलों का इलाज किया जा रहा है.

# पलामू : 10 हजार रिश्वत लेते प्रधान सहायक गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवादाता

**विश्रामपुर (पलामू) :** भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने के बाद पिछले दो दिनों से एसीबी को टीम प्रधान सहायक अनिल कुमार को गिरफ्तार करने के फिराक में थी। एसीबी की टीम अनिल कुमार को रंगे हाथों गिरफ्तार करने का अवसर तलाश रही थी।

सफलता गुरुवार को मिली। प्रधान सहायक अनिल कुमार संवेदक ओमकार सिंह से जैसे ही काम के एवज में दस हजार रूपए रिश्वत लिया वैसे ही एसीबी की टीम ने उसे दबोच लिया। मामला भांपते ही अनिल कुमार ने रुपया नप के एक चालक जितेंद्र बहेलिया को थमा कर खुद बचने का प्रयास किया। लेकिन उसकी यह चालाकी कोई काम नहीं आई। उसके इस शातिराना हरकत से चालक जितेंद्र बहेलिया बेवजह फंस गया। विदित हो कि नगर परिषद कार्यालय पर भ्रष्टाचार का आरोप कोई नया नही है। बल्कि हमेशा लगता रहा है। भ्रष्टाचार का आरोप आम लोगों से ज्यादा नप प्रतिनिधि ही लगाते रहे हैं। कई बार जांच भी हुई। जांच में अनियमितता की पुष्टि भी हुई। बावजूद किसी पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके कारण नप प्रतिनिधियों सहित आम लोगों में काफी रोष व्याप्त था। गुरुवार को जब एसीबी की टीम ने बिश्रामपुर नगर परिषद के प्रधान सहायक अनिल कुमार को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। साथ ही एक चालक जितेंद्र बहेलिया को भी उसका सहयोग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की कार्रवाई की खबर लगते ही नप प्रतिनिधियों व आम लोगों में खुशी देखी गई। नप प्रतिनिधियों सहित आम लोग इसे सत्य की जीत बता रहे हैं।

### रिश्वत लेते खूंटी का राजस्व कर्मचारी रंगे हाथों गिरफ्तार

**खूंटी :** एसीबी रांची की टीम ने गुरुवार को खूंटी तहसील कार्यालय के कर्मचारी और राजस्व उप निरीक्षक अरविंद बिहारी दास को पांच हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपित कर्मचारी ने हूटार गांव निवासी काली महतो से किसी कार्य के लिए पांच हजार रुपये की मांग की थी। काली महतो ने इसकी जानकारी एसीबी को दी थी।

# मणिपुर हिंसा की जांच के लिए बनेगा न्यायिक आयोग : अमित शाह

### अमित शाह के दौरे के बीच ही राज्य में फिर हिंसा भड़क गई



एजेंसी

**इंफाल :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मणिपुर दौरे पर हैं। इस दौरान एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अमित शाह ने एलान किया कि मणिपुर हिंसा की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया जाएगा।

साथ ही सीबीआई द्वारा भी हिंसा की घटनाओं की जांच की जाएगी। गृहमंत्री ने कहा कि हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में जांच होगी। अमित शाह ने पीड़ितों को 10-10 लाख रुपए का मुआवजा देने का एलान किया, जिनमें से 5 लाख केंद्र सरकार और पांच लाख राज्य सरकार द्वारा दिए जाएंगे। गृहमंत्री ने लोगों से अपील की कि जिनके पास हथियार हैं, वो हथियार पुलिस के पास जमा कर दें। कल से पुलिस कॉम्बिंग करेगी और कॉम्बिंग के दौरान जिन लोगों के पास हथियार मिलेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वहीं अमित शाह के दौरे के बीच ही राज्य में फिर हिंसा भड़क गई। दरअसल कुकी उग्रवादियों के साथ गोलीबारी में तीन पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना बिशनुपुर जिले की है। घायलों को इंफाल के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खबर के अनुसार, पुलिस और उग्रवादियों के बीच गोलीबारी बुधवार रात को तांगजेंग इलाके में खुंबी पुलिस स्टेशन में हुई। साथ ही इंफाल पूर्व के चानुंग इलाके में भी भारी गोलीबारी की खबर है। हालांकि वहां किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

इससे पहले बुधवार को अमित शाह ने कहा कि सरकार राज्य में शांति बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही लोगों की सुरक्षित घर वापसी की सुनिश्चित की जाएगी। अमित शाह ने राहत कैंपों में रह रहे मैती और कुकी जनजाति के लोगों से भी मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिया कि सरकार सभी को सुरक्षा देने पर फोकस कर रही है ताकि वह लोग अपने-अपने घर लौट सकें।

### मणिपुर हिंसा में 80 लोगों की मौत

बता दें कि मणिपुर में करीब एक महीने पहले ट्राइबल सॉलिडेरिटी मार्च के दौरान हिंसा भड़की थी। दरअसल मैती समुदाय के लोग जनजातीय आरक्षण की मांग कर रहे हैं। इसी के खिलाफ मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में ट्राइबल मार्च के दौरान हिंसा भड़की। हिंसा में अभी तक 80 के करीब लोगों की मौत हो चुकी है। कई उग्रवादी संगठनों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ की खबरें सामने आई हैं। सेना और पुलिस द्वारा जगह जगह सर्च ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं और ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है।

## मुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं के प्रगति की ली जानकारी, दिए कई अहम निर्देश

# योजनाओं की प्रगति का होगा लाइव वेरिफिकेशन : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** गुड गवर्नेंस के लिए जरूरी है कि योजनाएं तय समय पर पूरी हों। योजनाओं में गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाए। विशेषकर बजट में विभिन्न विभागों के लिए जो बजटीय प्रावधान किए जाते हैं। उसके अनुरूप कार्यों में गति होनी चाहिए।इसके लिए अधिकारियों को पूरी जवाबदेही और गंभीरता से कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में विभागों के प्रधान सचिव,सचिव के साथ उच्च स्तरीय बैठक में जोहार परियोजना पोर्टल।पर अपलोड योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज जोहार परियोजना पोर्टल की पहली समीक्षा हुई। इसमें कई बदलाव करने की जरूरत है।इस सिलसिले में आगे जो भी बैठक होगी, उसने मंत्रीगण भी मौजूद रहेंगे। ताकि इसकी हर स्तर पर विस्तृत समीक्षा की जा सके।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित कई योजनाएं कई विभागों से जुड़ी होती हैं। ऐसे में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल हो, ताकि उसका क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो सके। उन्होंने विभागीय सचिवों से कहा कि वे तमाम योजनाओं की प्रॉपर मॉनिटरिंग करें ,ताकि उसमें अगर किसी प्रकार का व्यवधान या समस्या आए तो उसका समाधान निकाला जा सके। इसका यह फायदा होगा कि योजनाएं समय पर पूरी हो सकेगी।



**सभी पदाधिकारी अपने विभागों की योजनाओं का आकलन करें:** मुख्यमंत्री ने विभागीय सचिवों को कहा कि वे अपने-अपने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का आकलन करते हुए उसकी विस्तृत समीक्षा करें, ताकि उसका क्रियान्वयन सही तरीके से हो और तमाम चीजें सुचारू पूर्वक आगे बढ़ सकें। दरअसल कई योजनाएं समय पर पूरी नहीं हो पाती है। योजनाओं में विलंब से उसका लागत भी बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं हो, इसके लिए योजनाओं की लगातार निगरानी होनी चाहिए।

**योजनाओं का लाइव वेरिफिकेशन होगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाएं धरातल पर उतर रही है या नहीं । योजनाओं की प्रगति किस स्तर पर है । गुणवत्ता के साथ कार्य हो रहे हैं या नहीं। इसका अब लाइव वेरिफिकेशन किया जाएगा। सूचना प्रौद्योगिकी के सहयोग से इसकी व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत तमाम योजनाओं की साइट से उसकी प्रगति की जानकारी ली जाएगी।आप सभी अधिकारी इसके लिए अपनी तैयारी पूरी कर लें।योजनाओं की टाइमलाइन बनाएं, वर्क कल्चर में सुधार लाएं मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे तमाम योजनाओं की टाइमलाइन तय करें। इसके तहत योजनाओं को लेकर डीपीआर तैयार करने, टेंडर की प्रक्रिया शुरू करने, कार्य की शुरुआत और उसके पूर्ण होने का समय निर्धारित हो।

### बैठक में उपस्थित अधिकारी

उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव एल ख्यानगते, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव, प्रधान सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव प्रशांत कुमार सिंह, विनय कुमार चौबे, के रवि कुमार, मनीष रंजन, राजेश कुमार शर्मा,अमिताभ कौशल,सुनील कुमार, राहुल पुरवार, कृपानंद झा, प्रवीण टोप्पो,जीतेंद्र कुमार सिंह, विप्रा भाल, मनोज कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 3 लाख का इनामी नक्सली मुठभेड़ में ढेर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गुमला:** गुमला सदर थाना के आंजन मरवा जंगल इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई. जिसमें एक नक्सली मारा गया। मारे गए नक्सली की शिनाख्त राजेश उरांव के रूप में हुई है, जो माओवादी है. इस मौके पर गुमला एसपी डॉ एहतेशाम वकारीब ने बताया कि इस मुठभेड़ में दोनों ओर से करीब 25-30 राउंड गोली चली हैं. मारे गए नक्सली की एक बाइक और थ्री फिफ्टिन की रायफल पुलिस ने जब्त की है. फिलहाल नक्सली के शव को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है. इस मुठभेड़ में मारा गया दो लाख नक्सली राजेश उरांव हुटार का निवासी था.मुठभेड़ में मारे गए भाकपा माओवादी संगठन के नक्सली पर तीन लाख का इनाम था। झारखंड पुलिस ने राजेश उरांव पर दो लाख का और एनआईए ने एक लाख का इनाम घोषित कर रखा था. कई वर्षो से पुलिस राजेश उरांव की तलाश कर रही थी. राजेश उरांव नक्सली रंथू उरांव और लाजिम अंसारी के दस्ते का एक्टिव मेंबर था. उसपर गुमला और लातेहार जिला के थानों में कई मामले दर्ज हैं.एनआईए को भी इनामी माओवादी राजेश उरांव की तलाश थी. लातेहार के चंदवा में 4 पुलिस वालों की हत्या के मामले में एनआइए ने राजेश उरांव के खिलाफ केस दर्ज किया था.



# हाई स्कूल के नवनियुक्त शिक्षकों का दस दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के निदेशानुसार स्थानीय मुख्यमंत्री एक्सीलेंस जिला स्कूल मेदिनीनगर के प्रशाल में 180 नवनियुक्त उच्च विद्यालय के शिक्षकों को दस दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का संचालन पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री अनिल कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण के आठवें दिन शिक्षक-सह-शिक्षाविद परशुराम तिवारी ने प्रशिक्षु शिक्षकों से संवाद कर अपना अनुभव साझा कर कहा कि जानने के लिए सीखना, अस्तित्व के लिए सीखना व सह अस्तित्व के लिए सीखना शिक्षा के चार प्रमुख स्तंभ हैं। इस राह पर चलकर ही विद्यार्थी सही मायने में शिक्षा प्राप्त कर पाते हैं। वस्तुत~ सह अस्तित्व की सीख शिक्षा का मूल प्रतिफल है। इसलिए शिक्षकों को सजग होकर शिक्षण कार्य करना चाहिए। वहीं ए.पी.ओ.जान मुथू ने समग्र शिक्षा अभियान की गतिविधियों, पाठ योजना, कक्षा संचालन, स्व अध्ययन एवं बच्चों के साथ शिक्षकों के लगाव तथा अभिभावकों की भागीदारी पर चर्चा की। कहा कि शिक्षकों की सफलता इस बात है कि वे बच्चों को सीखने के लिए कितना प्रेरित कर पाते हैं। इस मौके पर समग्र शिक्षा अभियान के विकास कुमार दुबे, शादाब हुसैन, आमोद सिन्हा व शिक्षक विजय कुमार ठाकुर व अन्य मौजूद थे।

# पांच वर्ष से चल रहा विवाद मध्यस्थता से हुआ समाप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय में सिविल जज सीनियर डिविजन सप्तम परमानंद उपाध्याय के न्यायालय में चल रहे बंटवारा बाद 201/ 2018 गुरुवार को मध्यस्थता के माध्यम से मध्यस्थ शशि भूषण के अथक प्रयास से समाप्त कराया गया। बिदित हो कि रामकिशोर मेहता के द्वारा बटवारा को लेकर यह केस न्यायालय में लाया गया था। उन्होंने पारसनाथ मेहता के विरुद्ध केस किया था। रामकिशोर मेहता का कहना था कि पुराना सर्वे में उनके नाम पर दोअंश जमीन प्राप्त है।लेकिन नया सर्वे में नाम दर्ज करते समय भूलवश दो अंश की जगह एक अंश दर्ज हुआ है। एक अंश जमीन नाम से चढ़ने में उनलोगों का छूट गया है।बिपक्षी पारसनाथ मेहता ने कहा कि सर्वे ऑफिस के गलती से उनका एक अंश जमीन छूट गया है।जब कभी भी आवेदकगण के द्वारा सर्वे में भूल सुधार करने हेतु आवेदन दिया जाएगा बिपक्षी गण के द्वारा बिरोध या आपत्ति दर्ज नही करेंगे। अपना सहमति प्रदान करेंगे। साथ ही सभी पक्ष आपस मे मिलकर अपना अपना हिस्सा में प्राप्त जमीन को सर्वे में ऑन लाइन दर्ज कराने हेतु सहमति से आवेदन देकर ऑन लाइन चढ़वाने हेतु करवाई करेंगे। वादी राजकिशोर मेहता बैगरह न्यायालय में अपना वाद समाप्त करने पर सहमत हो गए।इस तरह पांच वर्ष से चल रहा विवाद समाप्त हो गया।

## प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में गुरुवार को पंचायत स्तरीय प्रशासनिक एवं अनुशासनिक प्राधिकार की बैठक संपन्न



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा(नगर उंटारी)में गुरुवार को पंचायत स्तरीय प्रशासनिक एवं अनुशासनिक प्राधिकार की बैठक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में झारखण्ड सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावली 2021 के आलोक में प्राथमिक (इंटरमीडिएट कोटि कक्षा 1से 5 में नियुक्त) सहायक अध्यापक सम्प्रति पारा शिक्षकों की वृद्धित मानदेय की गणना व सेवा सम्पुष्टि किया गया.बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन, लेखापाल चन्दन कुमार, नरही पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर, पिपरडीह पंचायत की मुखिया उषा देवी, कोलझिकी पंचायत की मुखिया सुनीता देवी, हुलहुला खुर्द पंचायत की मुखिया सुशीला देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## लक्ष्मी नारायण यज्ञ का होगा आयोजन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में भारत वर्ष के महान मनीषी ब्रह्मलीन संत परमपूज्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य पूज्य श्री लक्ष्मीप्रापन्न जीयर स्वामी जी के परिव्राजक जीवन का चातुर्मास्य व्रत प्रवास होगा। चातुर्मास्य व्रत समापन अंतर्गत 25 यज्ञ मंडपो में अलग अलग 1051 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ व अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन भी होगा। उक्त कार्यक्रम के आयोजन के लिये 80 हजार वर्ग फीट में भव्य वाटरप्रूफ पंडाल का निर्माण कराया गया है। लगभग एक माह से 50 श्रम योगी पंडाल, पर्णकुटी, तोरणद्वार निर्माण में रात दिन लगे रहे। वास्तुशास्त्र के हिसाब से सारा निर्माण हुआ है। 52 हजार 800 वर्ग फीट मेंबने प्रवचन पंडाल में 40 हजार श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था है। पंडाल में ही 1500 वर्ग फीट में पूज्य स्वामी जी महाराज की पर्णकुटी का निर्माण हुआ है। 3000वर्ग फीट में कथा व्यास के लिये मंच की व्यवस्था है। पंडाल में निर्मित 150 कमरों में 1500 साधु संतों के रहने की व्यवस्था है। पंडाल में 20 शौचालय और 30 नल जल की व्यवस्था है। ज्ञात हो कि आगामी 4 जून को हरिद्वार से पूज्य स्वामी जी का शुभागमन यज्ञ स्थल पर होगा। 5 जून से यज्ञ स्थल पर प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक प्रातः कालीन मंगल आरती व शाम 5 बजे से 6 बजे तक स्वामी जी के श्रीमुख से प्रवचन होगा।

# नौडीहा बाजार में टीवीएस बाइक के शोरूम का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार :** नौडीहा बाजार मेन बाजार मे जीप सदस्य सुदामा पासवान एवम सांसद प्रतिनिधि अमरेश कुमार एवम शिवनारायण श्रीवस्ताव ने संयुक्त रूप से फीता कट कर द्वारिका टी वी एस शोरूम का उद्घाटन किया गया। उक्त मौके पर जीप सदस्य श्री सुदामा पासवान ने कहा कि नौडीहा बाजार अति सुदूरवर्ती क्षेत्र है यहाँ पर टी वी एस बाइक का शोरूम खुला इसे इस बाजार का काफी रौनक बढ़ गई और इस क्षेत्र के जनता भी काफी खुशी नज़र आ रहे है कि टी वी एस का बाइक खरीदने छतरपुर या ज़िला मुख्यालय डाल्टेनगंज जाना पड़ा था, अब तो कहीं जाने की कोई जरूरत नहीं है, इस सुविधा मिलने से लोग के बीच काफी खुशी जाहिर कर रहे है। वहीं सांसद प्रतिनिधि अमरेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ और इस इलाके जितना दुकाने खुलेगी उतना ही इस बाजार का रौनक बढेगा और लोगों की सुविधा मिलेगी। साथ ही साथ जीप सदस्य सुदामा पासवान ने टी वी एस शो रूम का प्रोपराइटर राजन कुमार श्रीवास्तव (चिंटू जी) का गरीब इलाके मे ऐसी सुविधा मुहैया करने के लिए बहुत बहुत बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं भी दिए। इस मौके राकेश श्रीवास्तव, पूर्व मुखिया विजय गुप्ता, नंदन कुमार सिंह, प्रदीप कुमार गुप्ता, गुड्डू सिंह, मंटू कुमार सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक को दी गई विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित प्रधान सहायक आजम बेग की सेवानिवृत्त पर प्रखंड सभागार में गुरुवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता बीडीओ जयप्रकाश नारायण जबकि संचालन प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने किया। इस दौरान ब्लॉक परिवार की ओर से सेवानिवृत्त प्रधान सहायक को फूल माला व शॉल ओढ़कर सम्मानित करने के बाद उनके सुखद भविष्य की कामना की गई। वहीं बीडीओ ने अपने संबोधन में प्रधान सहायक के कार्य करने के तरीक़े तथा उनके मृदुभाषी स्वभाव की सराहना की। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, अखिलेश मेहता के अलावे सहायक सरजू बैगा, अलीम अंसारी एई शिवशंकर चौधरी जेई विपिन राय संतोष गुप्ता विद्या सागर कुमार ब्लाक कोर्डिनेटर चंदन कुमार घनश्याम गुप्ता अनिल सिंह, शिवम कुमार, अफताब आलम, सुजीत कुमार ग्रामसेविका अरूणा कुमारी, उर्मिला कुमारी, निरंजन सिंह, आबिद हुसैन, सुधीर कुमार,मनोज कुमार सहित विभिन्न विभागों के कर्मी उपस्थित थे।

## पलामू वासियों को गर्मी से बचना है तो बरसात में हर घर के लोग लगाए एक पेड़ : शर्मिला वर्मा



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू में लगातार बढ़ती गर्मी को देखते हुए वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव शर्मिला वर्मा ने आमजनों से अपील की है कि घर-घर तिरंगा अभियान की जगह इस बरसात घर- घर पौधा अभियान चलना चाहिए। ताकि इस प्रचंड गर्मी से राहत मिल सके। सुबह होते ही सूरज की तपिश असहनीय होने लग रही है जिस वजह से रोजी रोटी की तलाश में मजबूरन घर से बाहर निकलने वाले लोग एवं पशु पक्षी हलकान परेशान हैं। पानी की बूंद बूंद के लिए इंसान और पशु पक्षियों को तरसते देखा जा सकता है। इंसान तो इंसान है, उसके पास जुगाड़ टेक्नोलॉजी है वो किसी तरह अपनी भूख और प्यास मिटा लेता है पर मूक पशु पक्षियों की हालत बहुत ही बदतर है जो कि अपनी पीड़ा व्यक्त तक नहीं कर सकते। कुछ संवेदनशील लोगों ने अपने घर के बाहर इनके लिए नाद, बाल्टी या टब में पानी की व्यवस्था की है पर यह पर्याप्त नहीं। ऐसे में ये निरीह पशु पक्षी इधर से उधर भटकते दिखते हैं और प्यास से व्याकुल होकर बहुत बार दम तोड़ देते हैं। हम सभी अगर ठान लें कि इस बरसात अपने घर या आसपास की जमीन पर कम से कम एक पौधा लगाएंगे और उसकी रक्षा करेंगे तो काफी हद तक इससे गर्मी से राहत मिल सकती है। अपने अपने घरों में बरसात के पानी के संरक्षण की व्यवस्था कर लेने से पानी का लेयर नीचे नहीं जाएगा और भीषण जल संकट से भी हमें मुक्ति मिलेगी। वरना वो दिन दूर नहीं जब लोग यहां से पलायन करने लगेगें और पलामू रेगिस्तान में तब्दील हो जाएगा।पलामू को रेगिस्तान होने से बचाना है तो हर घर पेड़ लगाना होगा।

## छूटे हुए लोगों का शौचालय का सूची तैयार कर निर्माण कार्य पूरा कराए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** छूटे हुए शौचालय निर्माण के लिए मुखिया सर्वे कराये पंडवा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने उपस्थित मुखिया को दिए निर्देश। पलामू जिले अंतर्गत पंडवा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने प्रखंड कार्यालय में बैठक कर प्रखंड क्षेत्र के सभी मुखिया को छूटे हुए शौचालय को निर्माण के लिए सर्वे कराने का निर्देश दिया। इस संदर्भ में बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने उपस्थित सभी मुखिया को कहा की अपने अपने सहिया के माध्यम से ओडीएफ फेस 2 के सर्वे कराए और शौचालय के लिए रखने वाले ग्राम वर्ग प्रत्येक गांव में कितने बच्चे है जदी है तो उनका खाता नंबर आधार नंबर एवम आवेदन का प्रति ब्लॉक को उपलब्ध कराएं। साथ ही उन्होंने कहा की एसबीएम एनआईसी डोट इन पर अपना सीधा आवेदन भी कर सकते है। तत्पश्चात निर्माण कार्य करने के उपरांत उन्हें 12 हजार रुपए की राशि सीधे उनके खाता में हस्तम्प्रित विभाग द्वारा की जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा की यह कार्य अंतिम 30 जून तक करना अनिवार्य है इस बैठक में हर पंचायत की मुखिया और कई लोग उपस्थित थे।

## 20 दिन की नवजात बच्ची को दूसरे महिला के हवाले कर मां हुई फरार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर परिसर में अपनी 20 दिन की नवजात बच्ची को एक दूसरे महिला को हवाले कर महिला हुई फरार। नवजात बच्ची को छोड़े जाने को लेकर अस्पताल में तैनात महिला चिकित्सक प्रियंका कुमारी द्वारा स्थानीय पुलिस को सूचना दिए जाने के बाद प्रशासन के पहल पर उक्त नवजात बच्ची को बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया। बताते चलें कि अहले सुबह हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के कवलदाग निवासी कुंती देवी 47 वर्ष पति शिवनाथ पासवान अपनी पतोहु की डिलेवरी कराने भवनाथपुर सीएचसी आई थी। उन्हें एक अज्ञात महिला ने अपने 20 दिन की नवजात बच्ची को देते हुए कही कि मैं फ्रेश हो कर आ रही हूं तब तक मेरी बेटी को संभाल कर रखिएगा।परंतु पांच घंटे बीत जाने के बावजूद भी उक्त महिला अपनी बच्ची को लेने वापस नही आयी। फलस्वरूप कुंती देवी ने बच्ची को लेकर अस्पताल के स्वास्थ कर्मी को बच्ची के बारे में बताई। इसकी सूचना मिलते ही भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय एवं सहदेव साह ने उक्त बच्ची को बरामद कर डॉक्टर प्रियंका कुमारी के द्वारा स्वास्थ जांचों उपरांत सकुशल एवं स्वस्थ हालत में बाल कल्याण समिति के सदस्य रॉबर्ट कच्छप भवनाथपुर को सुपुर्द किया गया।

## पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला महिला का शव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सदर थाना क्षेत्र के गनके जंगल में एक महिला का शव गुरुवार को पेड़ से लटका हुआ पाया गया है। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इसकी जानकारी सदर थाना को दी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को फांसी के फंदे से नीचे उतार कर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजने की प्रक्रिया में जुट गई है। फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो पाया है।

# रामगढ़ प्रखंड 20 सूत्री की बैठक में बीडीओ विलंब से पहुंचे जताई गई नाराजगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** प्रखंड कार्यालय सभागार रामगढ़ में आयोजित 20 सूत्री की बैठक में विलंब से पहुंचे बीडीओ, 20 सूत्री अध्यक्ष ने जताई नाराजगी। रामगढ़ प्रखंड कार्यालय में आयोजित प्रखंड 20 सूत्री की बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी पार्थ नंदन दो घंटे देरी से पहुंचे इस मामले में प्रखंड के 20 सूत्री के अध्यक्ष कलीम अंसारी ने कड़ा ऐतराज जताते हुवे अपनी नाराजगी व्यक्त की उन्होंने इस बैठक से बहिष्कार करने तक की बात कर डाली। इस मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा की वह किसी अन्य बैठक में व्यस्त थे इसके कारण उन्हें देरी हुई जबकि बैठक के अध्यक्ष कलीम अंसारी ने कहा की वह दो घंटे से इंतजार कर रहे हैं और यह कही से जायज नहीं है की प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष उपाध्यक्ष समेत अन्य सदस्य इंतेजार करते रहे इसके साथ ही अध्यक्ष ने नाराजगी जताई की बैठक में समुचित अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी गण नही आते है यह एक गहरा विषय है। इस संदर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी के अस्तर से एक आदेश निकालते हुवे उनसे स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया है साथ ही इस बैठक में निर्णय लिया गया है की रामगढ़ प्रखंड और अंचल संबंधित कार्यो के निपटारे के लिए चैनपुर अंचला पदाधिकारी सप्ताह में एक दिन रामगढ़ प्रखंड कार्यालय में अपना समय देंगे साथ ही बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रामगढ़ प्रखंड कार्यालय में ही सेवा देंगी। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता सदस्य मोती लाल मुंडा, शाहिद अंसारी, दीपनारायण प्रसाद, दिनेश चंद्रवंशी, उमेश उराव, सहायक अभियंता सुनील कुमार यादव, कल्याण पदाधिकारी प्रमोद जयसवाल, प्रखंड पंचायत कर्मचारी सुजीत कुशवाहा, ब्लॉक कोडिनेटर मंदीप कुमार सिंह, डीपीआरओ गिरिवर उराव, पंचायत सेवक उदय नाथ, प्रखंड कर्मी पप्पू कुमार समेत कई अन्य गन्नेवान लोग और कर्मी उपस्थित रहे।

# महिला पहलवानों के समर्थन में मजदूर यूनियनों का धरना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** 28 मई को पुलिस के द्वारा महिला पहलवानों के साथ किए गए क्रूर अत्याचार के खिलाफ भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी और और महिला पहलवानों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर स्थानीय मेदिनीनगर स्थित छहमुहान पर एटक और एकटू से संबंधित मजदूर यूनियन के द्वारा 1 जून यानी गुरुवार को धरना का आयोजन किया गया। इस धारना में भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) के रंगकर्मी एवं भाकपा माले के नेता उपस्थित थे। धरना में एटक और एकटू के नेताओं के साथ झारखंड राज्य दिहाड़ी मजदूर यूनियन एवं रसोईया संघ के कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित थे। धरना कार्यक्रम की शुरुआत इप्टा के रंगकर्मी प्रेम प्रकाश की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। मजदूर यूनियनों का यह धरना का कार्यक्रम 9:00 सुबह से 12:00 दिन तक चला। यूनियन के कार्यकर्ता चिल - चिल्लाती धूप में टेंट के नीचे बैठे रहे। झारखंड राज्य दिहाड़ी मजदूर यूनियन के महासचिव राजीव कुमार ने धरना में उपस्थित तमाम लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार नफरत, हिंसा और झूठ के आधार पर राजनीति करने वाली फासीवादियों की सरकार है। महिला पहलवानों ने भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर दुष्कर्म का आरोप लगाया और जिस प्रकार से इस आरोप के बाद प्रधानमंत्री खामोश रहे उससे यही प्रतीत होता है कि हमारा प्रधानमंत्री दुष्कर्म करने वालों के साथ के साथ खड़ा है। ऐसा प्रधानमंत्री देश को रसातल में ले जाएगा। धरना के दौरान अन्य वक्ताओं ने आंदोलनरत महिला पहलवानों के साथ एकजुटता जाहिर करते हुए कहा कि देश का प्रधानमंत्री श्रीमान मोदी जी झूठे हैं, दुराचारियों का साथ देने वाले हैं, महिला विरोधी हैं और संविधान विरोधी भी। क्योंकि महिला पहलवानों ने कुश्ती संघ के अध्यक्ष तथा भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। वह आरोपी नई संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में अपनी सीट पर बैठकर मुस्कुरा रहा था और मोदी जी उद्घाटन कार्यक्रम में राष्ट्रभक्ति होने का पाखंड रच रहे थे। दूसरी तरफ ठीक उसी दिन महिला पहलवानों के साथ दिल्ली पुलिस के द्वारा क्रूर अत्याचार किया जा रहा था। मोदी जी खामोश थे। इस धरना के माध्यम से वक्ताओं ने दुष्कर्म करने वाले बृजभूषण शरण को गिरफ्तार करने तथा महिला पहलवानों को न्याय देने की मांग कर रहे थे। वक्ताओं में रसोईया संघ के अनीता देवी, सीतापति देवी, सरोज देवी, मैना कुंवर उषा देवी, माले के नेता रामराज पासवान रामराज पासवान, कपिलदेव प्रजापति शामिल थे। इस क्रम में अध्यक्षता कर रहे प्रेम प्रकाश ने सच का साथ देने की अपील करते हुए इप्टा के संजीव कुमार संजू, घनश्याम कुमार, भोला एवं कपिल देव प्रजापति के साथ मिलकर झूठ से टक्कर लेने को सच्चाई जोश में आई है ये हक की लड़ाई है ये हक की लड़ाई गीत प्रस्तुत किया। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए युवा कवि घनश्याम कुमार ने महिला पहलवानों के समर्थन में एक कविता प्रस्तुत किया। कविता का शीर्षक था चीर हरण से सुशोभित संसद। कार्यक्रम के अंत में माले नेता रविंद्र भूईया ने धन्यवाद प्रेषित करते हुए धरना पर बैठे तमाम लोगों से अपील किया कि पाखंडी मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए अपनी एकजुटता कायम रखने की जरूरत है। आज जो हम सबों के दिल में मोदी सरकार के प्रति आग लगी है उसे आग को जिंदा रखना भी जरूरी है। इसी के साथ प्रेम प्रकाश ने महिला एकता जिंदाबाद, महिला पहलवानों को न्याय देना होगा और भाजपा सांसद बृज भूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करना होगा का नारा बुलंद करते हुए धरना कार्यक्रम का समापन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### टीआरआई में रचनात्मक लेखन कार्यशाला 15 से 22 जून तक

**रांच :** डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान (टीआरआई) मोरहाबादी में रचनात्मक लेखन कार्यशाला 15 से 22 जून तक आयोजित किया जायेगा। संस्थान के निदेशक रणेंद्र ने बताया कि कार्यशाला में देश के वरिष्ठ कथाकार, उपन्यासकार, कवि और नाटककार जिनमें एच सुलभ, महादेव टोप्पो, अश्विनी पंकज, वंदना टेटे, प्रोफेसर चौमुना बीनी तवार, अविनाश दास, अनिल यादव प्रोफेसर प्रमोद मीणा आदि शामिल हैं, लेखन के गुण सिखायेंगे। रणेंद्र ने बताया कि रचनात्मक लेखन एक कला है, जो सामान्य लेखन से भिन्न हैं। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागी पटकथा लेखन, यात्रा वृतांत, निबंध, जीवनी , आत्मकथाएं, संस्मरण , अनुवाद , उपन्यास लेखन की विधा को समझेंगे। इस कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की उम्र 21 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

### एडमिशन आयोग का अध्यक्ष समझ बैठी हैं काजल यादव : अजय

**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष काजल यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके क्रियाकलाप से महसूस हो रहा है कि वह झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष की जगह एडमिशन आयोग के अध्यक्ष बन बैठी हैं। उनके लगातार शहर के प्रतिष्ठित स्कूलों में एडमिशन को लेकर दबाव बनाए जाने की शिकायत मिल रही है यह कहीं से आयोग के प्रतिष्ठित पद के लिए उपयुक्त नहीं है। अजय राय ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस पूरे मामले पर संज्ञान ले ताकि स्कूलों के खिलाफ किए जा रहे भयादोहन पर रोक लग सके। अजय राय ने सभी प्राइवेट स्कूल के प्रबंधकों से आग्रह किया है कि इस तरह की हरकतों का वह विरोध करें उनके साथ झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन बराबर खड़ी है।

# झारखंड में अभी और सताएगी गर्मी, बढ़ेगा तापमान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में गर्मी अभी और सतायेगी। बढ़ते तापमान ने इसके संकेत भी दिए हैं। मौसम विभाग के अनुसार तेज धूप की वजह से उमस और गर्मी ज्यादा महसूस होगी। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस महीने आसमान साफ रहने की संभावना है।

तेज धूप परेशान करेगा और राज्य के कई हिस्सों में तापमान में बढ़त दर्ज की जा सकती है। तेज धूप की वजह से तापमान में बढ़त आएगी और आज तापमान पारा 42 डिग्री सेल्सियस के पार जाने की संभावना है। सुबह से ही राज्य के कई हिस्सों में तेज धूप खिली रहेगी। अभी कुछ दिनों में तापमान में गिरावट को लेकर कोई बड़ी राहत नजर नहीं आ रही है। तापमान इतना बढ़ेगा कि कई जगहों पर गर्म हवा होगी और लू चलने की भी संभावना है। इस दौरान राज्य में कहीं भी बारिश या आंधी की संभावना नहीं है। 13 जून के बाद मौसम फिर करवट ले सकता है। मौसम विभाग ने संकेत दिया है कि 13 जून तक झारखंड में गर्मी बढ़ेगी। तीखी धूप और उमस लोगों को परेशान करेगी। 13 जून की शाम को आसमान में बादल नजर आ सकते हैं। 14 जून से बारिश की संभावना है। इसके बाद लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। मई महीने में बीच में आयी कुछ दिनों की बारिश और बादल ने बड़ी राहत दी।

# रिटायर हुए सीसीएल कर्मियों को दी गई विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सीसीएल परिवार की ओर से उपस्थित वरिष्ठतम सेवानिवृत कर्मियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया गया**

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची से कुल 6 कर्मी - सर्वश्री/ दीपक कुमार वर्मा, विभागाध्यक्ष (वित्त), इंटरनल ऑडिट, अरूण कुमार जैन, प्रबंधक (कार्मिक), चिकित्सा विभाग, दुलारी रावत, मेट्रॉन (ए-1), गांधीनगर अस्पताल, राजेश प्रसाद सिन्हा, कार्यालय अधीक्षक, सुरक्षा एवं बचाव विभाग, परमेश्वर गौर, कैट-।।, नगर प्रशासन विभाग तथा रूपानी देवी, कैट-।, सेल्स एंड मार्केटिंग विभाग सेवानिवृत्त हुए। इनके सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मई माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 88 कर्मी सेवानिवृत्त हुए जिन्हें आज ससम्मान भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत कर्मियों द्वारा अपने-अपने कार्यानुभवों पर आधारित व्यक्त किए गए विचारों को एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) बनाकर 'सम्मान समारोह' के दौरान प्रदर्शित किया गया। सेवानिवृत कर्मियों ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे कंपनी निरंतर नयी उंचाईयों को छू रही है और हम इसके उत्तरोत्तर विकास की कामना करते हैं। मुख्यालय रांची में आयोजित सम्मान समारोह में सीएमडी पी.एम. प्रसाद ने अपने संबोधन में सीसीएल परिवार की ओर से उपस्थित वरिष्ठतम सेवानिवृत कर्मियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया और कहा कि आप सभी का योगदान अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय रहा है। उन्होंन सेवानिवृत कर्मियों के सपरिवार सुखी, स्वस्थ्य जीवन की कामना की।निदेशक तकनीकी (संचालन) राम बाबू प्रसाद ने कहा कि माह का यह अंतिम दिन हम सभी के लिए बहुत कष्टदायी लगता है जब कंपनी के अनुभवी एवं अमूल्य रत्न हमें छोड़कर सेवानिवृत हो जाते हैं। अपने संबोधन में सभी सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुये उनके सुखद भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र ने अपने संबोधन में सभी सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के जीवन के दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ्य जीवन की कामना किया और कहा कि कहा कि आप सभी अपने कार्यकाल में जहां भी पदस्थापित रहें वहां अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया, इसके लिए हम आभारी हैं।

निदेशक (वित्त) पी. के. मिश्रा, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) बी. साईराम एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने सेवा निवृत्त हो रहे कर्मियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि रिटायरमेंट के बाद आप सभी अपने आप को किसी अच्छे काम में व्यस्त रखें। उन्होंने ईश्वर से उनके अच्छे स्वास्थ्य की शुभेच्छा प्रकट की।

इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मियों के परिवारजन उपस्थित थे।

# ट्रैफिक थानेदार को किया गया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लालपुर ट्रैफिक थानेदार आलोक कुमार के पदभार ग्रहण करने के बाद झारखंड फुटपाथ संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने ट्रैफिक थाना प्रभारी से मुलाकात की और फूलों का बूके देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर लालपुर क्षेत्र के ट्रैफिक समस्याएं और जाम से निजात दिलाने पर बातें की। फुटपाथ पर इधर उधर दुकान लगाने वाले को उसके आवंटित दुकान में स्थापित कराने पर जोर दिया। इस अवसर पर अजीत नायक सहित कई लोग थे।

# भारत जोड़ों बुनकर जोड़ो मालेगांव में शामिल होंगे अनवार अहमद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारत जोड़ो बुनकर सम्मेलन में शामिल होने के लिए दी छोटनगपुर हैंडलूम एंड खादी वीवर्स लिमिटेड के चेयरमैन और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अनवार अहमद अंसारी महाराष्ट्र के मालेगांव जा रहे है।

कांग्रेस के अल्पसंखयक विभाग के केंद्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी इस बुनकर सम्मेलन के मुख्य अतिथि होंगे, इस से पहले 29.05.2023 को राँची के इरबा में भारत जोड़ो बुनकर संवाद की शुरूआत हुई थी। कांग्रेस बुनकरों को जोड़ने के लिए व उनके समस्याओं को हल करने के लिए बुनकरों से संवाद एवम सम्मेलन कार्यक्रम कर रही है।



अनवार अहमद अंसारी ने बताया कि इमरान प्रतापगढ़ी ने उन्हें भारत जोड़ो - बुनकर संवाद एवं सम्मेलन में शामिल होने के लिएविशेष तौर पर आमंत्रण भेजा है।

# होमगार्ड अवधेश कुमार दुबे हुए सेवानिवृत्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) कार्यालय में कार्यरत होमगार्ड अवधेश कुमार दुबे की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर जिला दंडाधिकारी, राँची (विधि व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक, कार्यालय प्रधान लिपिक, अभिषेक कुजूर, बीरेंद्र कुमार, महीउद्दीन अंसारी, अशोक कुमार वर्मा, पंकज कुमार, मो. एहसान अंसारी, सागर नाथ महतो, प्रमिला कुमारी ने सेवानिवृत्त अवधेश कुमार दुबे को सम्मानित करते हुए बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक ने अवधेश कुमार दुबे को शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।विदाई समारोह के दौरान अपर जिला दंडाधिकारी, राँची (विधि व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक सहित अन्य पदाधिकारी/कर्मियों ने अवधेश कुमार दुबे के साथ अपने कार्यानुभव साझा किये। अवधेश कुमार दुबे 29 वर्ष की सेवा के पश्चात आज सेवानिवृत्त हुए। अवधेश कुमार दुबे ने भी सेवाकाल के दौरान पदाधिकारी/कर्मियों के साथ बिताए क्षण को याद किया और अपने अनुभव साझा किए। सेवानिवृत्ति पर मिले सम्मान पर उन्होंने सभी को धन्यवाद दिया।

# आप सुरक्षित तो आपका परिवार सुरक्षित: मधुसूदन मोदक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुरूवार को डेलीमार्केट थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर बड़ा तालाब, दुर्गा मंदिर के पास एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया । इस दौरान उक्त सड़क से गुजरने वाले प्रत्येक दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की जांच की गई । हालांकि जांच के दौरान पुलिस को कोई विशेष सफलता हाथ नहीं लगी है । मौके पर



पुनि सह थाना प्रभारी प्रभारी मधुसूदन मोदक ने कहा कि एंटी क्राइम चेकिंग के तहत मुख्य तौर पर वाहनों के साथ ले जाए जाने वाले सामानों की जांच की जाती है । इसके साथ ही वाहनों के कागजात व हेलमेट की भी चेकिंग की जाती है । थाना प्रभारी मोदक ने बाइक चालकों से हेलमेट पहनने की अपील करते हुए कहा कि आप अपने परिवार के लिए अनमोल है, आप सुरक्षित तो आपका परिवार सुरक्षित।

इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट पहन कर चले, शराब का सेवन कर कोई भी वाहन न चलाये, गाड़ी रोककर मोबाइल का प्रयोग करे। इस अभियान में उनके साथ पुअनि प्रदीप केशरी, सअनि अनिल टोप्पो एवं पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# अधिसूचित क्षेत्र के जिला स्तरीय नियोजन में ओबीसी आरक्षण लागू हो : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि, झारखण्ड में अधिसूचित क्षेत्र के सात जिलों में जिला स्तरीय नियोजन में सरकार को अविलम्ब अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) के उम्मीदवारों के लिये आरक्षण नियमों को लागू करना चाहिए। तिर्की ने कहा कि अभी वर्तमान स्थिति में झारखण्ड के सात जिले, लातेहार, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम और दुमका जिले में अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के लिये किसी भी आरक्षण का प्रावधान नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आग्रह किया कि जमीनी आवश्यकताओं के अनुरूप झारखण्ड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की अनुशंसा के अनुसार इन सात उल्लेखित जिलों में अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) को संविधान के तहत प्रावधानित आरक्षण प्रदान किया जाये और इसके तहत इन जिलों में भी जिला स्तरीय पदों पर नियोजन के लिए सरकार को नये सिरे से आरक्षण रोस्टर लागू करना चाहिये जिससे इस वर्ग के अहर्ता पूरी करनेवाले उम्मीदवारों को आरक्षण रोस्टर प्रणाली के अनुसार लाभ मिल सके.

कांग्रेस नेता ने कहा कि, झारखण्ड विविधताओं से भरा वैसा प्रदेश है जहाँ अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति के साथ ही अन्य पिछड़े वर्ग के लोग भी बड़ी संख्या में रहते हैं साथ ही आवश्यक सामाजिक और आर्थिक मापदंडों के आधार के अलावा संवैधानिक प्रावधानों के तहत भी यह बहुत



जरूरी है कि बिना किसी भेदभाव या पूर्वाग्रह के सभी जातियों, वर्ग और समुदायों को उनका न्यायोचित अधिकार मिले जिससे सभी को समान अवसर उपलब्ध हो सके।

# वाईबीएन यूनिवर्सिटी में हंगामा और तोड़फोड़ मामले में छात्रों को भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नामकुम थाना अंतर्गत राजाउलयातू गांव स्थित वाईबीएन यूनिवर्सिटी में चल रहे डिप्लोमा इन फार्मेसी की परीक्षा में शामिल होने आए परीक्षार्थियों ने बुधवार को जमकर हंगामा और तोड़ फोड़ किया। परीक्षार्थियों ने विवि परिसर में जमकर तोड़फोड़ की। उन्होंने रिसेप्शन में रखें टेबल, कुर्सी, क्लास की खिड़की के शीशे, परिसर में खड़े कार एवं बस के शीशे क्षतिग्रस्त कर दिया था, वहीं पत्थरबाजी में कई पुलिस के जवानों को चोट आई। जिसके बाद पुलिस ने हंगामा कर रहे परीक्षार्थियों पर लाठीचार्ज कर दिया। लाठीचार्ज से सभी इधर उधर भागने लगे। इसमें कुछ छात्रों की गिरफ्तारी भी हुई जिसे गुरुवार को जेल भेज दिया गया।जेल जाने वाले में रकीब, राजेन्द्र नाथ, मुकुल वर्मा, आमी कुमार, कुणाल सिन्हा, ऋषिकेश राज, नौलीनिकान्त,मंजीत सिंह, मोहम्मद अनम, अब्दुल कुदुस अंसारी, शशि भूषण गुप्ता, शैयद शाकिब सत्यम कुमार सिंह है।

### भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. आशा लकड़ा की माता का निधन



**रांची :** रांची रिम्स में इलाजरत भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. आशा लकड़ा की माता वीणा देवी का बुधवार रात करीब दो बजे निधन हो गया। जानकारी के अनुसार अंतिम संस्कार गुमला के कोटाम स्थित पैतृक गांव चुहरू में किया जाएगा । उनके निधन पर भाजपा सहित अन्य दलों के कई नेताओं ने शोक जताया है।

# विश्व दुग्ध दिवस पर कार्यशाला आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड रांची के तत्वाधान में राज्य - प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, रांची के सौजन्य से प्रशिक्षण सभागार में विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर ÷स्वास्थ्य के लिए दूध का महत्त्व विषय पर राज्य के प्रगतिशील दुग्ध उत्पादकों के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अपर सचिव विधान चन्द्र चौधरी थे। कार्यक्रम में पूरे राज्य के लगभग सभी जिलों से प्रगतिशील दुग्ध उत्पादक उपस्थित थे। सर्वप्रथम सभी आगत अतिथियों का स्वागत पौधा प्रदान कर किया गया। मंच का संचालन मिथिलेश




प्रसाद सिंह, सेवानिवृत्त गव्य तकनीकी पदाधिकारी द्वारा किया गया स्वागत भाषण डा0 मनोज कुमार तिवारी, उप निदेशक (गव्य)-सह-मुख्य अनुदेशक द्वारा किया गया उनके द्वारा जानकारी कि हिन्दुस्तान पूरे विश्व में सबसे ज्यादा दुग्ध उत्पादन करता है, परन्तु प्रति व्यक्ति दूध का उपलब्धता कम है, फलत इस क्षेत्र में काफी लम्बा गैप है एवं इसपर अभी काफी कार्य किया जाना है। वर्तमान में झारखण्ड सरकार के सौजन्य से कई योजनायें पशुपालकों के लिए चलाई जा रही है, जिसमें खासकर मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का नाम उल्लेखनीय है। डा0 नन्दनी कुमारी, सहायक प्राध्यापक, रांची पशुचिकित्सा महाविद्यालय के द्वारा स्वास्थ्य के लिए दूध महत्त्व को विस्तृत रूप से बतलाया गया। उन्होंने दूध के प्रत्येक अवयव के बारे में एवं उनकी गुणवत्ता के बारे में बतलाया दूध के लिए देशी गाय से उत्पादित दूध जिसे॒2 के नाम से जाना जाता है उसकी महत्ता पर भी प्रकाश डाला। सेवानिवृत्त सहायक निदेशक (गव्य) रवीन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा स्वास्थ्य के लिए दूध की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि चाहे संकर नस्ल की गाय हो या देशी सभी का दूध॒2 श्रेणी में आता है, साथ ही उनके द्वारा यह भी बतलाया गया कि दुधारू पशुओं को संतुलित पशु आहार ही देने का प्रयास करें।

# अर्बन हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर का हुआ उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 15 वे वित्त आयोग के अनुशंसा के आलोक में रांची नगर निगम के अंतर्गत कुल 24 स्थानों पर अर्बन हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर का संचालन किया जाना है । इस निमित्त कुल 5 केंद्रों का शुभारंभ गुरुवार को किया गया । इस क्रम में नगर निगम के आयुक्त शशि रंजन के द्वारा वार्ड संख्या 7 के गाड़ीगांव पहन टोली स्थित अर्बन हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर का उद्घाटन किया गया । मौके पर नगर आयुक्त ने कहा है कि रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत कुल 5 अर्बन हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर का शुरुआत किया जा रहा है और जल्द ही शेष 19 अर्बन हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि अर्बन हेल्थ सेंटर का संचालन कुल 24 स्थानों पर किया जाना है , जहां आम नागरिक सामान्य बीमारी के इलाज के लिए आ सकते हैं। बुनियादी स्वास्थ्य से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। इस मौके पर बताया कि मुख्य रूप से स्वास्थ्य सेंटर में गर्भावस्था और बच्चे के जन्म के पहले एवं जन्म के



बाद और शिशु स्वास्थ्य देखभाल, बालपन और किशोर स्वास्थ्य देखभाल, परिवार नियोजन गर्भनिरोधक सेवाएं और अन्य प्रजनन स्वास्थ्य विभाग राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों सहित संचारी रोगों का प्रबंधन , सामान्य संचारी रोगों का प्रबंध और साधारण बीमारियों और छोटी बीमारियों के लिए पेशंट देखभाल सहित बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल बुजुर्ग और उप स्वास्थ्य विभाग आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध रहेगी। मौके पर उप नगर आयुक्त रजनीश कुमार, सहायक नगर आयुक्त ज्योति कुमार सिंह, सहायक लोक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ किरण कुमारी , डॉ विनोद कुमार एवं रांची नगर निगम के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रांची के होटवार में चौथी राष्ट्रीय रैंकिंग रोलर रोड स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** चौथी राष्ट्रीय रैंकिंग रोलर रोड स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता एक जून से 5 जून तक होटवार में खेली जाएगी। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के शुरू होने से पहले प्रतिभागियों के लिए अभ्यास सत्र 30 और 31 मई को रखा गया था।देश के सभी राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों से इस प्रतियोगिता में लगभग 1200 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।प्रतिभागियों के लिए अभ्यास सत्र अलग-अलग राज्यों के लिए अलग-अलग समय निर्धारित किया गया था। 30 और 31 मई को तड़के सुबह 5 बजे से 9 बजे तक झारखंड, आंध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, केरेला, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर,



राजस्थान, बिहार और चंडीगढ़ के प्रतिभागियों ने अभ्यास सत्र में भाग लिया जबकि शाम 5 बजे से 9~30 बजे तक कर्नाटका, तेलांगना, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिसा, तमिलनाडु, गोवा, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, पंजाब आदि राज्यों ने अभ्यास सत्र में भाग लिया.

## नाबालिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लड़की के पिता ने अपनी बेटी के मौत के लिए गोलू अंसारी नाम के लड़के को जिम्मेदार बताया है। लड़की के पिता सोनू राम ने खलारी थाना को लिखित शिकायत दिया है। बताया कि बीते बुधवार की रात 9:00 बजे गोलू अंसारी मेरे घर आया, जिसके बाद हमारी बेटी से बातचीत करने लगा। गोलू अंसारी ने मेरी बेटी से नाम बदलकर दोस्ती बढ़ाई थी। और मेरी बेटी से दो वर्ष पहले खलारी के पहाडी मंदीर में शादी किया था। इस बीच मेरी बेटी का एक साल का बेटा भी है, साथ ही उन्होंने लिखा है कि गोलू अंसारी आये दिन मेरी बेटी के साथ शारिरिक शोषण करता था और मेरी बेटी को धर्म बदले का भी दवाब दिया करता था। वही घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया और आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

## राज्य स्तरीय विशाल रैली प्रदर्शन 6 जून को

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिहार कोलयरी कामगार यूनियन की एक बैठक डकरा दुर्गा मंडप में किया गया। बैठक की अध्यक्षता इरफान खान ने किया। बैठक में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) ने असंगठित संगठित मज़दूरों की समस्याओं पर चर्चा की गयी गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि सीटू झारखण्ड राज्य कमिटी के निर्णय के अनुसार 6 जून को राँची में श्रम भवन के सामने 14 सूत्री माँगो को लेकर तथा केंद्र सरकार की मज़दूर विरोधी नीतियों के खिलाफ़ राज्य स्तरीय विशाल रैली प्रदर्शन में एन.के एरिया से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। 14 सूत्री मांग जो इस प्रकार :- ठेका मज़दूर,अस्थायी आउटसोर्स एवं अनुबंधित कामगारों का नियमितीकरण,समान काम के लिए समान वेतन,मनरेगा के आवंटन में विर्धि,परियोजना कर्मियों,जिआईजी कामगार एवं प्रवासी मज़दूर के लिए क़ानूनी तथा सामाजिक सुरक्षा,शहरी रोज़गार गारंटी योजना,अस्थायी काम के ठेकाकरण पर रोक आदि माँगें शामिल हैं।

## पहले सरकार टेट की परीक्षा ले फिर शिक्षकों की नियुक्ति करे : संजय महतो

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के सलगाडीह निवासी और झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय महतो ने शिक्षकों की बिना टेट परीक्षा आयोजित किए नियुक्ति के फैसले का विरोध किया है। ज्ञात हो कि झारखंड कैबिनेट द्वारा झारखंड के प्रारंभिक स्कूलों मे सहायक अध्यापक संवर्ग नियुक्ति , प्रोन्नति, व सेवा शर्त ( संशोधन) नियमावली 2023 को मंजूरी दी गई. अब झारखंड के प्राथमिक विद्यालय एवं मध्य विद्यालयों में लगभग 50000( पचास हजार) शिक्षकों की नियुक्ति होगी. झारखंड राज्य में सहायक आचार्य की नियुक्ति पुराने वेतनमान 9300- 34800 और ग्रेड पे 4200 पर नहीं होगी. इनकी नियुक्ति 5200 - 20200 के वेतनमान व 2400 - 2800 के ग्रेड पे पर होगी. इस आधार पर प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्ति होने वाले सहायक आचार्य को 26 हजार और मध्य विद्यालयों में नियुक्ति होने वाले सहायक आचार्य को 28 हजार का वेतन मिलेगा. जबकि पुराने वेतनमान वाले सहायक शिक्षकों को नियुक्ति के समय 40 हजार रुपये मिलते थे. शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने के लिए टेट ( ञ्जश्वञ्ज) पास करना अनिवार्य है. आज तक झारखंड अलग राज्य बनने के बाद मात्र दो बार वर्ष 2013 एवं 2016 में टेट परीक्षा ली गई है. जबकि झारखंड में प्रत्येक वर्ष टेट परीक्षा लेनी है. झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय महतो ने इस नियुक्ति नियमावली का विरोध किया है.

## पानी को हम जितना ज्यादा बचाएंगे उतना ही ज्यादा हमारा विकास होगा : निधि खरे

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत सरकार के उपभोक्ता एंव संरक्षण मामले के सचिव निधि खरे उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, वैज्ञानिक सुधांशू कुमार मोहंती ने इटकी प्रखंड के सेमरा गांव में भूमि संरक्षण से तालाब जीर्णोद्धार का निरीक्षण किया। इस क्रम में पौधोरोपन भी किया गया। इससे पूर्व आयोजित समारोह में जल संचयन व संरक्षण की शपथ दिलाई गई। मौके पर केंद्रीय सचिव निधि खरे ने लाभुकों से तालाब निर्माण से फायदे से सम्बंधित कई प्रश्न किये। जिसपर किसानों ने बारी बारी से तालाब जीर्णोद्धार के बाद मछली , बतख पालन, पटवन, की सुविधाएं होने से किसानों के आय में वृद्धि होने की जानकारी साक्षा किय्या। साथ ही किसानों ने प्रत्येक पंचायत गांव में ऐसा ही तालाब का निर्माण कराने का प्रस्ताव दिया। श्रीमती खरे ने सेमरा में सुनील तिर्की के बिरसा हरित आम बागवानी का निरीक्षण भी किया और आम का पौधारोपण किया सचिव उपभोकता एवं संरंक्षण मामले भारत सरकार निधिखरे।

## जल मीनार का हाल बेहाल

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखण्ड के सिंगपुर लोहरा बस्ती मे तीन साल पहले एक जल मीनार लगाया गया था जिससे 20 से 22 परिवारों को पानी मिल सके लेकिन गर्मी का मौसम आने के पहले ही जल मीनार से पानी निकलना बंद हो जाता है! इस गांव मे एक चापाकल भी है लेकिन वह भी काम नहीं करता है! बस्ती के लोग पानी के पीने के लिए कड़ाके की धुप मे इधर उधर भटकते है! ग्रामीणों का कहना है की जल मीनार बैठाने के बाद एक बार भी यहाँ के जनप्रतिनिधि जांच के लिए नहीं आते है की गांव मे पानी मिल रहा है की नहीं,सिर्फ दिखावा के लिए यह जल मीनार लगाया गया है!तीन सालों से इस जल मीनार का यही हाल है! इस बस्ती मे पानी की सही व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीण परेशान है!

## डीएवी पब्लिक स्कूल में फाउंडेशन डे मनाया गया

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल सिल्ली में गुरुवार को डीएवी फाउंडेशन डे मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन के साथ प्रारंभ हुआ। डीएवी के आदर्शों एवं मूल्य को कविता एवं वाचन के द्वारा प्रस्तुत किया गया। आर्य समाज के मूल्यों एवं आदर्शों पर आधारित नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। जिसमें मुख्य प्रतिभागी आर्यन सिंह, सुमेधा, संगीता एवं रिशु रहे विद्यालय की प्राचार्य वी.सरण एवं अतिथि गण मोती लाल महतो, अरूप बोस, मंच संचालिका ज्योति सिंह एवं शिक्षक शिक्षिका तथा शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वच्छता जन जागरुकता अभियान चलाया गया

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के जरिया स्थित पॉवर ग्रिड के द्वारा स्वछता पखवाड़ा के अंतर्गत उपकेन्द्र प्रभारी कुमार अभिषेक एवं मुख्य प्रबंधक साइमन सोरेन के नेतृत्व में कर्मचारियों ने कई गांवो में चलाया स्वच्छता जन जागरुकता अभियान। शुरुआत उपकेंन्द्र के परिसर व मेन गेट के बाहर सफाई अभियान चलाया। साथ ही लाइफ मिशन अवेरनेस के कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा के उद्देश्यों एवं व्याक्तियगत स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक किया।

# पिपरवार में सीटु के बैनर तले अंसगठित मजदूरों ने किया प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा साईडिगं मे कार्यरत अंसगठित मजदूरो की विभिन्न मांगो को लेकर श्रमिक संगठन सीटु द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।बचरा साईडिंग मे काम करने वाले अंसगठित मजदूरो ने सीटु के एरिया सचिव इस्लाम अंसारी के नेतृत्व मे पिपरवार जीएम ऑफिस के समक्ष जोरदार प्रदर्शन कर प्रबंधन को तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा।सौपे गये मांग पत्र मे बचरा साईडिगं मे काम करने वाले मजदूरो को न्युनतम मजदूरी का भुगतान करने, पूर्व की तरह पेमेन्ट स्लीप देने और फार्म ई मे मजदूरो का हाजिरी बनाने की मांग की गई है।इस विरोध प्रदर्शन



के दौरान उपस्थित मजदूर और यूनियन के लोगों ने प्रबंधन और कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस संबंध मे सीटु के एरिया सचिव इस्लाम अंसारी ने बताया कि बचरा साईडिगं मे काम करने वाले मजदूरो को पूर्व मे यह सभी सुविधा मिलती थी,लेकिन अब नयी कम्पनी द्वारा साईडिगं का काम लिया गया है,कम्पनी द्वारा मजदूरो के सुविधा मे कटौती की जा रही है।बचरा साईडिगं में हाई पावर कमेटी के नियमो की धज्जियां उड़ाई जा रही है।प्रबंधन और कम्पनी मजदूरो का शोषण कर रही है,जिसे किसी भी कीमत मे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि अभी प्रबधंन को तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा गया है,यदि मांगे पूरी नहीं हुई तो 15 जून से बचरा साईडिगं को बंद कराया जाएगा,इसके बाद भी मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।उन्होंने सभी मजदूरो से एकजुट होकर संघर्ष को तेज करने का आहवान किया।इस मौके पर इस्लाम अंसारी, गुरूदयाल सिंह,शमशुल होदा,रूखसार आलम, मुंशी महतो,हैदर अली, दिलिप चौधरी,सुरैश गोप,लटन महतो,चैता महतो,गोबिन्द महतो सहित कई लोग मौजुद थे।

## राजस्व उपनिरीक्षक को एसीबी की टीम ने घूस लेते किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिले के खूंटी अंचल के हल्का संख्या तीन के राजस्व उपनिरीक्षक अरविंद बिहारी दास को एंटी करप्शन ब्यूरो ने रंगे हाथ किया गिरफ्तार! बताया जा रहा है कि खूंटी अंचल के हल्का संख्या तीन के राजस्व उपनिरीक्षक अरविंद बिहारी दास द्वारा एक व्यक्ति से जाति और आवासीय प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर रूपये की मांग की जा रही थी जिस बात को लेकर पीड़ित ने एसीबी में इसकी शिकायत की जिसके बाद एसीबी की टीम द्वारा योजना बद्ध तरीके से राजस्व उपनिरीक्षक अरविंद बिहारी दास को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ धर दबोचा और खूंटी से एसीबी कार्यलय रांची ले गया।

बताते चलें की इस उपनिरीक्षक का कार्य क्षेत्र बिरहु, गुटजोरा, हुटार,सिलादोंन आदि पंचायतों में था जो कुछ दिन बाद रिटायर्ड होने वाला था लेकिन इसी बीच रिश्वत लेते हुए एसीबी की टीम ने उसे धर दबोचा।

## सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य ने किया सीएचपी सीपीपी परियोजना का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य सह जनता मजदूर संघ के सचिव रविन्द्रनाथ सिंह ने पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी परियोजना का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होने कोयला खनन के कार्य में आउटसोर्सिंग कंपनियों में कार्यरत कोयला कामगारों का एचपीसी वेजेज,सिक,लीव एवं रेस्ट का भुगतान करने सहित मजदूरों की सुविधा को लेकर कई प्रकार की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईएल की अविलंब भुगतान करने,सभी स्टीच्युटरी फार्म एबीडीई भरने तथा एचपीसी वेजेज के 25 दिनो का भुगतान का निर्देश दिया।साथ ही सीएमपीएफ राशि की कटौती,सीएमपीएफ विभाग में वाउचर वेरिफिकेशन करने,कोयला कामगारों के वेलफेयर कार्यों को करने को लेकर प्रशिक्षण देने एवं परियोजना में वेलफेयर



अधिकारी की नियुक्ति करने का निर्देश दिया।सभी स्थानों पर अग्निशामक यंत्र एवं उसके चालन हेतु कामगारों को प्रशिक्षण देने की भी सलाह देते हुए भीषण गर्मी को देखते हुए सीएचपी/सीपीपी परियोजना में कार्यरत कोयला कामगारों को शुद्ध पेयजल व्यवस्था कराने की मांग की।निरीक्षण के दौरान पिपरवार एरिया सेफ्टी ऑफिसर मुकेश तोषण , सीएचपी परियोजना सेफ्टी ऑफिसर रवि कुजुर सहित अन्य लोग मौजुद थे।

## भारतीय जनता पार्टी ने किया कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी रांची जिला ग्रामीण द्वारा विकाशद्धतीर्थ नौः साल बेमिसाल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण की शुरुआत हुई जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो के अध्यक्षता में अनगड़ा मंडल साल्हन पंचायत साल्हन गांव मे अनगड़ा और ओरमांझी को जोड़ने वाली पुल के समीप कार्यक्रम आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद माननीय आदित्य प्रसाद साहू थे विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रामकुमार पाहन , पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार , जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा



, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी जी थे। कार्यक्रम में अनगड़ा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो , जिला महामंत्री नरेंद्र कुमार , जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल बड़ाइक , जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा , मंडल महामंत्री सुनील महतो , युवा मोर्चा के विक्रांत तिवारी , डा रिझू नायक , नरेश साहू , रोहित साहू ,अगमलाल महतो , विवेक कुमार , शशि , जागेश्वर महतो, जयशंकर मुंडा , गौरीशंकर मुंडा , राजू प्रमाणिक दुर्गा महतो , ओरमांझी मंडल महामंत्री अलखनाथ महतो , धनीराम महतो , बिमला चौधरी शिबू मुंडा, विजय करमाली, रोहित करमाली, बिरजा मुंडा , तृतराज चौधरी, रामपद चौधरी, हरिहर महतो , विश्वनाथ मिश्रा , सोनू महतो , सिकन्दर अंसारी उपस्थित थे ।

## मुखिया फ्रांसिस्का मिंज ने पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के खत्री खटंगा गांव के मंदिर टोली में गुरूवार को कराँजी पंचायत के मुखिया फ्रांसिस्का मिंज ने 15वें वित्त योजना के अंतर्गत बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण और छठ तलाब सिढ़ी निर्माण का शिलान्यास किया। मौके पर मुखिया फ्रांसिस्का मिंज ने कहा कि यह सड़क गांव के मुख्य सड़कों में से एक है, जो कच्ची होने के कारण बरसात के मौसम में पानी जम जाता था और किचड़ हो जाता था। जिससे लोगों को अवागमन में परेशानी होती थी। अब सड़क के बन जाने से अवागमन में सुविधा होगी। वहीं छठ तलाब सिढ़ी निर्माण छठ व्रतियों को सुविधा होगी। मुखिया ने उपस्थित



ग्रामीणों से कहा कि ये सड़क आपका है, इसका देखरेख भी आप ही को करना है, निर्माण सही तरीके और गुणवत्तपूर्ण हो। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बबलु खान, उपमुखिया रमेश तिर्की, पंचायत सचिव अमित केरकेट्टा, वार्ड सदस्य संगीता देवी, आरती देवी, कुणाल टंडन, अमन टंडन सहित कई लोग उपस्थित थे।


झारखण्ड सरकार

झारखण्ड ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन समिति

स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग,झारखण्डनामकुम,राँची

फोन न0– 0651–2261000 मेल आई0डी0–nhmjharkhand2018@gmail.com

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सं0:–NHM/Nam/08/2023 दिनांक:–01/06/2023

झारखण्ड ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार, नामकुम, राँची कार्यालय परिसर में होने वाले प्रशिक्षण, कार्यशाला, कक्षायें, बैठक, कानफ्रेन्स इत्यादि हेतु अनुभवी कैटररों से तकनीकी एवं वित्तीय निविदा आमंत्रित करती है। उक्त निविदा दस्तावेज को Website- http://jharkhandtenders.gov.in से प्राप्त एवं उसी के माध्यम से जमा किया जा सकता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | खानपान (Catering) |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रपत्र website पर प्रकाशन की तिथि | 02/06/2023 |
| 2. | Pre bid बैठक की तिथि | 06/06/2023 समय पूर्वाह्न 11:00 बजे |
| 3. | निविदा जमा (upload) करने की तिथि | 23/06/2023 समय अपराह्न 02:00 बजे तक |
| 4. | तकनीकी भाग खोलने की तिथि | 26/06/2023 समय अपराह्न 02:30 बजे |
| 5. | निविदा शुल्क तकनीकी निविदा के साथ | Rs. 500.00 (पाँच सौ) अप्रत्यर्णीय |
| 6. | अग्रधन राशि तकनीकी निविदा के साथ | Rs.50,000.00 (पचास हजार) प्रत्यर्णीय |

अन्य नियम व शर्तें निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती है।

नोट:– निविदा शुल्क एवं अग्रधन राशि के डिमान्ड ड्राफ्ट के अलावा कोई भी दस्तावेज Hard Copy के रूप में कार्यालय द्वारा प्राप्त नहीं किया जाएगा।

राज्य नोडल पदाधिकारी
प्रॉक्योरमेन्ट कोषांग
झारखण्ड ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड

PR 298889 Jharkhand Rural Health Mission Society(23-24).D



कार्यपालक अभियन्ता राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह का कार्यालय

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 05/2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह ।
2. परिमाण विपत्र बिकी की तिथि :– क्रमांक 01 से 08 तक दिनांक 21.06.2023 एवं क्रमांक 09 से 15 तक दिनांक 22.06.2023 को 10.30 बजे पूर्वाह्न से 3.00 बजे अपराह्न तक।
3. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, रा0 ग्रा0 नि0 कार्यक्रम, गिरिडीह ।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 24.06.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि:– दिनांक 24.06.2023 को 3.30 बजे अपराह्न।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान:– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, रा0 ग्रा0 नि0 कार्यक्रम, गिरिडीह ।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1 | देवरी | देवरी प्रखंड के ग्राम पंचायत हरियाडीह के ग्राम हरियाडीह में दारा हजरा घर के बगल में पुस्तकालय भवन निर्माण। | 20,73,300.00 | 41,500.00 | 5,000.00 | छः माह |
| 2 | देवरी | देवरी प्रखंड के ग्राम पंचायत खटौरी के चारो हांसदा के घर के पास पुलिया निर्माण। | 2,04,800.00 | | | |
| | देवरी | देवरी प्रखंड के ग्राम पंचायत हरियाडीह मे विजय के पुराना घर के पास पुलिया निर्माण। | 2,06,500.00 | | | |
| | देवरी | देवरी प्रखंड के ग्राम पंचायत हरियाडीह में ग्राम डुमरबकी में गणेश यादव के जमीन के पास पुलिया निर्माण। | 2,06,500.00 | | | |
| | देवरी | देवरी प्रखंड के ग्राम पंचायत हरियाडीह में अनिल कुमार पासवान के जमीन पर पुलिया निर्माण। | 2,06,500.00 | | | |
| | देवरी | देवरी प्रखंड के ग्राम पंचायत हरियाडीह के सुतीपीटर घर से मेन रोड तक पी0 सी0 सी0 पथ निर्माण। | 3,39,000.00 | | | |
| | | कुलः– | 11,63,300.00 | 23,300.00 | 2,500.00 | तीन माह |
| 3 | गिरिडीह | गिरिडीह प्रखंड के ग्राम पंचायत करहरबारी के ग्राम नावाटांड में चबुतरा एवं शेड निर्माण (मजार शरीफ के निकट) | 6,20,400.00 | 12,500.00 | 1,250.00 | दो माह |
| 4 | गिरिडीह | गिरिडीह प्रखंड के ग्राम पंचायत महेशलुण्डी के ग्राम तिनकोनिया में ओपेन कास्ट रोड से नदी तक एवं यात्री शेड से शाद मोहम्मद के घर तक पी0 सी0 सी0 एवं नाला में पुलिया ढक्कन सहित निर्माण कार्य। | 24,94,800.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | तीन माह |
| 5 | गिरिडीह | गिरिडीह प्रखंड के ग्राम पंचायत महेशलुण्डी के ग्राम महेशलुण्डी में उत्क्रमित मध्य विद्यालय के समीप सामुदायिक भवन निर्माण (महिला मंडल) | 20,64,000.00 | 41,300.00 | 5,000.00 | छः माह |
| 6 | गिरिडीह | गिरिडीह प्रखंड के ग्राम पंचायत जीतपुर के ग्राम जीतपुर में मंसुर अंसारी के घर के निकट पुस्तकालय भवन निर्माण | 6,70,600.00 | 13,500.00 | 1,250.00 | तीन माह |
| 7 | गिरिडीह | गिरिडीह प्रखंड के ग्राम पंचायत पहाड़पुर के ग्राम महेशपुर में प्रदीप मंडल के घर से पप्पू मंडल के घर तक पेभर ब्लॉक निर्माण | 5,53,200.00 | 11,100.00 | 1,250.00 | तीन माह |
| 8 | गिरिडीह | गिरिडीह प्रखंड के ग्राम पंचायत कहरबारी के ग्राम खरियोडीह में मुख्य सड़क से नावाटांड होते हुए नगरवा पत्थर तक पी0 सी0 सी0 पथ निर्माण। (आदिवासी एवं अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्र) | 24,88,600.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | तीन माह |
| 9 | गाण्डेय | गाण्डेय प्रखंड के ग्राम पंचायत बरमसिया–1 के ग्रम पिपराटोल में एक कमरा निर्माण | 8,74,900.00 | | | |
| | गाण्डेय | गाण्डेय प्रखंड के ग्राम पंचायत बरमसिया–1 के ग्रम कुसैया में एक कमरा निर्माण | 8,74,900.00 | | | |
| | | कुलः– | 17,49,800.00 | 35,000.00 | 5,000.00 | चार माह |
| 10 | धनवार | धनवार प्रखंड के ग्राम पंचायत बरजो के ग्राम सियारी में किशोर यादव के घर से नारायण यादव के मोड़ तक पी0 सी0 सी0 पथ निर्माण। | 7,27,500.00 | 14,600.00 | 1,250.00 | दो माह |
| 11 | धनवार | धनवार प्रखंड के ग्राम पंचायत कैलाढाब के ग्रम सलैयडीह के खोदखोदवा के पास पुलिया एवं गार्डवाल निर्माण। | 11,28,700.00 | 22,600.00 | 2,500.00 | तीन माह |
| 12 | धनवार | धनवार प्रखंड के ग्राम पंचायत हेमरोडीह के ग्राम माधोपुर पी0डब्लु0डी0 रोड़ से श्यामलाल राणा घर तक अहरी में गार्डवाल निर्माण। | 27,59,400.00 | 55,200.00 | 5,000.00 | तीन माह |
| 13 | तिसरी | तिसरी प्रखंड अन्तर्गत +2 उच्च विद्यालय, तिसरी बरहमसिया में स्मार्ट क्लास का निर्माण। | 16,18,900.00 | 32,400.00 | 5,000.00 | चार माह |
| 14 | तिसरी | तिसरी प्रखंड अन्तर्गत +2 उच्च विद्यालय, तिसरी बरहमसिया में गर्ल्स कॉमन रूम का निर्माण। | 1543900.00 | 30,900.00 | 5,000.00 | चार माह |
| 15 | तिसरी | तिसरी प्रखंड के ग्राम पंचायत बेलवाना के ग्राम खोरो में आर0ई0ओ0 रोड से UMS विद्यालय खोरो तक पी0 सी0 सी0 पथ निर्माण। | 3,57,600.00 | 7,200.00 | 750.00 | दो माह |

निविदा की शर्ते कार्यपालक अभियन्ता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह, कार्यालय के सूचना पट्ट एवं गिरिडीह जिला के website www.giridih.nic.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह

PR 298857 NREP(23-24).D


# एनके एरिया से एक अधिकारी सहित 13 कामगार हुए सेवानिवृत्त, सम्मान समारोह आयोजित कर दी गई विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सीसीएल एनके एरिया के विभिन्न यूनिट से एक अधिकारी सहित कुल 13 कामगार सेवानिवृत्त हुए। इन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान में डकरा वीआईपी सभाकक्ष में सम्मान समारोह आयोजित कर सभी को विदाई दी गई। इस मौके पर एरिया के जीएम संजय कुमार कार्मिक विभाग के अधिकारी यूनियन प्रतिनिधियों ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को श्रीफल अंग वस्त्र सेवा प्रमाण पत्र और उपहार देकर



सम्मानित किया। इस मौके पर महाप्रबंधक ने कहा कि आज कंपनी से 13 अनमोल अनुभवी एवं कर्मठ श्रम वीरों का सेवानिवृत्त होना वर्तमान में भरपाई नहीं हो सकती है, किंतु नौकरी के जीवन काल में नियुक्ति, स्थानांतरण एवं सेवानिवृत्त एक चक्र के समान चलता है और सभी कर्मचारियों के जीवन में ऐसा समय आता है। महाप्रबंधक ने सेवानिवृत्त कामगारों के उज्जवल भविष्य की कामना किया और कहा की कंपनी की सेवा से मुक्त होने के बाद आप सभी अपना हौसला बुलंद रखें। जीवन में आने वाली चुनौतियों और मुसीबतों को मजबूती से सामना करें। कार्यक्रम का संचालन कार्मिक अधिकारी दिवाकर साहू एवं धन्यवाद ज्ञापन ज्योति कुमार ने किया। इस मौके पर विभिन्न परियोजना से कई अधिकारी एवं कर्मचारी तथा यूनियन के प्रतिनिधि और सेवानिवृत्त होने वाले कामगारों के परिजन मौजूद रहे।

**यह हुए सेवानिवृत्त :** महाप्रबंधक कार्यालय के प्रमोद कुमार, सुखराम मोची, चूरी परियोजना से बंधन गंझू, मघाता उरांव, प्रमोद दुसाद, केदार भुइया, रामदयाल बैठा। पूर्णाडीही परियोजना से प्रेमचंद महतो, जयचंद पांडे। आर आर शॉप से कांग्रेस स्वाइन। डकरा परियोजना से सूरज भुइयां। केडीएच परियोजना से बेनी यादव एवं नागेश्वर तुरी सेवानिवृत्त हुए।

# उपायुक्त ने 6 एएलएफ को दिए स्वावलंबी सहकारी समिति का निबंधन सर्टिफिकेट

**निबंधन सर्टिफिकेट दिलाने वाला पूरे कोल्हान में पहला नगर निकाय बना मानगो नगर निगम**

**सर्टिफिकेट मिलने पर 10 लाख रू, तक का लोन बिना गारंटर एवं 10 लाख रू तक का सरकारी विभाग में टेंडर ले सकेंगे**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत मानगो नगर निगम के 06 एरिया लेवल फेडरेशन को उपायुक्त विजया जाधव ने समाहरणालय सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में झारखंड स्वावलंबी सहकारी समिति अधिनियम 1996 के अधीन स्वावलंबी सहकारी समिति का निबंधन सर्टिफिकेट प्रदान किया । इस अवसर पर निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, निदेशक एनईपी ज्योत्सना सिंह, डीटीओ दिनेश रंजन, मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव, जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय प्रताप तिर्की, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नेहा संजना खलखो, सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी आदि मौजूद रहीं । मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि सहकारिता विभाग का सर्टिफिकेट मिलने से इन सभी 6 एएलएफ को स्वरोगजार के लिए 10 लाख रूपए तक का लोन बिना गारंटर के मिल सकेगा। साथ ही किसी भी सरकारी विभाग में 10 लाख रू. तक के टेंडर भरने के भी योग्य होंगे। मानगो नगर निगम पूरे कोल्हान प्रमंडल में ऐसा पहला नगर निकाय बन गया है जिसने एएलएफ का सहकारिता विभाग में निबंधन कराया है। उपायुक्त ने महिला समूहों के प्रतिनिधियों को प्रोत्साहित करते हुए स्वरोजगार के नए अवसर तलाशने पर बल दिया ।

**डीडीसी के अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस का आयोजन**

# 30 जून तक लंबित कार्य पूर्ण करने पर बनी सहमति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** प्रखंड के ईटाकुदर पंचायत अंतर्गत बुंडू गांव के गुमानडीह टोला में गुरुवार को डीडीसी प्रवीण कुमार गगराई की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास के लंबित आवासों को पूर्ण करने हेतु 30 जून 2023 की तिथि निर्धारित की गई है। विशेष अभियान के तर्ज में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस का आयोजन प्रत्येक गुरुवार को किया जा रहा है। कार्यक्रम में वैसे सभी लाभुक उपस्थित रहे जिनके आवास लंबित हैं। आवास लंबित रहने के कारणों पर चर्चा की गई तथा उनकी समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त किए गए। कुछ लाभुक निजी कारणों से राशि खर्च होने की बात कही। उन्हे कहा गया कार्य शुरू करें ताकि अगली किस्त की राशि जल्द दी जाएगी। मौके पर गुमानडीह टोला की मोगली सरदार के आवास निर्माण कार्य का शुभारंभ डीडीसी, बीडीओ एवं मुखिया द्वारा कुदाल चला कर किया गया। मौके पर डीडीसी ने उपस्थित ग्रामीणों से उनकी अन्य समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने तालाब जीर्णोद्धार, सड़क की खराब स्थिति एवं कुछ पेंशन के मामले उन्हे अवगत कराया। पेंशन संबंधी मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। अन्य समस्याओं का निदान यथाशीघ्र करने की बात कहीं गई। इस अवसर पर बीडीओ सरायकेला मृत्युंजय कुमार, जिला समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना सत्यवान, जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) प्रधानमंत्री आवास योजना बसंत साहू , प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना सरायकेला राकेश महतो, पंचायत सचिव एवं अन्य कर्मीगण उपस्थित रहे।



# कुमीर में श्राद्धकर्म के लिए यादव राय ने सूखा राशन देकर किया मदद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** अखिल भारतीय झारखंड पार्टी के नेता सह समाजसेवी यादव राय ने गुरुवार को दौरे के क्रम में पटमदा प्रखंड अंतर्गत कुमीर गांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गांव के लोगों के साथ मिलकर विभिन्न जनसमस्याओं पर चर्चा किये। यादव ने बताया कि ग्रामीणों से जानकारी मिलने के बाद गांव के एक शोक संतप्त परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और माताजी सारथी महतो की श्राद्धकर्म हेतु आदित्य महतो व वैद्धनाथ महतो को सुखा राशन देकर मदद किया। इस दौरान खगेन प्रमाणिक व देवाशीष महतो मौजूद थे।

## मारवाड़ी सम्मेलन भालूबासा शाखा ने गाँधी आश्रम में बांटे फल



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन भालूबासा शाखा द्वारा निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर देवनगर स्थित गाँधी आश्रम में रहने वाले करीब 150 लोगो के बीच को ठंडे मीठे शर्बत एवं फल आम, केला का वितरण किया गया। भालूबासा शाखा अध्यक्ष पंकज छावछरिया के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसे सफल बनाने मे मालीराम अग्रवाल, मुकेश मितल, विवेक चौधरी, कमल लड्ढा, बबलू अग्रवाल, रामोतार बेगराजका, महावीर अग्रवाल, रामरतन खंडेलवाल, आनन्द मुनका, पवन अग्रवाल, शंकर लाल अग्रवाल, मनोज खेमका, सुरज्ञान डंगबाजिया, संजय मोदी, प्रमोद अग्रवाल, विमल अग्रवाल, विश्वनाथ अग्रवाल, संजय शर्मा आदि का योगदान रहा।

## भक्तों को दर्शन देने रंकीणी मंदिर पहुंचे भगवान श्री वेंकटेश्वर बालाजी



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भक्तों को दर्शन देने हेतु भगवान श्री वेंकटेश्वर बालाजी नगर भ्रमण के दौरान आंध्र भक्त श्री राम मंदिर, बिष्टुपुर के पुरोहित के नेतृत्व में कदमा स्थित रंकीणी मंदिर में कुछ देर के लिए पधारें। उक्त अवसर पर रंकीणी मंदिर में भगवान बालाजी का अभिषेक किया गया। पूरा मंदिर परिसर भगवान बालाजी के गोविन्दा-गोविन्दा के नारों से गुंजता रहा। उक्त अवसर पर रंकीणी मंदिर के उपाध्यक्ष के.जी. गोविन्द, श्री रमेश कुमार, श्री संजय कुमार एवं श्री सुभाष सहित मंदिर के सभी सदस्यों के देख-रेख में भगवान बालाजी का आगमन एवं प्रस्थान के आयोजन में सक्रीय भुमिका निभाई।

## पहाड़पुर उच्च विद्यालय से मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड के पहाड़पुर उच्च विद्यालय से इस साल मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को दुबला लाइब्रेरी पहाड़पुर की ओर से गुरुवार को मुखिया अजब सिंह की अध्यक्षता में एक सम्मान समारोह आयोजित कर पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान दया आर्गेनाइजेशन से दयामय महतो व टेलेंट सर्च एकडेमी के हाराधन महतो ने वर्चुअल रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए मार्गदर्शन दिए। इस दौरान जेनियस कोचिंग सेंटर पहाड़पुर के शिक्षक तपन महतो, ग्रेविटी कोचिंग सेंटर के धनंजय महतो को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मुखिया ने बताया कि मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले स्कूल टॉपर पार्वती गोराई (90.8), द्वितीय टॉपर प्रभाति महतो (90.0)व तृतीय टॉपर आरती महतो (89.6) समेत 18 अन्य विद्यार्थियों को भी पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया है। इस दौरान लाइब्रेरी के अध्यक्ष चन्द्र मोहन महतो, पंसस प्रीति सिंह मुंडा, राजकुमार अग्रवाल,कृत्तिवास महतो, अंगद सिंह, दुलाल चंद्र महतो, अमित महतो, धनंजय महतो, रतन लाल महतो, आदि उपस्थित थे।

## शहरी जलापूर्ति के विभिन्न समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए बैठक

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक जुगसलाई विधानसभा एवं अनुमंडल पदाधिकारी, धालभूम जमशेदपुर - सह- कार्यपालक पदाधिकारी, जुगसलाई नगर परिषद जमशेदपुर के अध्यक्षता में शहरी जलापूर्ति के विभिन्न समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, नगर प्रबंधक जुगसलाई नगर परिषद, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कनीय अभियंता, जुगसलाई नगर परिषद तथा पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के अन्य पदाधिकारी कर्मचारी एवं शहरी जलापूर्ति योजना को संपोषित करने वाले वाले संवेदक के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। अनुमंडल पदाधिकारी, धालभूम जमशेदपुर - सह- कार्यपालक पदाधिकारी, जुगसलाई नगर परिषद जमशेदपुर के द्वारा नगर परिषद अंतर्गत शहरी जलापूर्ति के विभिन्न समस्याओं का त्वरित निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया जिसके पश्चात संबंधित संवेदक तथा पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल आदित्यपुर के द्वारा नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत बोरा पट्टी, नया बाजार क्षेत्र में समस्या का निराकरण किया गया जिससे लगभग 150 घरों को पानी मिलने लगा एवं मिराज मस्जिद क्षेत्र में समस्या का निराकरण के पश्चात लगभग 200 घरों में पानी की आपूर्ति होने लगा।

# इंडो नेपाल ओपन कराटे चैंपियनशिप में जिले के कराटेकारों ने 34 पदकों पर किया कब्जा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में तीन दिवसीय इंडो नेपाल ओपन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन स्वर्ण भारती इंडोर स्टेडियम में किया गया था। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों सहित नेपाल, भूटान एवं म्यांमार के कराटेकारों ने भाग लिया। सरायकेला खरसावां जिले से 21 कराटेकारो ने भी भाग लिया था। जिसमें 12 स्वर्ण पदक, 15 रजत पदक और 10 कांस्य पदक इन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्राप्त किया। पदक प्राप्त करने वाले कराटेकार हैं आकांक्षा शर्मा, दीपांकर महतो, विक्की महतो, शुभम महतो, पूर्णशशी महतो, पूर्णमा कालिंदी, संतोषी महतो, लखिचरण गोराई, पूनम महतो कौशिक दे, अनिकेत सिंह, प्रिय सरदार, तनिशा सोय, गौतम महतो, कार्तिक गोराई, दीपक प्रमाणिक, संध्या मुंडा, निर्मल नापित एवं पवन मुखी। झारखंड से टीम मैनेजर के रूप में खुशी कुमारी दास एवं कराटे कोच के रूप में मास्टर सेंसेई एल महतो मौजूद थे।



# यूसील नरवा पहाड़ विस्थापित कमिटी का हुआ पुनर्गठन पोटका व घाटशिला विधायक बने मुख्य संरक्षक

**चार गांव हाड़तोपा, मुर्गाघुटू, राजदोहा व चाकरी ग्राम सभा ने कमिटी को दी मंजूरी**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जादूगोड़ा :** तीन साल बाद यूसील नरवा पहाड़ विस्थापित कमिटी का आज पुनर्गठन किया गया।इधर हाड़तोपा फुटबॉल मैदान में नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट से सटे चार गांव मसलन हाड़तोपा ,मुर्गाघुटू, राजदोहा और चाकरी ग्राम सभा के माझी बाबा व ग्रामीणों की बैठक हुई, जहा इस बैठक में अगले तीन साल के लिए नई कमिटी का ग्राम सभा की मंजूरी के बाद पुनर्गठन किया गया। इस नई कमिटी में पोटका विधायक संजीव सरदार व घाटशीला विधायक रामदास को मुख्य सरक्षक बनाया गया है जबकि कमिटी के नए अध्यक्ष बुधराई किस्कू को चुना गया है। वही महासचिव मुची राम सोरेन, उपाध्यक्ष सुंदर माडी, कार्यालय सचिव बुडहान मूर्म, कोषाध्यक्ष मदन मोहन दास, सह कोषाध्यक्ष के पद पर गिरोश सिंह को जगह दी गई है। इसके अतिरिक्त कमिटी में चार सलाहकार के तौर पर माझी युवराज टुडू( राजदोहा माझी बाबा)लालू राम किस्कू (हाड़ तोपा माझी बाबा) दसमत मुर्मू( पाथर चाकरी माझी बाबा) व उदित नारायण हेंब्रम ( मुर्गा घुटू माझी बाबा) कमिटी को चलाने में अहम योगदान देंगे।




## करेंट के चपेट में आने से बैल की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जादूगोड़ा :** जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के तिलामुड़ा गांव में स्टे पोल में 11 हजार का करेंट प्रवाहित होने से बैल की मौत हो गई। घटना आज दोपहर 11 बजे की है।इस बाबत जादूगोड़ा विद्युत प्रमंडल के एसडीओ प्रशांत राज ने कहा कि सरकारी प्रावधान के तहत पीड़ित परिवार ठाकुर दास महतो को 19 -25 हजार रुपए के बीच मुआवजा राशि मिलेगी। उन्होंने जानकारी दी, कि तिलामुड़ा गांव स्टे पोल में बैल का पैर फंस गया। छ्टपटाने के दौरान 11 हजार वोल्ट का बिजली करेंट स्टे पोल से सट गया व बैल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस बाबत ग्रामीण वनवाली महतो ने कहा कि जादूगोड़ा बिजली विभाग के एस डी ओ प्रशांत राज ने मुआवजा राशि को लेकर कल शुक्रवार को आवेदन कार्यालय में जमा करने को कहा है।

# भारी सुरक्षा के बीच मंगलम सिटी का मेन गेट व बाउंड्री वॉल हुआ कब्जा मुक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर गम्हरिया के बिक्को मोड़ के समीप स्थित मंगलम सिटी का मुख्य गेट और बाउंड्री वॉल को गुरुवार को अंचल प्रशासन द्वारा कब्जा मुक्त कराया गया। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी अंचल निरीक्षक मनोज कुमार सिंह की उपस्थिति में बुल्डोजर से मंगलम सिटी पर यह कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 2.03 एकड़ जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। बताया गया है कि इससे पूर्व गम्हरिया अंचल कार्यालय की ओर से बिल्डर को नोटिस देकर उक्त भूखंड को खाली करने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद मेसर्स मंगलम अपार्टमेंट के बिल्डर द्वारा भूखंड पर कब्जा जारी रखा गया था। उसके बाद अंचलाधिकारी ने सख्ती दिखाते हुए गुरुवार को यह कार्रवाई की। हालांकि, इस दौरान सोसायटी के लोगों द्वारा इसका जमकर विरोध भी किया गया। विदित है कि यह सोसायटी मंगलम डेवलपर्स एंड प्रमोटर्स के बिल्डर सौरभ अग्रवाल द्वारा निर्माण कराया गया है जिसमें सैकड़ों आवासीय परिसर हैं। बिल्डर द्वारा फर्जी तरीके से सरकारी तालाब का अतिक्रमण कर लिया गया है। विगत कई वर्षो से आसपास के ग्रामीणों द्वारा इसका विरोध किया जाता रहा है। इस बावत कई बार बस्तीवासियों द्वारा गम्हरिया के अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उक्त भूखंड को अतिक्रमणमुक्त कराने की मांग की गई थी इस दौरान आदित्यपुर थाना प्रभारी राजेन कुमार पर्याप्त संख्या में पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

## नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस टीम ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का दौरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड हेतु चल रहे तैयारी का जायजा लेने के लिए रांची की एक टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बालिगुमा एवं बिरसा नगर स्थित स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया। सभी कर्मियों एवं चिकित्सा पदाधिकारी के साथ बैठक कर तैयारी पर संतुष्टि जाहिर किया। हेल्थ मैनेजर प्रदीप कुमार एवं एकाउंट ऑफिसर राजेश कुमार को आवश्यक निर्देश देते हुए जल्द से जल्द पुरा करने को कहा, जरूरत पड़ने पर राज्य से भी मदद देने की बात कही गयीढ्ढ टीम का नेतृत्व विकास राठौर कर रहे थे शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बालीगुमा पहुँचने पर राज्य स्तरीय पदाधिकारी को पुष्प गुछ देकर पब्लिक हेल्थ मैनेजर और चिकित्सा पदाधिकारी ने स्वागत किया इस दौरान पाथ से डॉ रूबी अस्पताल के सभी कर्मी उपस्थित रहे ।

# पीडीएफ दुकानदार 5 जून को कोल्हान के तीनों जिला मुख्यालय पर करेंगे धरना प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर झारखंड जन वितरण प्रणाली दुकानदार संघ के आह्वान पर जविप्र के दुकानदार आगामी पांच जून को कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिला मुख्यालय पर धरना- प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन जिला उपायुक्त को सौंपा जाएगा। यह जानकारी देते हुए झारखंड जन वितरण प्रणाली दुकानदार संघ के प्रांतीय सचिव सह कोल्हान प्रमंडल संयोजक फुलकांत झा ने बताया कि राशन डीलर अपने लंबित मांगों को लेकर विगत आठ वर्षो से आंदोलनरत हैं। उन्होंने बताया कि संघ के बैनर तले देश के कुल पांच लाख 34 हजार जनवि प्रणाली दुकानदार और महिला स्वयं सहायता समूह ग्रुप के सदस्य इस देशव्यापी हड़ताल में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत संचालित करने वाले करीब 5 लाख दुकानदार भुखमरी के कगार पर आ गए हैं। किन्तु सरकार उनकी मांगों को अनदेखा कर रही है। झा ने कहा कि जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन के बाद भी सरकार संघ के राज्य स्तरीय समिति से वार्ता नहीं करती है तो सभी डीलरों द्वारा विधानसभा के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।



# सांसद विद्युत महतो को सांसद रत्न मिलने पर सोनारी सोसाइटी ने किया सम्मान व अभिनंदन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सदन में सर्वाधिक प्रश्न पूछने एवं सबसे ज्यादा उपस्थिति दर्ज करने पर जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद विद्युत वरण महतो को प्रथम स्थान प र रहने तथा सांसद रत्न मिलने की खुशी में सोनारी एफ जी रोड सामुदायिक विकास भवन कमिटी एवं सोसाइटी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके चित्र कमिटी द्वारा भेंट की एवं गुलदस्ता देकर सम्मान स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम में सांसद के अलावा सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार एवं कमिटी के अध्यक्ष गौतम बोस एवं ज्योति श्रीवास्तव उपस्थित थे। मौके सोनारी प्रखंड अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार ने यंहा की समस्याओं को विस्तार से रखा जिसमें मुख्य रूप से भवन का चारदीवारी,भवन का विस्तारीकरण एवं जूस्को द्वारा बिजली आपूर्ति, समस्याओं की बातें रखी। इस पर सांसद विद्युत वरण महतो ने उन सभी समस्याओं का निवारण जल्द कराने की आस्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन पूर्व मंडल अध्यक्ष विरेंद्र प्रताप सिंह ने किया।



# करीम सिटी कॉलेज में बीसीए व बीएससी आईटी में नामांकन प्रारंभ, अंतिम तिथि 24 जून तक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, साकची जमशेदपुर में आज से बीसीए तथा बीएससी आईटी में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने आज बीसीए में नामांकन की इच्छुक छात्रा शाबिया परवीन को अपने हाथों से एडमिशन फॉर्म देखकर नामांकन प्रक्रिया का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने यह आशा व्यक्त की कि यह दोनों विषय सीधे रोजगार से जुड़े हुए हैं इसलिए इनमें छात्र-छात्राओं का रुझान अच्छा रहेगा। बीसीए तथा आईटी के इंचार्ज डॉ अनवर शहाब ने बताया कि इन दोनों कोर्सेज के लिए कॉलेज के काउंटर से प्रोस्पेक्टस तथा एडमिशन फॉर्म प्राप्त किए जा सकते हैं। जिन छात्र-छात्राओं का इंटरमीडिएट में 55 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त है वे एक छोटे से साक्षात्कार के बाद 24 जून 2023 तक सीधे नामांकन करा सकते हैं। 55 प्रतिशत से कम अंक वाले विद्यार्थी आवेदन करेंगे और उनकी सूची 26 जून 2023 को जारी की जाएगी तथा नामांकन 27 जून से प्रारंभ होगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए डॉ अनवर शहाब से संपर्क किया जा सकता है।



## टाटा स्टील विश्व पर्यावरण दिवस मनाने के लिए ग्रीन-ए-थॉन की करेगी मेजबानी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील विश्व पर्यावरण दिवस समारोह के हिस्से के रूप में ग्रीन-ए-थॉन की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। दौड़ का आयोजन रविवार, 4 जून, 2023 को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सुबह 6:00 बजे से किया जाएगा। पंजीकरण जमशेदपुर के सभी नागरिकों के लिए खुला है और इच्छुक लोग **https:// forms. office. com/ r/ 1 H C 4 n 6 G iB8** लिंक के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। दौड़ को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा और यह जुबली पार्क के परिधीय मार्ग को कवर करेगी। पंजीकरण 2 जून, 2023 को बंद हो जाएंगे। पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता का प्रसार करने के लिए हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। हर साल, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किये जा रहे कार्यों को बढ़ावा देने के लिए नए विषयों पर ध्यान केंद्रित करता है। इस साल की थीम **#BeatPlasticPollution** है।

## संपादकीय

# धर्मशाला में हुंकारा

**धर्मशाला** की आभार रैली का मजमून, संदर्भ और सियासत साफ थी और इसीलिए माहौल के उत्साह को मनचाहा हिमाचल मिल गया। यह वह हिमाचल है जो सरकार व कर्मचारियों के बीच ओपीएस दिलाने का भरोसा और प्रदेश के अधिकारों को केंद्र से लाने का रास्ता तय करता है। इसीलिए जब आभार रैली का शंखनाद हो रहा था, तो कहीं हिमाचल सरकार यह भी समझ रही थी कि ओपीएस की बढ़ी हुई लागत में राज्य व केंद्र के संबंधों में दूरी को संघर्ष की बुनियाद से पाटा जाएगा। पूर्वविदित है कि एनपीएस के तहत केंद्र के पास 9245 करोड़ की भारी भरकम रकम फंसी हुई है और इसे वापस लेने के लिए पापड़ बेलने पड़ेंगे। यह राशि कर्मचारी वर्ग और सरकार के योगदान से एनपीएस के सफर की कहानी है, लेकिन अब इसकी हिस्सेदारी से ओपीएस का दारोमदार भी जुड़ता है। सवाल एनपीएस के साम्राज्य का नहीं क्योंकि वहां केंद्र सरकार के वित्तीय हिसाब के तर्क और रणनीति आसानी से इस धन की वापसी नहीं करना चाहती, बल्कि संघीय ढांचे और प्रदेश की आत्मनिर्भरता का है। धर्मशाला रैली में नमक हलाली के सबूत बन कर कर्मचारी उमंगें सरकार को साधुवाद देती रहीं, लेकिन प्रश्न अब 9245 करोड़ का रहेगा और इसीलिए इशारों-इशारों में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बता दिया कि वक्त आ गया है कि राज्य अपने अस्तित्व के प्रश्नों पर दिल्ली कूच करे। बेशक यह प्रश्न अब उस मिलकीयत का है, जहां कर्मचारियों की पाई-पाई जुड़ती रही और यह राज्य के वित्तीय ढांचे की जरूरत भी है कि राज्य सरकार सीधे केंद्र से आंख मिला कर पूछे। धर्मशाला में भरा गया हुंकारा अब कर्मचारियों को भी एक ऐसा मार्ग दिखा रहा है, जो इससे पहले कभी था ही नहीं। राज्य की प्रतिष्ठा, वचनबद्धता और वित्तीय अधिकारों के लिए पहली बार कर्मचारी भी एक पार्टी बन कर दिल्ली पहुंच जाएं, यह अपने आप में एक अद्भुत घटना होगी। इसी के पार्ट टू में मुख्यमंत्री विद्युत उत्पादन से हिमाचल के लिए मुफ्त में बिजली हासिल करने का बीड़ा भी उठाते हैं। धर्मशाला का मंच उन्हें हिमाचली अधिकारों की नए सिरे से व्याख्या करने का अवसर प्रदान करता है तो वह ऋण मुक्त हो रही विद्युत परियोजनाओं से 12 प्रतिशत निःशुल्क बिजली के बजाए अब तीस प्रतिशत दर से इसे हासिल करने का ऐलान भी करते हैं। प्रदेश को आत्मनिर्भरता के नक्शे पर सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री अपने कार्यभार संभालते ही काम पर डट गए हैं। वाटर सेस उनका एक साहसिक कदम है, भले ही पड़ोसी राज्यों ने इसे लेकर अंट शंट कहा हो या अपनी-अपनी विधानसभाओं में इसकी नाकाबंदी की हो, लेकिन सुक्खू सरकार अपने वित्तीय अधिकारों की फाइल को मोटा कर रही है। पानी, बिजली के बाद जंगल के पेड़ों से आत्मनिर्भरता ढूंढने की कोशिश की जाती है, तो राज्य का नजरिया एक नए निर्माण की शर्तों को यकीनन पूरा कर सकता है। बेशक पिछले कुछ दशकों से विशेष राज्य का दर्जा हासिल करके केंद्रीय संसाधनों की आपूर्ति में 90:10 का फार्मूला चलता रहा, लेकिन आत्मनिर्भरता के प्रयासों या कुछ परियोजनाओं के खातों में इस उम्मीद से भी भरपाई नहीं हुई। जिस प्रदेश की लगभग सत्तर फीसदी भूमि वनों के अधीन आती हो, वह अपनी विकास, आर्थिक, रोजगार तथा आत्मनिर्भर बनने की जरूरतों को कैसे पूरा कर सकता है। या तो जंगल हमें आय का रास्ता दे या कुछ जमीन लौटा दे ताकि पूंजीनिवेश तथा अधोसंरचना के विकास से रोजगार व आय के साधन बढ़ सकें, वरना अनुमतियों और वन भूमि की अनापत्तियों में ही सरकार की मशक्कत में सत्ता का पूरा कार्यकाल ही न गुजर जाए। यह हमारे सामने है कि 68 विधानसभा क्षेत्रों में डे बोर्डिंग स्कूलों की जमीन तलाशते ही प्रशासन पसीना-पसीना हो रहा है और सरकार की प्राथमिकता के बावजूद अब तक केवल 13 स्थान ही चिन्हित हो पाए हैं, तो कसूर उसी जंगल का है जो कुंडली मार के हिमाचल की संभावनाओं को तिरोहित कर रहा है। विकास के प्रति दृढ़प्रतिज्ञ होने के बावजूद वन भूमि की बाड़बंदी हिमाचल की सबसे बड़ी आफत है और इसे समझने तथा केंद्र को समझाने की जरूरत अति अहम है। बहरहाल धर्मशाला का हुंकारा यह भी साबित कर गया कि वर्तमान सरकार अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए चैन से नहीं बैठेगी और यह भी कि आत्मनिर्भरता के बहीखातों में सरकारी मशीनरी का गठजोड़, भरोसा व दक्षता हासिल की जाएगी। उम्मीद है कि आभार रैली केवल राजनीतिक तौर पर कांग्रेस सरकार को शाबाशियां देने के साथ-साथ इस प्रदेश की आर्थिक लाचारियों को समझते हुए ऐसी कार्यसंस्कृति का अनुसरण करेगी, जो सुक्खू सरकार की प्रतिबद्धता से आर्थिक खुशहाली लाने की प्रतिज्ञा भी है।

> धर्मशाला रैली में नमक हलाली के सबूत बन कर कर्मचारी उमंगें सरकार को साधुवाद देती रहीं, लेकिन प्रश्न अब 9245 करोड़ का रहेगा और इसीलिए इशारों-इशारों में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बता दिया कि वक्त आ गया है कि राज्य अपने अस्तित्व के प्रश्नों पर दिल्ली कूच करे। बेशक यह प्रश्न अब उस मिलकीयत का है, जहां कर्मचारियों की पाई-पाई जुड़ती रही और यह राज्य के वित्तीय ढांचे की जरूरत भी है कि राज्य सरकार सीधे केंद्र से आंख मिला कर पूछे। धर्मशाला में भरा गया हुंकारा अब कर्मचारियों को भी एक ऐसा मार्ग दिखा रहा है, जो इससे पहले कभी था ही नहीं। राज्य की प्रतिष्ठा, वचनबद्धता और वित्तीय अधिकारों के लिए पहली बार कर्मचारी भी एक पार्टी बन कर दिल्ली पहुंच जाएं, यह अपने आप में एक अद्भुत घटना होगी।

## कुछ अलग

# मणिपुर में लपटें, मौतें

**करीब** एक माह से पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर आग की लपटों में है। टकराव के बाद अब हत्याओं का दौर जारी है। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह कुकी आदिवासियों को 'उग्रवादी' करार दे रहे हैं और सुरक्षा बल 40 उग्रवादियों को ढेर कर चुके हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार से मणिपुर के प्रवास पर हैं, लेकिन उनके आगमन की पूर्व संध्या पर 10 मौतें की जा चुकी हैं। मृतकों में एक महिला और असम पुलिस के दो कमांडो भी शामिल हैं। मणिपुर के विभिन्न जिलों में करीब 400 घर फूंक दिए गए हैं। अकेले कक्चिंग जिले में ही 200 और विष्णुपुर में 150 घर आग की लपटों के शिकार हो गए हैं। गुस्साई और उत्तेजित भीड़ ने 4 विधायकों के घरों पर भी हमले किए हैं। मौत और आगजनी का यह सिलसिला तब है, जब थलसेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे मणिपुर में ही डेरा डाले हुए हैं। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय भी वहां के हालात का जायजा लेने गए थे। इनके अलावा, सुरक्षा बलों और सेना के 36,000 से ज्यादा जवान भी मणिपुर में तैनात किए गए हैं। यह बेहद गंभीर और संवेदनशील मामला है, क्योंकि पूर्वोत्तर के एक राज्य में उग्रवाद इस तरह पनपता और बढ़ता रहा, तो वह दूसरे राज्यों में भी जा सकता है। पूर्वोत्तर ने लंबे समय तक उग्रवाद को झेला है और भारत की मुख्य धारा से वह कटा रहा है। ये टकराव, मारा-काटी और मुठभेड़ राज्य के उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद भडके हैं, जिसमें न्यायाधीश ने मैतेई समुदाय को 'अनुसूचित जनजाति' का दर्जा देने की बात कही थी। हालांकि सर्वोच्च अदालत ने एकल न्यायाधीश की पीठ के ऐसे निर्देश को 'बिल्कुल गलत' करार दिया है, लिहाजा उसके बाद हालात शांत और सामान्य होने चाहिए थे, लेकिन केंद्रीय गृह मंत्रालय के हस्तक्षेप और भाजपा नेतृत्व के निर्देशों के बावजूद मणिपुर की आग मद्धिम भी नहीं हुई है। मैतेई मणिपुर का बहुसंख्यक, हिंदूवादी और वर्चस्ववादी समुदाय है, जो अधिकतर इम्फाल घाटी में बसा है। जो आदिवासी पहाड़ी जिलों के भू-भाग में बसे हैं, उनके साथ मैतेई के संबंधों का इतिहास कड़वा रहा है। कमोबेश मुख्यमंत्री और सरकार को यह आकलन कर लेना चाहिए था कि उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद अशांति, बेचैनी, तनाव और अंततः अराजकता के हालात बन सकते हैं। प्रशासन और सरकार चलाना बुनियादी तौर पर राजनीतिक कर्म है, लिहाजा कानून-व्यवस्था को बरकरार रखना सरकार का ही दायित्व है। मैतेई समुदाय भाजपा-समर्थक है और सम्पन्न, समृद्ध समाज है। उसी के विधायक सबसे ज्यादा हैं। फिर भी उसे 'आदिवासी' का दर्जा चाहिए, ताकि आरक्षण के फायदे बटोरे जा सकें। यह खौफ और डर कुकी, नगा, जूमी आदिवासियों में है, लिहाजा अब वे अपनी नई मांग पर अड़े हैं कि उन्हें पहाड़ी जिलों के लिए 'पृथक प्रशासनिक तंत्र' चाहिए। दरअसल मणिपुर के जलते हालात के लिए सिर्फ उच्च न्यायालय का फैसला ही एकमात्र कारण नहीं है। राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी से भागती रही है। वहां भाजपा की सरकार है। अदालत के फैसले के बाद आदिवासियों की एक सहानुभूति जनसभा ने आग में घी का काम किया। 'जनजाति' का दर्जा राज्य सरकार के विशेषाधिकार में नहीं है।


## कोविड निरोधी टीकाकरण करने में भारत दुनिया के मुल्कों में अग्रणी रहा

# मोदी सरकार के नौ वर्ष

डा. अश्वनी

> जीडीपी के मामले में भारत 2014 में 10वें स्थान पर था और अब यह पांचवें स्थान पर है, जहां अब केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, जापान और फ्रांस ही इससे ऊपर हैं। क्रय शक्ति समता (अर्थात भारतीय रुपये की क्रय शक्ति) के आधार पर विचार करें तो हमारी जीडीपी 13 .03 ट्रिलियन डॉलर आंकी गई है, जिसके आधार पर भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। केवल संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन भारत से ऊपर स्थान पर हैं। माना जाता है कि प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि भी कुशलक्षेम की कोई गारंटी नहीं है। पिछले कुछ समय से देश में आय की असमानताओं में भी भारी वृद्धि हुई है।

**जब** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने मई 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सत्ता संभाली, तो भारत का सकल घरेलू उत्पाद 2.0 ट्रिलियन अमरीकी डालर के बराबर था, जो अब 3.73 ट्रिलियन अमरीकी डालर है, और प्रति व्यक्ति आय जो 2014 में 1573.9 अमरीकी डालर थी, अब है 2023 में 2601 अमरीकी डालर है। रुपयों में मौजूदा कीमतों पर यह जीडीपी 2013-14 में 104.73 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2022-23 में 272.04 लाख करोड़ रुपये हो गई है। यदि हम कीमतों में वृद्धि के लिए जीडीपी को समायोजित करते हैं तो भी महामारी के दौरान नकारात्मक वृद्धि के बावजूद जीडीपी में 9 वर्षों में 63 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो सालाना 5.6 प्रतिशत है। जीडीपी के मामले में भारत 2014 में 10वें स्थान पर था और अब यह पांचवें स्थान पर है, जहां अब केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, जापान और फ्रांस ही इससे ऊपर हैं। क्रय शक्ति समता (अर्थात भारतीय रुपये की क्रय शक्ति) के आधार पर विचार करें तो हमारी जीडीपी 13.03 ट्रिलियन डॉलर आंकी गई है, जिसके आधार पर भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। केवल संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन भारत से ऊपर स्थान पर हैं। माना जाता है कि प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि भी कुशलक्षेम की कोई गारंटी नहीं है। पिछले कुछ समय से देश में आय की असमानताओं में भी भारी वृद्धि हुई है। इसके अलावा वर्ष 2020-21 की कोरोना महामारी ने हालांकि सभी वर्गों को प्रभावित किया, उसकी सबसे ज्यादा मार मजदूरों एवं अन्य कामगारों (दिहाड़ीदार और वेतन भोगी दोनों) और व्यवसायियों, खासतौर पर छोटे व्यवसायियों पर पड़ी, जिसके कारण उनकी आमदनी और कुशलक्षेम दोनों प्रभावित हुए। महामारी के दौरान सरकार के सामने लोगों के भोजन, दवाई और टीकाकरण आदि के माध्यम से महामारी से निपटने की चुनौती तो थी ही, साथ ही साथ बंद हुए व्यवसायों को भी पुनः शुरू कर अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की भी थी। 80 करोड़ लोगों को लगातार मुफ्त अनाज, इलाज और संपूर्ण जनसंख्या को कोविड निरोधी टीकाकरण करने में भारत दुनिया के मुल्कों में अग्रणी रहा। जबकि अमेरिका समेत अन्य मुल्क अपनी जनसंख्या का पूर्ण टीकाकरण नहीं कर पाए, भारत में सभी पात्र लोगों का टीकाकरण किया जा सका। खास बात यह है कि कोविड मामलों और कोविड से होने वाली मौतों के मामले में भारत का प्रदर्शन दुनिया से काफी बेहतर रहा। ग्रामीण बेरोजगारों के लिए चल रही





मनरेगा योजना जो पहले से ही चल रही थी, उस पर भारी खर्च अनवरत चलता रहा। पिछले 9 सालों में लगभग मनरेगा पर 5.89 लाख करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, रोजगार आदि के क्षेत्र में भी पिछली सरकारों की भी उपलब्धियां रही हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार हमारी साक्षरता 1951 के 16.7 प्रतिशत से बढ़कर 2011 में 64.3 प्रतिशत हो गई। जीवन प्रत्याशा भी 1951 में मात्र 37.2 वर्ष से सुधर कर अब तक 68.2 वर्ष हो गई है। लेकिन कई मामलों में हम अपनी ही उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। जुलाई 2008 और जून 2009 के बीच किए गए एनएसएसओ सर्वेक्षण के 65वें दौर के अनुसार देश में 17 प्रतिशत ग्रामीण परिवार और 2.1 प्रतिशत शहरी परिवार कच्चे घरों में रहते थे, जो 3.15 करोड़ परिवारों के बराबर था। इसके अलावा 21.3 प्रतिशत परिवार आधे-अधूरे पक्के मकानों में रहते थे। 2015 के बाद पक्के घरों के निर्माण में बड़ी प्रगति हुई है, जहां पीएम आवास योजना (ग्रामीण) और पीएम आवास योजना (शहरी) के तहत सरकारी सहायता से मकान बनाने के लिए 4.1 करोड़ परिवारों (ग्रामीण क्षेत्रों में 2.85 करोड़ घरों और शहरी क्षेत्रों में 1.23 करोड़ घरों) के लिए मंजूरी दी गई है, और 8 साल से भी कम समय में अब तक 2.87 करोड़ घर बनाए गए हैं। इसे ग्रामीण और शहरी गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का बड़ा प्रयास माना जा रहा है, जिस पर केंद्र सरकार द्वारा अब तक 5 लाख करोड़ रुपये का अनुदान दिया जा चुका है। एक मोटे अनुमान के मुताबिक, इन योजनाओं के तहत बने इन ग्रामीण और शहरी घरों में अब तक 20 लाख करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है। मोदी सरकार के पहले वर्ष 2014-15 के दौरान 12 किलोमीटर प्रतिदिन से, 2022-23 में सडक निर्माण की गति 22.23 किमी प्रति दिन हो गई है। जब हम यूपीए सरकार से तुलना करते हैं तो केंद्र सरकार द्वारा सडक निर्माण पर सालाना 10000 करोड़ रुपये खर्च होता था, जो एनडीए के दौरान बढकर 15000 रुपये हो गया है। सडकों के अलावा जलमार्ग, रेलवे का विस्तार और वन्दे भारत के नाम से स्वदेशी तीव्र गडियों का विस्तार, 2014 में 74 एयरपोर्टों की तुलना में अब दुगने यानी 148 एयरपोर्ट हैं, और प्रतिदिन लगभग 4 से 5 लाख यात्रियों द्वारा हवाई यात्रा के साथ भारत की इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में प्रगति पिछले 9 सालों में अद्वितीय रही है। हाल ही में सरकार द्वारा 550 विमानों के साथ कुल 1000 से ज्यादा विमानों के आर्डर ने दुनिया को चकित किया हुआ है। हवाई यात्रा की बढ़ती मांग और सुविधाओं के विस्तार के कारण यह संभव हो पाया है। इन्फ्रास्ट्रक्चर निवेश को कुशलतम तरीके से करने और सभी प्रकार के यातायात का समन्वित विकास करने हेतु 'गतिशक्ति योजना' विश्व में अद्वितीय मानी जा रही है। उसके परिणाम भी देखने को मिलेंगे। आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को 5 लाख तक के इलाज की सुविधाएं सभी के लिए शौचालय (इज्जत घर) की व्यवस्था, सूक्ष्म लागत पर दुर्घटना और जीवन बीमा योजना, महिलाओं के लिए धुंआमुक्त रसोई हेतु मुफ्त गैस सिलेंडर की उज्जवला योजना, 100 प्रतिशत गांवों तक बिजली, बिजली कटौती से निजात पाने हेतु परंपरागत और नवीकरणीय बिजली के अलावा एलईडी बल्ब के विस्तार से बिजली की खपत में कमी, कुछ ऐसे कार्यक्रम हैं जिन्होंने लोगों के जीवन में तो सुधार किया ही है, कुछ हद तक विकास के अवरोधों को भी कम किया है। 45 करोड़ से भी अधिक जीरो बैलेंस बैंक खातों के खुलने से न केवल वित्तीय समावेशन संभव हुआ है, भ्रष्टाचार कम हो जाने के कारण सरकारी खर्च का भी कुशलतम उपयोग संभव हुआ है। हालांकि विकास की दौड़ में पिछड़ गये लोगों के कल्याण के लिए सहयोग की प्रवृत्ति हर सरकार में रही है, लेकिन जनधन बैंक खाते, आधार-मोबाईल बैंकिंग की तिगड़ी के चलते सरकारी मदद लाभार्थी तक सही ढंग से पहुंच जरूर रही है। मोदी सरकार के नौ साल भारत की अर्थव्यवस्था और लोगों के लिए बेहतरीन साल माने जा सकते हैं। सदी की सबसे खराब महामारी के बावजूद इन नौ वर्षों में भारत की अंतरराष्ट्रीय स्थिति में भी काफी सुधार हुआ है, न केवल जीडीपी में रैंकिंग के मामले में बल्कि अमीर और गरीब दोनों देशों के साथ सहयोग के मामले में भी। कोरोना काल में जब अमीर देश बेहद ख़ुदगजऱ् बनते जा रहे थे तब भारत ने सभी देशों के प्रति अपनी पूरी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए दवा और वैक्सीन उपलब्ध कराई।

# पवित्र नदियों को प्रदूषणमुक्त करने की जरूरत

> नदियों को मां की संज्ञा देना मनीषियों का जल के महत्त्व व नदियों के प्रति सकारात्मक सोच को दर्शाता है। सनातन कर्मकांड व धार्मिक समारोहों की रस्मों के मंत्रोच्चारण में पवित्र नदियों का प्रसंग जरूर आता है। गंगा, यमुना, सरस्वती, सरयू, सिंधू, नर्मदा, रावी, ब्यास व सतलुज जैसी नदियों की चर्चा किए बिना सनातन संस्कृति की कल्पना व भारत का गौरवमयी इतिहास अधूरा रहेगा। देश के कई राज्यों में बहने वाली पौराणिक महत्त्व वाली नदियां करोड़ों लोगों की आस्था का केन्द्र हैं। सब नदियों में श्रेष्ठ 'गंगा जी' पवित्र नदियों की प्रतिनिधि है। 'गंगे तव दर्शनात मुक्ति' - धर्मग्रंथों के अनुसार इस प्रसंग का प्रादुर्भाव गंगा अवतरण के अवसर पर भगवान विष्णु के श्रीमुख से हुआ था। इसका उल्लेख 'नृसिंह' पुराण में हुआ है अर्थात गंगा तेरे दर्शन मात्र से ही मुक्ति मिलेगी। राजा दिलीप के पुत्र राजा भगीरथ के कठोर तप के बाद 'गंगा जी' अवतरित हुई।

**सनातन** संस्कृति के धार्मिक ग्रंथों, वेदों व उपनिषदों में मानव संस्कृति की जननी नदियों की महिमा का उल्लेख ऋषियों ने हजारों वर्ष पूर्व कर दिया था। हमारे मनीषियों ने वैदिक साहित्य की रचना नदियों के सानिध्य में ही की थी। वैदिक संस्कृति का उद्गम जल से ही हुआ है। नदियों को मां की संज्ञा देना मनीषियों का जल के महत्त्व व नदियों के प्रति सकारात्मक सोच को दर्शाता है। सनातन कर्मकांड व धार्मिक समारोहों की रस्मों के मंत्रोच्चारण में पवित्र नदियों का प्रसंग जरूर आता है। गंगा, यमुना, सरस्वती, सरयू, सिंधू, नर्मदा, रावी, ब्यास व सतलुज जैसी नदियों की चर्चा किए बिना सनातन संस्कृति की कल्पना व भारत का गौरवमयी इतिहास अधूरा रहेगा। देश के कई राज्यों में बहने वाली पौराणिक महत्त्व वाली नदियां करोड़ों लोगों की आस्था का केन्द्र हैं। सब नदियों में श्रेष्ठ 'गंगा जी' पवित्र नदियों की प्रतिनिधि है। 'गंगे तव दर्शनात मुक्ति'- धर्मग्रंथों के अनुसार इस प्रसंग का प्रादुर्भाव गंगा अवतरण के अवसर पर भगवान विष्णु के श्रीमुख से हुआ था। इसका उल्लेख 'नृसिंह' पुराण में हुआ है अर्थात गंगा तेरे दर्शन मात्र से ही मुक्ति मिलेगी। राजा दिलीप के पुत्र राजा भगीरथ के कठोर तप के बाद 'गंगा जी' अवतरित हुई। भगवान शिव ने अपनी जटाओं में समाहित करके गंगा का वेग नियंत्रित किया। तब जाकर वेगवान 'जाह्नवी' को पृथ्वी धारण करने में समर्थ हुई थी। भगवान शिव के स्पर्श से 'भागीरथी' पावन व आस्था का केन्द्र बनी। मान्यता है कि ज्येष्ठ शुक्ल की दशमी के दिन गंगा जी का धरती पर आगमन हुआ था। इस दिवस को गंगावतरण या 'गंगा दशहरा' के रूप में मनाया जाता है। 'कपिल मुनि' द्वारा शापित भगीरथ के पूर्वजों का उद्धार करके गंगा सागर में जा मिली, तत्पश्चात 'अगस्त्य ऋषि' द्वारा सोखे गए समंदर में पुनः जलभराव संभव हुआ था। गंगा मात्र पानी का दरिया नहीं है बल्कि युगों युगों से करोड़ों लोगों की गहरी आस्था व मान्यताओं में पूज्य नदी है। पवित्र गंगा की महिमा व कीर्ति का वर्णन वैदिक साहित्य में बखूबी हुआ है। धार्मिक अनुष्ठान गंगाजल के बिना पूर्ण व शुद्ध नहीं माने जाते। समस्त संस्कारों में अनिवार्य उपयोगी गंगाजल को वैज्ञानिक कसौटी पर भी गुणवत्तायुक्त माना गया है। अतः स्नान मात्र से नकारात्मक विचारों से मुक्त करके करोड़ों लोगों का उद्धार करने वाली गौमुखी गंगा जी साक्षात देवी स्वरूपा हैं। मगर अपने शुद्धिकरण के लिए विश्व में विख्यात रही सांस्कृतिक विरासत तीर्थमयी गंगा प्रदूषण की मार झेलकर अपनी पवित्रता पर अफसोस जाहिर कर रही है। राष्ट्रीय नदी का दर्जा प्राप्त गंगा की स्वच्छता के लिए 'नमामि गंगे' व 'स्वच्छ गंगा' तथा 'गंगा एक्शन प्लान' जैसे अभियान चल रहे हैं। सांस्कृतिक विरासत पवित्र गंगा के प्राकृतिक सौंदर्य व निर्मलता को सहेजने के लिए सियासत के बड़े प्रयासों की जरूरत है। 'गौतम ऋषि' के तप का पुण्यफल दक्षिण की गंगा 'गोदावरी' का भी यही हाल है। भगवान शिव की नगरी उज्जैन में बहने वाली 'शिप्रा' नदी की महिमा का उल्लेख 'स्कंद पुराण' में हुआ है। 'महर्षि संदीपनी' का आश्रम इसी शिप्रा के तट पर स्थित था। श्रीकृष्ण, बलराम व सुदामा जैसे संदीपनी के शिष्यों ने यहीं विद्या अध्ययन किया था। राजा भृर्तहरि, गुरु गोरखनाथ तथा 'अत्रि ऋषि' की तपोभूमि भी शिप्रा का तट ही था, मगर मोक्षदायिनी शिप्रा भी भंयकर प्रदूषण के आगोश में आ चुकी है। अपने पूर्वजों के मोक्ष की कामना तथा पितरों के तर्पण के लिए देश विदेश के लोग बिहार राज्य के 'गया' में बहने वाली पावन 'फाल्गु' नदी के तट पर आते हैं। फाल्गु भी अपने अस्तित्व से जूझ कर खुद पानी तराश रही है। श्रीकृष्ण की 'कालिंदी' सूर्यपुत्री यमुना का जल प्रदूषण से जहरनुमां हो चुका है। दिल्ली में यमुना के पानी पर सफेद झाग सियासत के चुनावी वादों के झूठ को बेनकाब कर रहा है।



वाराणासी की पहचान 'वरुणा' व 'असि' नदियां नाले में तब्दील हो चुकी हैं। पेयजल की जीवंत प्रणाली नदियों की साफ-सफाई के लिए सरकारी खजाने से हर वर्ष करोड़ों रुपए खर्च होते हैं। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी नदियों के प्रदूषित होने पर चिंता व्यक्त करते हैं। नदियों को प्रदूषणमुक्त करने के लिए केन्द्र सरकार ने सन 1995 से 'राष्ट्रीय नदी संरक्षण' योजना भी चला रखी है, मगर धरातल पर कोई सकारात्मक परिणाम नजर नहीं आता। धरती पर मानव जीवन सहित सभी जीवों तथा प्रकृति का वजूद नदियों व जलस्रोतों के अस्तित्व पर ही निर्भर है। शिक्षा में साक्षरता का स्तर जरूर बढ़ रहा है, मगर विश्व को अध्यात्म व ब्रह्मांड का ज्ञान देने वाले 'जगत गुरू भारत' में संस्कारों का स्तर उतना ही नीचे जा रहा है। पावन नदियों के तटों पर होने वाले कुंभ मेलों में स्नान की प्राचीन परंपरा, महाआरती तथा कई मांगलिक व धार्मिक उत्सवों का भव्य आयोजन हमारी गौरवशाली संस्कृति का अक्स है। नदियों के प्रति श्रद्धा का भाव हमारे सरोकारों में रहा है। जलस्रोतों की साफ-सफाई का स्वैच्छिक व पुण्य कार्य हमारी परंपराओं में रहा है। पवित्र नदियों व जलस्रोतों के प्रति आस्था हमारी संस्कृति रही है। प्रकृति की रक्षा करना हमारा धर्म रहा है, मगर आधुनिक समाज उन परंपराओं को दरकिनार कर चुका है। कई सांस्कृतिक विविधताओं को समेटे हुए करोड़ों आबादी का पालन-पोषण करने वाली सब नदियों का सम्मान मातृ स्वरूपा गंगा के रूप में ही होना चाहिए। भारत का वैभव रहीं आस्था की नदियों में प्रदूषण देश की व्यवस्थाओं से प्रश्न पूछने को मजबूर करता है। अतः नदियों की निर्मलता के लिए अपने पुरखों द्वारा निर्धारित सरोकारों व संस्कारों को अपनाने की जरूरत है।

## देश दुनीया से

# मेरुदंड बनाम राजदंड

**फकीर** दुनिया को प्रपंच मानता है। इसलिए आए दिन नया प्रपंच रचता है ताकि उसके अंधभक्तों का ध्यान जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं, समस्याओं और मुसीबतों पर फोकस न हो और वे हर समय कुछ नया खेलते रहें। बुद्घ, महावीर, ईसा, कबीर, नानक आदि सभी फकीरों ने जगत को प्रपंच माना है। यकीन न हो तो आदि गुरू शंकराचार्य का दर्शन पढ़ लें। शंकराचार्य का मत था कि यह जगत और जीव झूठा है। पर हमारा फकीर इन फकीरों से अलग है। बस ज़रा सा फर्क है हमारे फकीर और इन फकीरों में। हमारा फकीर आत्ममुग्ध, स्वघोषित और प्रायोजित है और इन फकीरों को दुनिया फकीर मानती थी। आत्ममुग्ध फकीर निरर्थक दलील देते हुए हर रोज़ नया वितण्डा घड़ता है और ये फकीर आत्मानुभव के आधार पर जगत को प्रपंच बताते हुए परमात्मा को उसका कर्ता और कारण बताते थे। ये फकीर लोगों को जगत से छूटने का एक उपाय बताते थे, पर स्वघोषित फकीर लोगों को उलझाए रखने के नए-नए तरीके ढूंढ़ता है। कर्नाटक हारे तो जापान-आस्ट्रेलिया हुआ, संसद के नए भवन के उद्घाटन का बहिष्कार हुआ तो सेंगाल या राजदण्ड सामने आ गया। इसके बाद जबरिया बरख़ास्त सांसद के अमेरिका प्रवास में दिए जाने वाले किसी बयान पर प्रपंच खड़ा कर दिया जाएगा। 'सबका विश्वास, अपना विकास' की इससे बेहतर और कोई मिसाल नहीं हो सकती। पर ज़हन में एक सवाल उठता है कि फकीर तो राज भोग रहा है और अगले चुनावों से पहले लोगों को भटका कर सत्ता पर क़ाबिज़ रहना चाहता है। चरणचम्पू सत्ता की मलाई पर हाथ साफ कर रहे हैं। पर अंधभक्त क्यों नाच रहे हैं। पहाड़ों में एक कहावत है, 'मोर नचदा मरेठिएँ, तीतर नचदा चाएँ, तू कयो नचदी बटोलिए, तेरा तुम्बा खादा काएँ' अर्थात 'मोर अपने पंखों पर इठलाते हुए नाचता है, तीतर चाव से नाचता है, पर गिलहरी तू क्यों नाच रही है जबकि नाचने पर कौआ तेरे सिर पर ठुँग मारता है।' यही हाल जनता जनार्दन का है। फकीर की कोशिश नेहरू को बौना साबित कर इतिहास में युगपुरुष के रूप में दर्ज होने की है, पर लोग आजादी के अमृतकाल में अब्दुला बनकर नाच रहे हैं। सत्ताई लुच्चे राजदण्ड की राजनीति कर रहे हैं, पर लोग भूखे पेट दण्ड पेले जा रहे हैं। फकीर तो स्वयम्को चौकीदार भी कहता है, शायद इसलिए डंडे, क्षमा करें राजदंड का मोह न छोड़ पा रहा हो। अतः चौकीदार को दंड चाहिए ही चाहिए, भले चीनी चोर अरुणाचल में गाँव बसा लें या बैंक लुटेरे विदेश जा बसें। एक और पहाड़ी कहावत है-राज गों, मेघ गों, चुतड़ गों न्यारा यानी राजा, बादलों और मुस्टण्डों की मनमजऱ्ी न्यारी होती है। अब राजा अर्थात फकीर का दिल था तो वह राजदंड सामने आ गया, जिसे सत्ता हस्तांतरण के वक्त लॉर्ड माऊँटबेटन द्वारा पण्डित नेहरू को सौंपे जाने का कोई ऐतिहासिक प्रमाण या दस्तावेज़ मौजूद नहीं है। अब भले अंग्रेजी हुकूमत में किसी भी सरकारी कार्य को बिना एक्ट या अधिनियम के न किए जाने की रिवायत रही हो, पर फकीर ने कह दिया तो कह दिया कि सत्ता हस्तांतरण के समय माऊँटबेटन ने नेहरू को सेंगाल दिया था, तो दिया था। खण्डन या कुछ बताने के लिए अब क़ब्र से उठ कर न माऊँटबेटन आएंगे और न माटी से उठकर नेहरू। तमिलनाडू के चुनाव सामने हैं। सत्ताई वितण्डे से कुछ भी घड़ा जा सकता है तो घड़ दिया, एंटायर पॉलीटिकल साईंस की डिग्री की तरह। गृहमंत्री कहते हैं कि इस पवित्र सेंगोल का बहुत बड़ा महत्व है और इसे किसी संग्रहालय में रखना अनुचित है। सेंगोल की स्थापना के लिए संसद भवन से अधिक उपयुक्त, पवित्र और उचित स्थान कोई हो ही नहीं सकता। पर संसद में तो गाली-गलौज भी होता है और जूतम-पैज़ार भी। झूठ भी बोला जाता है और भेदभाव का खेला भी चलता है। भारतवर्ष में लोकतांत्रिक सम्राट बनने के लिए अक्ल ज़रूरी नहीं। फकीर या वितण्डू होना काफी है। आने वाला समय वैसे भी आर्टफिशियल इंटेलीजैंस का होगा। ऐसे में फकीर का मेरूदंड हो या न हो, हाथ में सेंगोल या राजदण्ड होना जरूरी है।

> कर्नाटक हारे तो जापान-आस्ट्रेलिया हुआ, संसद के नए भवन के उद्घाटन का बहिष्कार हुआ तो सेंगाल या राजदण्ड सामने आ गया। इसके बाद जबरिया बरखास्त सांसद के अमेरिका प्रवास में दिए जाने वाले किसी बयान पर प्रपंच खड़ा कर दिया जाएगा। 'सबका विश्वास, अपना विकास' की इससे बेहतर और कोई मिसाल नहीं हो सकती। पर ज़हन में एक सवाल उठता है कि फकीर तो राज भोग रहा है और अगले चुनावों से पहले लोगों को भटका कर सत्ता पर क़ाबिज़ रहना चाहता है। चरणचम्पू सत्ता की मलाई पर हाथ साफ कर रहे हैं। पर अंधभक्त क्यों नाच रहे हैं।

## नागरिक बोध

# कब बुझेगी मणिपुर हिंसा की आग, सरकार की चौखट पर पहुंची आरक्षण की मांग

**मणिपुर** में हिंसा बढ़ती जा रही है। आरक्षण की मांग को लेकर सड़क पर उतरे कुकी और मैतेई समुदाय के लोगो ने इंफाल शहर को तहस नहस कर दिया। पुलिस जवानों की सुरक्षा व्यवस्था के बाद शहर में शांति पसर रही है। तीन मई से हिंसा शुरू हुई है।पिछले एक महीने में राज्य में उपद्रवियों ने करोड़ो का नुकसान कर दिया है। पुलिस ने एनकाउंटर कर रही है। शहर खंडहर में तब्दील हो रहा है। शहर में अब तक 80 लोगो की जान गई है। स्नाइपर गन का इस्तेमाल करने वाले लोगो का पुलिस ने एनकाउंटर किया है। मणिपुर की कुल आबादी में से 53 फीसदी मैतेई समुदाय के लोग है। 60 विधायको में से 40 विधायक इसी समुदाय के है। मणिपुर की इस हिंसा की चिंगारी अन्य राज्य को चपेट में नही ले ले। इसके लिए इस आग को जल्द से जल्द बुझाना चाहिए। जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इम्फाल घाटी में मैतेई समुदाय का वर्चस्व है। पढ़े लिखे युवाओ को सरकारी आरक्षण की मांग मनवाने सड़क पर उतरे है। ईसाई आदिवासी भड़क गए है। इसमें एसटी दर्जे की मांग को लेकर समाज ने तोड़फोड, आगजनी और संपत्ति को नुकसन करना शुरू कर दिया है। पुलिस ने बलप्रयोग कर उपद्रवियों को हटाया गया। मणिपुर की बढ़ती हिंसा का संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने रिपोर्ट मांगकर पीड़तिों को सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम पर जवाब मांगा है। मणिपुर की आगजनी और हिंसा को हर हाल में रोकना पड़ेगा। मणिपुर की घाटी पहले भी सुलगी है। लेकिन तत्कालीन राज्य सरकार ने इस समाज कीमांग को नजरअंदाज किया गया। अब हिंसा पहाड़ बनता जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट भी इस केस की सुनवाई कर रही है। हिंसा रोकना पुलिस का विषय है।इस बात को गंभीरतापूर्वक अंजाम देकर मांगो को सुनी जाए। मणिपुर हाईकोर्ट ने मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया था। इस केस को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। मणिपुर की हिंसा में निर्दोष लोगों की हत्या कलेजा कांपने वाली है। हिंसा से कोई समस्या सुलझाई नही जा सकती है।सरकार और समुदाय के आमने सामने बैठकर समस्याओं को सार्वजनिक कर खुद सरकार तक पहुंचाना ही समस्या का हल है। मारकाट और आगजनी से कोई हल दिखाई नही देता है। मैतेई समुदाय चाहता है कि इन्हें संवैधानिक कवच दिया जाए।मणिपुर को 1949 में भारत मे शामिल किया गया। विलय होने के बाद कुछ वर्षों से मांगे मनवाना शुरू कर दिया। पिछले सरकारो ने कोई ध्यान नही दिया। हिन्दू समाज की इस समुदाय की बड़ी आबादी मणिपुर में है और एक बार तख्तापलट की ताकत रखती है। नगा और कुकी समुदाय मैतेई को आरक्षण के पक्ष में नही है। राजनेताओं का मणिपुर दौरा जारी है और इंटरनेट सेवा को बंद कर दिया गया है। सभी यह चाहते है कि इस हिंसक वातावरण को बंद कर राज्य में शांति स्थापित की जाए।

# अपराधियों ने मंधनिया पंचायत के एक युवक को बेरहमी से हत्या कर फंदे से लटकाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** थाना क्षेत्र के मंधनिया पंचायत स्थित पूरनाडीह गांव में हवस की भूख में एक युवक की हत्या कर दी गई।ज्ञात हो कि पूरनाडीह गांव निवासी जोड़े गंझू का पुत्र तेतर अपने घर में अपनी पत्नी पानो देवी के साथ सोया हुआ था।रात के लगभग साढ़े बारह बजे दो युवक दरवाजा खुलवाकर तेतर को घर से बाहर ले गए और हत्या कर दिया।उक्त विषय के संबंध में पानो से पूछे जाने पर उसने बताया कि इसी वर्ष हमारी शादी तेतर के साथ हुई थी। शादी के बाद मेरा पूर्व प्रेमी सुमित मुझे और मेरे पति को जान से मारने की धमकी दिया था।वह चंदवा थाना क्षेत्र के सरनाटोली का रहने वाला है।मेरी शादी के बाद धमकी देते हुए उसने मुझे अपने पास बुलाया था। तब मैं उसके साथ भाग कर चली गई थी।उसने कुछ दिनों तक मुझे ब्लैकमेल करते हुए मेरा यौन शोषण किया फिर मुझे जाने दिया। तब मैं अपने पति के पास आ गई। इसके बाद रविवार की देर रात साढ़े बारह बजे सुमित एक अन्य युवक को लेकर मेरे घर आकर दरवाजा खुलवाया और मेरा हाथ पैर और मुंह बांधकर मेरे पति को घर से बाहर ले गया। इसके बाद भोर के समय वे दोनों युवक मेरे पति को टांगकर घर में लाए और एक कमरे में ले गए। थोड़ी देर के बाद सुमित मेरा हाथ खोल कर अपने साथी के साथ यह कह कर चला गया कि एक बार मैं तुमसे और मिलूंगा।और अगर इस घटना के बारे में तुम किसी को बताई तो मैं तुम्हें और तुम्हारे स्वसूर के साथ साथ पुरे गांव को खत्म कर दूंगा। इसके बाद जब मैं अपने पति के पास कमरे में गई तब वहां मेरे ही साड़ी से उसका शव लटकता हुआ मिला।दोनों युवकों नें मेरे पति की हत्या कर घर में लाकर फंदे से झूला दिया। पति की हत्या के बाद सोमवार को दिन भर मैं घर में अचेत अवस्था में पड़ी रही। मंगलवार को जब मुझे और मेरे पति को गांव वाले घर से बाहर निकलते हुए ना देखे तब वे घर आए तो उन्हें हत्या का पता चला। फिर सुमित के द्वारा दिए गए धमकी की बात को सुनकर डर के मारे गांव वाले किसी को बिना बताए शव को ले जाकर दाह संस्कार कर दिया।प्रत्यक्षदर्शी गांव वालों के अनुसार तेतर का दाया कान काटा हुआ था वही बांया कान भी आधे से अधिक कटकर झूल रहा था।उक्त विषय की सूचना पाकर थाना प्रभारी बमबम कुमार तेतर के घर पहुंच कर घटना का जायजा लिया।उक्त संबंध में उन्होंने बताया कि घटना की मैं गहनता से जांच कर रहा हूं जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## भारूका पेट्रोल पंप के पास ट्रक और पिकअप की हुई भीषण टक्कर, चार घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के भारूका पेट्रोल पंप के पास एनएच 39 पर बुधवार रात करीब आठ बजे ट्रक और पिकअप वाहन में भीषण टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप वाहन के परखच्चे उड़ गए,और पिकअप में सवार ड्राइवर समेत चार लोग वाहन में ही फंस गए। इधर घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंची,पुलिस के सहयोग से गैस कटर मिस्त्री को बुलाकर तत्काल बचाव अभियान चलाया गया।वहीं पिकअप वाहन में फंसे ड्राइवर सोनू कुरेशी (35 वर्ष) मोहम्मद साबिर (25 वर्ष) मोहम्मद नासिर (30 वर्ष), मोहम्मद अरशद (32 वर्ष) (सभी रामगढ़ निवासी) को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया. जिसके बाद सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सदर हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहां डॉ अखिलेश्वर प्रसाद ने प्राथमिक उपचार कर पिकअप वाहन का चालक सोनू कुरेशी, मोहम्मद साबिर, मो. नासिर तीनो को रांची रिम्स रेफर कर दिया, घायल मो. अरशद ने बताया कि वे सभी पिकअप में खसी लोड कर नगर उंटारी से रामगढ़ जा रहे थे,इसी दौरान घुमावदार मोड़ पर एक ट्रक से आमने सामने में टक्कर हो गयी। जिसमें सभी पिकअप वाहन में ही फंसे रहे, बताया जाता कि है ट्रक रांची से डालटेनगंज की ओर जा रही थी, हालांकि ट्रक में सवार दो लोग सुरक्षित रहें. घटना के बाद आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने में पुलिस का सहयोग किया। पुलिस पिकअप वाहन और ट्रक को जब्त कर थाने ले आयी है और अग्रतेर कार्रवाई में जुट गयी है। इस दौरान एनएच 39 पर आधे घंटे तक वाहनो का अवगमन पूरी तरह से ठप रहा।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में झारखंड राज्य फसल राहत योजना से संबंधित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में झारखंड राज्य फसल राहत योजना से संबंधित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक गई। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा लाभुकों से कुल प्राप्त आवेदन 61254 को रखा गया इसमें जिला स्तरीय समन्वय समिति के द्वारा कुल 24314 आवेदन को सर्वसम्मति से किसानों को लाभान्वित करने हेतु अनुमोदित किया गया। इसमें चतरा प्रखंड के 8 पंचायत गिद्धौर के 6 पंचायत पत्थलगड्डा के 5 पंचायत हंटरगंज के 28 पंचायत प्रतापपुर के 18 कुंदा के 5 एवं लावालौंग के 8 पंचायत के किसान भाइयों को लाभान्वित किया जा रहा है। वहीं सहकारिता पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई की किसानों के 30त्न से 50 प्रतिशत तक फसल क्षति होने पर 3000 रुपया एवं 50त्न से अधिक क्षति होने पर 4000 रुपया दिया जाएगा।बैठक में उपायुक्त द्वारा सहकारिता पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि जो भी योग्य लाभुकों के आवेदन को आज अनुमोदित किया गया है। उसे जल्द से जल्द नोडल पदाधिकारी झारखंड रांची के लॉगिन में भेंजे जिससे सभी योग्य लाभुकों को झारखंड राज्य फसल राहत योजना से लाभान्वित किया जा सके। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# लावालौंग के सेंचुरी क्षेत्र में धड़ल्ले से केंदू पत्ता की तुड़ाई

➲वन विभाग द्वारा इस वर्ष नहीं मिली है पत्ता तोड़ने की एनओसी
➲विभाग द्वारा बीड़ी पत्ता का नहीं हुआ है टेंडर, अवैध बीड़ी पत्ता तोड़ाई जोरो पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/सिमरिया :** अनुमण्डल क्षेत्र के लावालौंग क्षेत्र में इन दिनों धड़ल्ले से अवैध रूप से बीड़ी पत्ता की तोड़ाई किया जा रहा है। जबकि विभाग द्वारा बीड़ी पत्ता की टेंडर नहीं हुई है और ना वन विभाग के टिटोरियल द्वारा बीड़ी पत्ता तोड़ने की एनओसी मिली है। लेकिन कुछ गोरख धंधा में लिप्त लोग कुछ पदाधिकारियों के मिलीभगत से अंधाधुंध बीड़ी पत्ता की तुड़ाई करवा रहें है। जबकि यह बिलकुल अवैध है। एक तरफ यदि कोई व्यक्ति वन विभाग से एक पेड़ काटने एवं वन को नुकशान करते पाया जाता है तो उस पर वन अधिनियम के तहत जेल भेज दिया जाता है। किंतु लावालौंग क्षेत्र में इतने बड़े पैमाने पर अवैध रूप से बीड़ी पत्ता फंड़ी खुला हुआ है जिसमें हमेशा भीड़ हीं भीड़ नजर आती है और प्रतिदिन लावालौंग सेंचुरी जंगल से हजारो बंडल बीड़ी पत्ता की तोड़ाई किया जा रहा है। फिर भी वन विभाग के अधिकारी खामोश हैं। इधर ग्रामीणों के माने तो उनका कहना है कि वन विभाग से लेकर अन्य तक मिली भगत है ।सबका प्रसाद चढ़ावा किया जा चुका है। जिसके कारण वैसे लोगों को आशीर्वाद प्राप्त है। जिसका नतीजा है कि कोई भी अधिकारी सब कुछ देख कर अंधा का रौल कर रहें है।

# तपती गर्मी, सूखते चापाकल से हो रही है दुकानदारों के बीच पानी की किल्लत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय के निकट स्थित रेफरल अस्पताल मैदान में तीन चापानल लगाया गया है। जिन चापानलों पर सिमरिया सुभाष चौक के दुकानदार आश्रित होकर अपनी प्यास बुझा रहे थे। उक्त तीनों चापानल तपती गर्मी व चिलचिलाती धूप में खराब हो गया है। जिससे इस भीषण गर्मी में दुकानदारों को अपनी प्यास बुझाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस समस्या से संबंधित विभाग को अवगत कराने पर विभाग के कर्मियों द्वारा चापानल की मरम्मती के नाम पर खानापूर्ति कर दी जाती है। जिसके कारण मरम्मती के चंद ही दिनों बाद चापानल खराब हो जाता है और स्थानीय दुकानदारों की समस्या ज्यों की त्यों बनी रह जाती है। जबकि चतरा उपायुक्त द्वारा सख्त निर्देश है कि तपती गर्मी व चिलचिलाती धूप में पानी की किल्लत ना हो इसके लिए संबंधित विभाग विशेष ध्यान रखें और सहजता पूर्वक जलापूर्ति कराएं ताकि लोगों को पीने की पानी का किल्लत ना हो। बावजूद संबंधित विभाग के लापरवाह कर्मियों के कारण प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में आए दिन ये समस्याएं उत्पन्न हो रह है। जो यह स्पष्ट दर्शा रहा है कि सम्बंधित विभाग के कर्मी अपने कार्य के प्रति कितने लगनशील और जिम्मेवार हैं। जबकि पाने आपूर्ति के लिए सरकार द्वारा जलनल योजना के तहत घर घर तक पानी आपूर्ति करवानी है किंतु क्षेत्र में बढ़ती चील चिलाती धुप के कारण जल स्तर नीचे चला गया । फिर भी सवेंदक द्वारा नए बोरिंग करना छोड़ पुराने चापानल के बोरिंग में मोटर लगा अपना खाना पूर्ति कर दे रहें है जिसका कारण है कि ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति नगण्य है। लोग एक एक किलो मीटर से पानी लाकर पिने को मजबूर हैं। हलाकिं उक्त जलनल सवेंदक का काला करतूत पत्रकारो ने प्रमुखता से उजागर किया है किंतु उच्चस्तरीय पदाधिकारियों की मिलीभगत से तथा पीएचडी विभाग के काला कारनामे से इसका अभी तक ना कार्रवाई किया गया है और ना जांच किया जा रहा है । वैसे में अब ग्रामीण कुछ बोलने से कतरा रहे हैं।

## भाजपा जिला कार्यालय में लोहरदगा लोकसभा महाजनसंपर्क अभियान टोली की बैठक आज

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की लोहरदगा लोकसभा महाजनसंपर्क अभियान टोली की बैठक बख्शिडिपा स्थित जिला कार्यालय में दोपहर 2:00 बजे आयोजित की गई है। जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा एसटी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर शामिल होगीं। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पशुपति नाथ पारस ने दी।

## छतरपुर-डुमरिया मुख्य पथ जर्जर, खतरा के दे रहा है संकेत



**नौडीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौडीहा बाजार प्रखंड के छतरपुर -डुमरिया मुख्य पथ बारा मोड़ के पास सड़क के स्थिति काफी जर्जर बनी हुई और कभी भी इस सड़क मे दुर्घटना के की संभावना बनी रहती है। और इस मुख्य पथ मे रोजाना ओभर लोड हाईवा का परिचालन होता है, जिसके कारण काफी गाढा बन गई। प्रतिदिन बाइक असंतुलन हो गिर जाते है, कभी कभी तो बड़े गाड़ी भी दुर्घटना होने से बाल बाल बच जाती है। इस सड़क पर पथ निर्माण के कोई अधिकारी का नज़र नहीं जा है, और न् कोई जन प्रतिनिधि का भी ध्यान नहीं जा रहा है। अगर माईस मालिक के द्वारा भी थोड़ा भी ध्यान होता तो गढे पत्थर के टुकड़े भी डाल देते तो खतरा कुछ कम हो सकता था, लेकिन उनकी भी नज़र नहीं पड़ रही है। कब तक लोग खतरा के नेवता देने के लिए मजबुर रह सकते है।

# पंचायत को नशामुक्त करने को लेकर की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारीयातु प्रखण्ड अंतर्गत टोंटी बाजार टांड मे गुरुवार को पंचायत को नशा मुक्ति बनाने हेतु पंचायत समिति सदस्य मोहम्मद होजैफा ने पंचायत स्तरीय बुद्धिजीवीयों के साथ बैठक किया। बैठक को संबोधित करते हुए पंसस होजैफा ने कहा कि शराब समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधक है। लोग शराब के कारण स्वय को और अपने पूरे परिवार की जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। शराब के कारण लोग अपने बच्चों को संसकार, शिक्षा, व अच्छा समाज नहीं दे पा रहे हैं। वही समाज सेवी धनेश्वर उरांव ने कहा कि शराब के कारण ही पंचायत के कई युवाओं की जान चली गई. शराब दिमक की तरह परिवार को बर्बाद कर देता है। समाज सेवी मो सालिम ने कहा कि शराब पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए महिलाओं को आगे आना होगा। और हर सप्ताह गाँव गाँव में बैठक कर लोगों को जागरूक करना होगा। बैठक मे उपस्थित महिला पुरुषों ने शराब मुक्त पंचायत बनाने का संकल्प लिया। मौके पर उप मुखिया जितेंद्र कुमार, मनोज उरांव, बिशुन्देव उरांव, नागदेव उरांव, शिला देवी आदि उपस्थित थे।

# कुडू थाना क्षेत्र से गायब नाबालिग का दसवें दिन भी नही मिला कोई सुराग

➲मामले में नामजद तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल
➲अपहृत लड़की का तथाकथित वीडियो वायरल होने के बाद सैंकड़ो की संख्या में आक्रोशित ग्रामीण पहुंचे थाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू थाना क्षेत्र के जिमा चौक से 8वी कक्षा की एक नाबालिग छात्रा के गायब होने के दस दिन बाद भी कोई सुराग हाथ नही लगा। इधर लड़की की सकुशल बरामदगी के लिए कुडू पुलिस छापेमारी कर रही है। तफ्तीश में जुटी पुलिस ने जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी डाढु गांव से तीन नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही ही थी कि बुधवार की शाम सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद लड़की के गांव वाले आक्रोशित हो गए और सैंकड़ो की संख्या में कुडू थाना पहुंच गए। और लड़की की तत्काल बरामदगी की मांग करने लगे। वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एक नाबालिक लड़की किसी जंगल के पास अचेतावस्था में पड़ी है और आस-पास में भी कई लोग जमा है, वही वीडियो बनाने वाला बोल रहा है की नाबालिग के साथ सामुहिक दुष्कर्म किया गया है। नाबालिग के पिता और परिजन वायरल वीडियो में दिखाई दे रही बेसुध लड़की को अपनी बेटी के रूप में पहचान कर रहे है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ बीएन सिंह भी कुडू थाना पहुंचे और देर रात तक आक्रोशित ग्रामीणों को समझाया और लड़की की बरामदगी का आश्वासन दिया जिसके बाद ग्रामीण शान्त हुए। ज्ञात हो कि बीते 23 मई को नाबालिग अपने घर से जिमा चौक गयी थी। जहां से वापस नही लौटी। जिसके बाद परीजनो ने लापता होने की सूचना कुडू थाना को दी थी। काफी खोजबीन के बाद परिजनों को सुराग मिला कि चित्री डाढु के कुछ युवक नाबालिग का अपहरण कर ले गए हैं। इसके बाद लडकी के पिता ने कुडू थाना में आवेदन देकर लड़की के अपहरण का आरोप लगाते हुए कुछ युवकों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। साथ ही लोगों से मिले सुराग भी पुलिस को बताया था। जिसपर कुडू पुलिस ने 28 मइ को प्राथमिकी दर्ज कर चित्री डाढु निवासी मोइन अंसारी पिता फारूक अंसारी, शाहबाज़ अंसारी पिता ज़ाफ़त अंसारी और सिराजुल अंसारी को हिरासत में लिया था। पूछताछ के बाद सभी को गुरुवार को जेल भेज दिया गया। लड़की के पिता व परिजनों ने बताया कि लड़की को गायब करने वालों में एक युवक लड़कियों की तस्करी का काम करता है। लोगों को शक है कि लड़की को कहीं बेच दिया गया है। फिलहाल पुलिस तमाम पहलुओं पर जांच करते हुए लड़की की बरामदगी के प्रयास में जुटी है।

## लिपिक नियुक्ति को लेकर झारनेट सभागार लोहरदगा में सर्टिफिकेट जांच आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची के द्वारा विज्ञापन संख्या 01/2017 (नियमित रिक्ति) एवं 02 / 2017 (बैकलॉग रिक्ति) के आलोक में इंटरमीडिएट स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2017 (नियमित एवं बैकलॉग) के राज्य स्तर मेधा सूची के आधार पर निम्नवर्गीय लिपिक (जिला समाहरणालय) के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसा की गयी है। सरकार के सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1730 (3) / रा0 दिनांक 19.05.2023 के आलोक में समाहरणालय लोहरदगा के लिए अनुशंसित सभी निम्नवर्गीय लिपिकों को सूचित किया जाता है कि आपके सभी प्रमाण पत्रों की जांच दिनांक 02.06.2023 (शुक्रवार) को झारनेट सभागार, लोहरदगा में पूर्वाहन 10.30 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक की जाएगी।

## गुड्डू कार्यकर्ता के दाह संसकार में पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी हुए शामिल



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चट्टीपार गांव पहुंचे पूर्व केएन त्रिपाठी, अपने कार्यकर्ता की अंतिम यात्रा में हुए शामिल। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री व डाल्टनगंज के पूर्व विधायक रहे केएन त्रिपाठी चैनपुर प्रखंड अंतर्गत चट्टीपार गांव पहुंचे जहां वह अपने कार्यकर्ता गुड्डू कुमार पासवान के आकाश्मिक निर्धन होने पर उनके परिजनों से मिलकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके अंतिम यात्रा में शामिल हुवे उन्होंने कहा की उनके लिए एक यह कार्यकर्ता बहुत महत्वपूर्ण है उनके शुख दुख में शामिल होना कर्तव्य बनता है। इस दुख की घड़ी में परिवार को दुख सहने की भगवान ताकत दे।लोगों के चेहरे पर जहां गम की साया स्पष्ट दिख रही थी वहीं आंखें नम थी। इसमें इतने लोग शामिल थे कि कुछ देर के लिए यातायात भी ठप हो गई। लोग जहां स्व. मंडल अमर रहे के बारे लगा रहे थे।

# टेट पास सहायक अध्यापक सरकार के वादाखिलाफी के खिलाफ करेंगे आंदोलन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित खेल स्टेडियम में गुरुवार को टेट पास सहायक अध्यापकों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी सहायक अध्यापकों ने राज्य सरकार के वादाखिलाफी से नाराज नजर आए। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश यादव और प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य अरविंद कुमार चंद्रवंशी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश यादव ने कहा हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि आने वाले 3 महीनों में सभी पारा शिक्षकों को वेतनमान दिया जाएगा पर सरकार बने 3 साल से ज्यादा हो गया है और सरकार हमारे साथ वादा खिलाफी करने का कार्य कर रही है जिससे हम सभी आहत हैं। कहा कि अब सभी टेट पास सहायक अध्यापक सरकार के खिलाफ आंदोलन करने का निर्णय लिया है जिसकी सारी जवाबदेही सरकार की होगी। मौके पर जिला अध्यक्ष घनश्याम कुमार चंद्रवंशी, जिला सचिव नंदकिशोर प्रसाद, जिला कोषाध्यक्ष संजय यादव, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश यादव, लल्लन यादव, जिला संरक्षक निर्मल यादव, संयोजक प्रमोद यादव, संगठन मंत्री राजेश प्रसाद गुप्ता, मीडिया प्रभारी हरिओम प्रसाद, मनिका प्रखंड अध्यक्ष दिलीप यादव, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष ललन कुमार यादव, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष मनीष पांडे, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष संजीत प्रसाद, हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष राम प्रकाश यादव, बारियातू प्रखंड अध्यक्ष अमरेश यादव ,बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष बलराम सिंह, गारू प्रखंड अध्यक्ष पंकज कश्यप समेत अन्य मौजूद रहे।

# विधायक ने कब्रिस्तान चारदिवारी निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** गुरुवार को बरवाडीह रेलवे स्टेशन के करीब कल्याण विभाग अंतर्गत कब्रिस्तान चारदिवारी निर्माण कार्य का भूमिपूजन क्षेत्र के सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह ने की। जहां कार्यक्रम की शुरुआत वसूल के मुताबिक फातेहा खानी कर की गई। बताया जा रहा है कि उक्त कब्रिस्तान की चारदीवारी निर्माण कार्य की लागत 24 लाख 90 हजार रुपए हैं। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की जनता चाहे वह किसी भी समुदाय से हों उनकी हर समाजिक जरुरतों को पुरा करने का संकल्प है चाहे वह सरना चारदिवारी निर्माण कार्य हो, मसना चारदिवारी धुमकुडिया भवन, छठ घाट, शमशान घाट वगैरह हो या फिर सामुदायिक भवन हो। हमारा सभी समुदाय के लोगों को एक सुत्र में बांधने का हमेशा से प्रयास रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की कोशिश यही है कि क्षेत्र का विकास हो, क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाकों में आवागमन सुविधा के लिए सड़कें, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण कार्य समेत कई योजनाएं सरकार के द्वारा चलाई जा रही है जिसमें हर तबके को लाभ मिल रहा है। मौके पर बीस सुत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, युवा कांग्रेस प्रदेश सदस्य विजय बहादुर सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के कांग्रेस जिला अध्यक्ष सलाम अंसारी, वरिष्ठ नेता सुरेश यादव, दीपू तिवारी, रविन्द्र राम, अजय चंद्रवंशी, असलम अंसारी, अख्तर खान, गुलाम शाबीर, रविन्द्र पासवान, कृष्णा साव भगवान साव, निजाम अंसारी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जनसेवकों का अनिश्चितकालीन हड़ताल लगातार 24वें दिन भी जारी




**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जनसेवकों का अनिश्चितकालीन हड़ताल लगातार 24वें दिन भी जारी रहा। सदर प्रखण्ड कार्यालय, रामगढ़ प्रखंड के निकट प्रखंड सभागार के बरामदे में धरना के लिए सभी जनसेवक उपस्थित हुए।जनसेवकों को झारखंड राज्य जनसेवक संघ के महामंत्री लोकेश कुमार के द्वारा बताया गया कि कल न्याय यात्रा के बाद प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात की, मुख्यमंत्री स्वयं को इस मुद्दे पर सकारात्मक बताते हुए बताया कि कृषि मंत्री बादल पत्रलेख को इस बाबत आवश्यक निर्देश दिया जा चुका है।रामगढ़ जिला के सभी जनसेवकों ने दिनांक 31.05.2023 को रांची में आयोजित न्याय यात्रा कार्यक्रम में शामिल होकर अपने हक और अधिकार का नारा बुलंद किया। न्याय यात्रा के दौरान त्राहिमाम से पहले न्याय दो, कोहराम से पहले न्याय दो, जन आंदोलन से पहले न्याय दो आदि नारों के साथ लगभग 5 किलोमीटर यात्रा कर धुर्वा गोलचक्कर में पहुंचकर धरना में शामिल हुए। धरना स्थल पर महासंघ तथा एनएमओपीएस जेएचएआरओटीईएफ के पदाधिकारियों ने साथ मिलकर आंदोलन की रणनीति बनाने का बेहतरीन सुझाव दिया।ज्ञातव्य हो कि झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ के आह्वान पर ग्रेड पे कम करने एवम 11 सूत्री मांगों के आलोक में रामगढ़ जिला समेत राज्य के चौबीसों जिलों के सभी जनसेवक अनिश्चितकालीन हड़ताल में हैं। 24 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कृषि विभाग और राज्य सरकार द्वारा जनसेवक संघ के माँगो पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया है।जनसेवकों के हड़ताल में जाने से जिलें के विकास कार्य पूरी तरह बाधित है। जिला सचिव रविन्द्र कुमार महतो ने बताया कि विभाग द्वारा शीघ्र सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया तो जल्द कार्रवाई हेतु सरकार पर दबाव बनाने के उद्देश्य से आमरण अनशन जैसे सख्त कदम हेतु प्रस्ताव राज्य संघ को भेजा जाएगा।इस धरना में झारखंड राज्य जनसेवक संघ के महामंत्री लोकेश कुमार, सचिव रविन्द्र कुमार महतो, संयुक्त सचिव उपेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार गुप्ता, संरक्षक अनिल कुमार महतो, संजीव करमाली, छत्रधारी महतो, त्रिलोकी नाथ महतो, परमानंद कुमार, पंकज कुमार, महादेव महतो, विनीता सिंह, ज्ञानी प्रताप भारतीसमेत अनेक जनसेवक शामिल हुए।

### मैट्रिक एवं इंटर के 30 उत्कृष्ट छात्र- छात्राओं को मांडू चट्टी पंचायत मुखिया ने सम्मानित किया

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मांडू चट्टी पंचायत अनीता देवी मुखिया द्वारा मैट्रिक एवं इंटर के छात्रों का सम्मान समारोह कार्यक्रम पंचायत सचिवालय,मांडू चट्टी में किया गया ।इस समारोह को सफल बनाने में समाज सेवी छोटेलाल भुइयां का सराहनीय भूमिका रही ।इस कार्यक्रम का शुभारंभ सावित्री बाई फुले और फातिमा शेख के फोटो पर माल्यार्पण करके तथा दीप जलाकर किया गया । इस कार्यक्रम में मैट्रिक एवं इंटर के 30 छात्र और छात्राओं को वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शील्ड , मेडल , माला और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया, जिसमे इंटर में प्रथम सुमन कुमारी (86.6%), द्वितीय कनिका कुमारी (84.2%) और तृतीय अर्चिका रानी (84.2%) तथा मैट्रिक में प्रथम रागिनी कुमारी (95.4%), द्वितीय रिमिल हांसदा (91.4%) और तृतीय हिमांशु पटेल (91.%) है । सर्वप्रथम आए हुए सभी गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षाविद तथा अभिभावको को फूलो की माला पहनाकर अभिवादन किया गया । इस कार्यक्रम में मुखिया अनीता देवी एवं सम्मानित समाज सेवियों द्वारा कहा गया कि बच्चे अपनी अग्रेत्तर पढ़ाई जारी रखे और आगे की पढ़ाई में किसी तरह का बाधा होती है, तो पंचायत स्तर पर कभी भी संपर्क करे, इनके द्वारा निदान करने का आश्वासन दिया गया ।शिक्षकों , अभिभावकों , छात्र - छात्राओं से आग्रह किया, कि आप कड़ी मेहनत करके मांडू चट्टी पंचायत का नाम रौशन करे , ताकि इस तरह का कार्यक्रम भविष्य में और बेहतर रूप से करते रहेंगे । इस कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक रेणु गुप्ता, राजा अली खान, राजेश हांसदा, चंद्रशेखर प्रसाद, रंजित प्रसाद, रश्मि बेसरा, नेहरू लाल, भीम कुमार शर्मा, अंजू अग्रवाल, वीणा सिन्हा, ललिता देवी, सज्जाद ज़हीर, मुख्तार अंसारी, त्रिभुवन गुप्ता, अनिल रजक, रविंद्र कुमार, मंजू सिंह, अमित कुमार, दीपनारायण गुप्ता, उजाला सिंह, अनीता देवी, शर्मिला देवी,शिवनारायण गुप्ता, मनीष कुमार, अभिषेक कुमार, सतीश कुमार थे, जिनके अथक प्रयास से बच्चों को यह मुकाम मिला । इस कार्यक्रम गणमान्य व्यक्तियों में , अशोक साव, प्रभुवन राम, देवनाथ सिंह, सर्वजीत सिंह,अजय कुमार, प्रद्युमन प्रसाद चंदन, रेखा चंदन, मो. असलम, राकेश कुमार , नवरतन साव, दिगंबर गंझू, भोला गुप्ता, प्रदीप मोदी, मो. मोबिन, दीपक साव, नागेश्वर प्रजापति, योगेश्वर महतो, सुरेश महतो, लालवती देवी, मो. मिस्टर, मुमताज कुरैशी, सुरेंद्र गुप्ता, मोहन कुमार, कृष्ण कांत गुप्ता, रोहित कुमार, मांडू चट्टी पंचायत के जन प्रतिनिधि में पंकज गुप्ता, बबिता देवी, आशा कुमारी, चुरामण गंझू, मनोज मोदी तथा छात्र- छात्राओं के अभिभावक मौजूद थे ।

# जल जीवन मिशन स्कीम से नही मिल रहा है पानी, तपती गर्मी में पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है ग्रामीण

**मो अफ़ज़ल अंसारी**

**चरही :** जल जीवन मिशन स्कीम की शुरुआत हमारे देश के प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 15 अगस्त 2019 को की गयी। देश के लगभग 50त्न ऐसे ग्रामीण क्षेत्र है जहां अभी भी लोगो को पानी की समस्या होती है। उन क्षेत्रों में पीने के पानी को पहुंचाने के लिए मोदी जी ने इस स्कीम का शुभारम्भ किये थे। चुरचू प्रखंड के चरही पंचायत के आसपास में कुछ टोला में यह जल नल योजना से पानी तो मिल रहा है लेकिन कुछ मोहल्ले में अभी तक एक बूंद जल नल योजना से पानी नसीब नहीं हुआ है इतनी तपती गर्मी में लोगों को दर-दर भटकना पड़ता है इस योजना का मुख्य उद्देश्य था की सभी के घरों में नलों के माध्यम से स्वच्छ जल मिले ताकि लोगो को तपती गर्मी में पानी के लिए दर-दर ना भटकना पड़े। लेकिन वही लगातार चरही उपमुखिया अभिजीत सिंह द्वारा जल जीवन मिशन चुरचू के व्हाट्सएप ग्रुप में लगातार सूचना देने के बावजूद भी संवेदक द्वारा कार्य को पूर्णरूप से ठीक नहीं किया जा रहा है वही व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से ही कुछ ग्रामीण अपने-अपने नल खोल के दिखा रहे हैं कि हमारे यहां पानी नहीं आया है वही मुस्लिम मोहल्ला की एक बूढ़ी महिला भी अपनी दुःख को व्यक्त कर रही है कि इतनी तपती गर्मी में पानी में लाने जाऊं तो कहां मेरे नल से रामनवमी की जुलूस के दिन ही 1 दिन पानी आई उसके बाद अभी तक पानी नहीं आई प्रतिदिन सुबह उठकर देखती हूं कि नल से पानी शायद आ रहा होगा इसलिए मैं हमेशा नल खोल कर छोड़ चुकी हूं हो सके किसी समय भी हमारे नल से पानी आ जाए। वही चरही उपमुखिया अभिजीत सिंह ने बताया की जल जीवन मिशन जमीनी स्तर पर फैल दिखते नज़र आ रहे हैं। वही मोटी मोटी पाइपलाइन बिछाने के बावजूद भी लोगों को स्वच्छ पानी नहीं मिल रहा है जब शुरुआती दौर पर मोटी मोटी पाइपलाइन बिछाई गई तो ग्रामीणों में बहुत ही खुशी की लहर उठी थी कि हम लोगों को गर्मी में पानी के लिए दर-दर भटकना नही पड़ेगा। वही बहेरा पंचायत में बने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट कुछ दिन पूर्व खराब थी लेकिन इसको बनाकर 29 मई 2023 को बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो ने पूजा अर्चना करके वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को शुरुआत की थी ताकि लोगों को तपती गर्मी में पानी मिल पाए इस वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से 15 टोला में पानी मिलना है वही बहेरा पंचायत के वार्ड सदस्य नुसरत जहां और मो अजरुद्दीन अंसारी ने बताया कि हमारे टोला में भी नल से अभी तक पानी नहीं आया जब वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का हमारे मुखिया देवकी महतो ने पूजा अर्चना कर चालू किए तो लगा की हमारे टोला में भी अब पानी मिल पाएगा लेकिन अभी तक नहीं मिल पा रही थी तपती गर्मी में हमारे टोला के ग्रामीण दर-दर भटकने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार इस योजना से संवेदक को लगातार पांच वर्ष अपने देखरेख में ग्रामीणों को स्वच्छ पानी मुहैया कराना है लेकिन शुरुआती वर्ष में ही यह हाल है आने वाले वर्ष में क्या होगा कि आने वाले समय ही बताएगा अब देखना है कि संवेदक कार्य को कब सुधार करके लोगों को स्वच्छ पानी दे पाते हैं या नहीं हमारे प्रधानमंत्री के जल जीवन मिशन को सफल हो पाता है कि नहीं सन 2024 में हर घर जल देने का संकल्प हमारे देश के प्रधानमंत्री ने लिए थे वो ज़मीनी अस्तर से पुरा होता है कि नही या सिर्फ कागज कलम में ही दिखेगा।

## सडक़ दुर्घटना में मालवाहक चालक घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** गोरहर थाना क्षेत्र के बेलकप्पी नदी पुल के समीप तडके दोपहर 03~30श्चद्व बजे कंटेनर वाहन का टायर फटने से दुर्घटनाग्रस्त हो कर बीच सडक़ पर पलट गई।और वाहन चालक घायल हो गया स्थानीय लोगों के द्वारा चालक को सुरक्षित निकाल कर स्थानीय प्रशासन को सडक़ दुर्घटना की सूचना दी गई।सूचना मिलते ही



गोरहर थाना प्रभारी मुकेश कुमार अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर।घायलावस्था में वाहन चालक को ईलाज हेतु अस्पताल भेजा गया।

## नि:शुल्क दंत जांच शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल द्वारा कटकमदाग प्रखण्ड स्थित ग्राम लुटा के आंगनबाड़ी केंद्र में निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें नि~शुल्क दंत जांच के साथ ही साथ नि~शुल्क नेत्र का भी जांच की गई। जिसमें कुल 67 ग्रामीणों ने शिविर का लाभ लिया एवं दांतों से संबंधित चिकित्सकों से निशुल्क परामर्श प्राप्त किया। इस दौरान चिकित्सकों ने मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया। चिकित्सकों की टीम द्वारा शिविर में मुंह एवं दांत में होने वाली बिमारियों एवं इसके रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया गया। दांतों की देखभाल के लिए विशेष रूप से जानकारी दी गई। वही शिविर में खराब दांत निकालने जैसी प्रक्रियाएं की सेवा भी दी गई। कई मरीजों ने लाभ लिया। उक्त अवसर पर पंचायत के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने निशुल्क बुनियादी उपचार के प्रति डेंटल कॉलेज का आभार जताया व डेंटल टीम व मेडिकल टीम की सरहाना की। डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि मुंह एवं दांत के उचित देखभाल एवं साफ-सफाई से मुंह एवं दांत में होने वाले कई गंभीर बिमारियों से बचा जा सकता है। यदि मुंह एवं दांत में किसी प्रकार का कोई लक्षण दिखाई दे तो तत्काल समय रहते चिकित्सकों से उचित परामर्श ले। उन्होंने बताया कि डेंटल कॉलेज का आदर्श वाक्य कम लागत मे बुनियादी व गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा प्रदान करना है। अन्य उपचारों में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। शिविर के दौरान लोक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग डॉ. निषाद गवली एवं डॉ. सोम्या राज ने विभिन्न रोगों और उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। वहीं शिविर के दौरान डॉ शुभम मिश्रा, डॉ अब्दुल्ला जफर, डॉ रोमा कुमारी, डॉ. ईशा कुमारी एवं डॉ प्रियाशी भारती ने अपना बहुमुल्य योगदान दिया।

## चुट्टुपालु घाटी में 5 गाड़ियां आपस में टकराई कई लोग घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ चुट्टुपालु घाटी में गुरुवार को अहले सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना घटी है। जिसमें 4 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इस दुर्घटना में पांच वाहन आपस में टकरा गए हैं। जिससे कि रांची पटना हाईवे सुबह से जाम की स्थिति में रही। जाम में सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन फंस चुके थे। जानकारी के अनुसार गुरुवार के प्रातः 6~30 बजे के लगभग रांची की ओर से आ रही एक ट्रेलर दुर्घटना ग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना के वक्त पीछे से आ रहे 2 कार एक बाइक और एक अन्य वाहन भी इसके चपेट में आ गए हैं। जिसके बाद से रामगढ़ रांची मार्ग घाटी में जाम हो गई है। दुर्घटना में चार लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की बात सामने आई है। रामगढ़ पुलिस घायलों को इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल में भेजा है। जहां घायलों का इलाज चल रहा है। दुर्घटना के बाद से सड़कों पर बिखरी दुर्घटनाग्रस्त



वाहनों को हटाने के लिए रामगढ़ पुलिस प्रशासन क्रेन का सहारा लेकर काम कर रहा है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने का काम चल रहा है। इस दुर्घटना से रांची पटना मुख्य मार्ग पुरी तरह से जाम रहा जिससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा लगभग सुबह 6~30 बजे से लेकर 12~00 बजे तक एन एच 33 रोड जाम रहा पुलिस प्रशासन ने जिला प्रशासन की मदद से यह रोड जाम खाली कराया गया।

## ताइक्कांडो संघ के खिलाडी दिल्ली के लिए हुए रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर में शिक्षा के साथ खेल के प्रति काफी सक्रियता खिलाड़ियों में देखने को मिल रही है। इसी सक्रियता के बीच हजारीबाग ताइक्कांडो संघ के खिलाड़ी विनीत पारासर, सौम्या ऐकत, आलोक, बंटी के साथ कोच रोशन कुमार चौहान एवं संघ के सचिव हेमंत कुमार शामिल है।सभी दिल्ली एन.सी.टी मे आयोजित 68वी राष्ट्रीय स्कूली गेम प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। यह प्रतियोगिता 6 जून से 12 जून तक चलेगी। जिसमें देश भर के विभिन्न राज्यो से सैकड़ों खिलाड़ी सम्मिलित होने वाले हैं। इस खेल में ताइक्कांडो के अलावा कई अन्य खेल के कई प्रतियोगिता आयोजित की गई है। हजारीबाग से खिलाड़ियों को गुरुवार को युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के बड़े भाई आनंद बस के संचालक गुंजन जैन एवं अनिकेश जैन के द्वारा सभी खिलाड़ियों को माला पहनाकर ससम्मान रांची रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया। जिसके बाद सभी खिलाड़ी रांची रेलवे



स्टेशन से दिल्ली के लिए रवाना होगे। युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी हजारीबाग के गौरव है। दिल्ली में जीत दर्ज कर हजारीबाग का परचम लहरा कर वापस लौटे। मैं ईश्वर से कामना करता हूं कि आप सब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अनेकों पदक जीतकर हजारीबाग का नाम रोशन करें आपकी जीत हजारीबाग वासियों की जीत होगी साथियों ने कहा कि अपने बड़े भाई आनंद बस के संचालक गुंजन जैन एवं अनिकेश जैन का आभार प्रकट करता हूं।

# जनसंवाद यात्रा का व्यापक राजनीतिक असर हर तरह होने लगी है स्थानीय मुद्दों की चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** जनसंवाद यात्रा ने अपना व्यापक असर दिखाना शुरू कर दिया है। गाँव -गली में आवाज गूंजने लगी है।चौक चौराहा पर जनसंवाद यात्रा की चर्चा जोरों पर है। जिस इलाके में पहले कभी स्थानीय मुद्दों की चर्चा तक नहीं होती थी आज वहां स्थानीय मसले चर्चा के केंद्र में हैं।जनसंवाद यात्रा के शुरू होने के बाद से अब 1 माह का वक्त गुजर चुका है। पिछले एक माह में नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से अलग-अलग इलाकों में जाकर जनता को जागरूक करने का प्रयास किया गया है।जनसंवाद यात्रा के संदर्भ में बताते हुए संजय मेहता कहते हैं कि हम लोगों ने यह बीड़ा उठाया है कि जनता को जागरूक करेंगे।हमारे इलाके में राजनीतिक चेतना का अभाव है एक बड़ी आबादी शोषित और पीड़ित है। युवा आबादी का पलायन हो जा रहा है। रोजगार और शिक्षा जैसे विषय राजनीति के केंद्र में नहीं है।नफरत और केस मुकदमे की राजनीति इस इलाके की पहचान बन गई है। ऐसे में यह बेहद जरूरी था कि जनता को जागरूक किया जाए।हम लोगों को जनता का अपार साथ



मिल रहा है । उरवां मोड में आयोजित जन संवाद यात्रा के तहत सभा में झारखंड के स्थानीय मसलो पर विचार व्यक्त किया गया।कहा गया कि स्थानीय नीति, नियोजन नीति और पुनर्वास नीति झारखंड के भीतर नहीं बनने के कारण एक बड़ी आबादी परेशान है। यहां के लोगों का हक लूटा और छीना जा रहा है।ऐसे में आखिर झारखंड के लोग कहां जाएंगे इन सवालों पर सोचना होगा। गौर करना होगा।भुवनेश्वर यादव ने कहा कि माटी का कर्ज चुकाने के लिए यहां के लोगों को मैदान में उतरना होगा।उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि बरही की धरती को बचाने के लिए आज से अभी से इसी वक्त से एक नया संकल्प लेने की जरूरत है।जब तक हम संकल्प नहीं लेंगे तब तक हम अगली पीढ़ी के लिए एक बेहतर वातावरण नहीं तैयार कर पाएंगे।उन्होंने कहा कि शिक्षा जैसे सवाल पर हमारे इलाके में ढंग के शैक्षणिक संस्थान भी नहीं है। ऐसे में हमारे बच्चे कहां पढ़ेंगे। इन सवालों पर गौर करने की जरूरत है।मंच का संचालन करते हुए रवि सोनी ने कहा कि बरही को अब बदलाव की जरूरत है।साथ ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र को भी बदलाव की जरूरत है। बाहरी तत्व के द्वारा अपने क्षेत्र को बर्बाद होते हुए नहीं देखा जा सकता।इस दौरान सभा में महेश रजक, अरूण यादव, रविन्द्र यादव, देवधारी यादव, विकास यादव, मोहम्मद अनवर, सैयद इबरार, सैयद समशुद्दीन, सरयु प्रसाद कुशवाहा , जगदीश राम, सुरेश यादव, रामदेव यादव, पप्पू कुमार यादव, मंगल यादव, दामोदर यादव, शिवशंकर यादव, सिताराम मोदी,राजेन्द्र चौधरी, जागेश्वर यादव ईश्वर राम, संतोष यादव, पिन्टु यादव, सिताराम यादव, तुलसी रविदास, मोहम्मद बब्लु, राजु यादव समेत सैकडों झारखंडी मौजूद थे।

## भाजपा कार्यालय रामगढ़ में संपन्न हुई हजारीबाग एवं धनबाद लोकसभा की संयुक्त बैठक




**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा,सुशासन और गरीब कल्याण के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेश द्वारा निर्देशित महा जन सम्पर्क अभियान के निमित्त रामगढ़ भाजपा कार्यालय में हजारीबाग एवं धनबाद लोकसभा की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने किया एवं मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद माननीय दीपक प्रकाश जी उपस्थित हुए। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के साथ मंचस्थ सांसद धनबाद पीएन सिंह, मांडू विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल,हजारीबाग सदर विधायक मनीष जयसवाल,धनबाद विधायक राज सिन्हा,पूर्व सांसद गिरिडीह रविंद्र पाण्डे,पूर्व विधायक बरही मनोज यादव,प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी मनोज सिंह,प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह,प्रवक्ता सरोज सिंह,जिला प्रभारी रामगढ़ शशिभूषण भगत,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व भाजपा प्रत्यासी रामगढ़ विधानसभा रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू,पूर्व प्रत्यासी झरिया रागिनी सिंह,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश मिश्रा इत्यादि अतिथियों ने संयुक्त रूप से महापुरुषों की तश्वीर पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलित एवं राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम की शुरुआत किया। कार्यक्रम का विषय प्रवेश प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी मनोज सिंह,मंच संचालन खिरोधर साहू एवं धन्यवाद ज्ञापन अशोक यादव ने किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक प्रकाश ने संयुक्त बैठक में उपस्थित दोनो लोकसभा के पांच जिले क्रमश रामगढ़,हजारीबाग,बोकारो,धनबाद ग्रामीण तथा धनबाद महानगर की टोलियों के 8 सदस्यीय पदाधिकारियों और सभी उपस्थित पांचों जिले के जिलाध्यक्ष एवं प्रभारियों को संबोधित करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी पुराने और वरिष्ट कार्यकर्ताओं के साथ हीं आम जनता को केंद्र द्वारा निर्धारित महा-सम्पर्क अभियान से जोड़ने का निर्देश देते हुए कहा की आज भाजपा की मूल ताकत उनके समर्पित कार्यकर्ता ही है जिनके बदौलत हम मात्र दो सीट से तीन सौ तीन सीटों के बहुमत वाले आंकड़ों के साथ सरकार बनाने में सफल हुए। और देशहित में कई निर्णय लिए गए जिसके कारण आज भारत विश्वशक्ति बनकर उभरा है जिसकी तारीफ विश्व के ताकतवर देश भी करते है। उन्होंने दोनो लोकसभा के सभी पांच जिलाध्यक्षों से महा-संपर्क अभियान की तैयारियों का वृत्त लेते हुए चयनित सभी जिला टोलियों में उन्हीं कार्यकर्ताओं को दायित्व देने का निर्देश दिया जो एक महीना पूर्ण रूपेण पार्टी को समय देने के साथ समर्पित भाव से अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए पार्टी के सभी कार्यक्रमों में अपनी पूर्ण उपस्थिति दर्ज करवाते हों।उन्होंने अपने वक्तव्य में भाजपा और मोदी के समर्थक चाहे वो पार्टी के पूर्व पदाधिकारी हों अथवा पूर्व कार्यकर्ता हों जिन्होंने अपने व्यक्तिगत कारणों से पार्टी से दूरी बना लिया हो उन सभी को पार्टी और मोदी जी द्वारा शुरू किए गए जनकल्याण योजनाओं से अवगत करवाते हुए पार्टी से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने मोदी समर्थक सोशल मीडिया,प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया में कार्यरत लोगों के साथ संपर्क स्थापित करने पर जोर देते हुए कहा की आज डिजिटल भारत में पार्टी की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में इनका बहुत योगदान है ।

## एक ही तालाब में बीते चार वर्षों में दो प्रकार की योजना चयन करनें से आम जनता अचंभित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम परिसर स्थित जिलापरिषद सरकारी डाकबंगला के समीप खेलो अहरी नाम से प्रचलित तालाब का समतलीकरण हेतु योजना का क्रियान्वयन के लिए।बीते चार वर्ष पहले पांच लाख रुपये का योजना तत्कालीन मुखिया गुड्डी देवी के सौजन्य से दिया गया था।जिसका समतलीकरण का निर्माण कार्य भी लाभूकों के द्वारा किया गया।परतुं पिछले महीने दोबारा इसी तालाब को गहरीकरण का योजना जिला परिषद पंद्रहवीं वित्त योजना के द्वारा लगभग नौः लाख पैंतालीस हजार रुपये की लागत से निर्माण कार्य किया जा रहा है।जिसपर स्थानीय लोगों एवं



जनप्रतिनिधियों के द्वारा विरोध करने पर गहरीकरण का निर्माण कार्य कर रही ऐजेंसी के द्वारा कार्य को रोक दिया गया है।एवं तालाब गहरीकरण का कार्य कर रही ऐजेंसी के संवेदक के द्वारा बताया गया कि जिला परिषद कार्यालय के इंजीनियर के द्वारा गहरीकरण का निर्माण कार्य कुछ दिनों के लिए रोका गया है।जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब का गहरीकरण का निर्माण कार्य विभागीय स्तर से रोक लगाया गया है।जंहा एक ओर सरकार जल सरंक्षण के लिए तरह-तरह कि योजना धरातल पर आमजनों के हीत के लिए उतार रही है।परतुं जिस प्रकार से सरकारी पैसों का दुरूपयोग किया जा रहा है।जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ विभागीय स्तर पर कोतूहल का विषय बना हुआ है।इस विषय पर अंचलाधिकारी श्री कांत लाल मांझी से संपर्क करने पर बताया गया कि पिछले समतलीकरण निर्माण कार्य योजना का पेपर(रिकॉर्ड) देखने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# महायज्ञ के माध्यम से बही भक्ति की बयार, उमड़ा आस्था का सैलाब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड स्थित ग्राम दिगवार में अयोजित श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा सह सप्तदिवसीय पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ के सातवें दिन यज्ञ के पूर्णाहुति के अवसर पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल शामिल हुए। यहां यज्ञ मंडप की परिक्रमा किया और नवनिर्मित शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में देवी मंडप, बजरंगबली मंदिर, काली मंदिर एवं दुर्गा मंदिर में माथा टेका और आशिर्वाद प्राप्त किया। विधायक मनीष जायसवाल ने क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना भी ईश्वर से की । मौके पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष



जायसवाल ने स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा की यज्ञ के आयोजन से जहां व्यक्ति के जीवन में आध्यात्मिक और धार्मिक गुणों का संचार होता है वहीं पूरे क्षेत्र में वातावरण की शुद्धि होती है । सात दिनों तक यहां महायज्ञ के आयोजन के माध्यम से भक्ति की रसधार बही। यज्ञ मंडप परिसर में परिक्रमा करने वालों का तांता लगा रहा। यहां कई जीवंत झांकी लोगों के लिए आकर्षक का केंद्र रही। सभी दिन महा आरती के साथ रात्रि में भगवत कथा का वाचन हुआ। भागवत कथा प्रवचन सुनने के लिए यहां भक्तों का सैलाब उमड़ा ।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## सुरक्षा प्रहरी ने कोलयरी सिरका में दिया योगदान

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के सिरका कोलयरी समुह के सुरक्षा विभाग में नए सुरक्षा प्रहरी मंटू गंझू ने योगदान दिया हैं। इससे पूर्व मई प्रथम सप्ताह में गार्ड नौशाद ने जॉइन किया था। इस संबंध में गुरुवार को सुरक्षा विभाग ने बताया कि दो नये सीसीएल सुरक्षा प्रहरियों के आने से तकरीबन 15 सुरक्षाकर्मी सीसीएल गार्ड मैन पावर हुए हैं। जबकि होमगार्ड 23 और सिविल गार्ड 20 हैं। कुल 58 प्रहरी की संख्या हैं।

## ग्राम पंचायत पिण्डरा में जनता दल यूनाइटेड का पंचायत स्तरीय कमिटी का गठन किया गया



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम पंचायत पिण्डरा में जनता दल यूनाइटेड का पंचायत स्तरीय कमिटी का गठन किया गया । जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जदयू मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यन्त कुमार पटेल उपस्थित हुवे एवं सर्वसम्मति से पिण्डरा पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए राजेन्द्र साव एवं सचिव पद के लिए राजू कुमार , उपाध्यक्ष-अनिल कुमार , उपसचिव-बबलू कुमार , कोषाध्यक्ष-बलराम कुमार का चयन किया गया। जिसमें पार्टी के प्रति शशक्तिकरण,मजबूती एवं क्षेत्र विस्तार पर क्रमवार विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई सहित सैकड़ों क्रियाशील सदस्यों के सहयोग से आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के तैयारी एवं जीत सुनिस्चित करने पर पहल की गई।


### कार्यालय :– जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा
Sadar Hospital Campus, Koderma (Jharkhand) 825410
E-mail:- cs.koderma4@gmail.com

**शुद्धि पत्र सूचना**

E.O.I. आमंत्रण सूचना पत्र संख्या 543(DHS) दिनांक 26.05.2023 (जिसका PRNo. 298423 है) अंतर्गत वित्तीय भाग में सभी तरह के खर्च एवं कर सहित अधिकत्तम दर राशि Rs 10,500.00 (दस हजार पॉच सौ) प्रति वर्ष प्रति संस्थान निर्धारित की गई है।

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
DHS कोडरमा।

PR 298893 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D



### उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़ (खनन शाखा)

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि PR 297945 Mines and Geology (23-24).D द्वारा प्रकाशित मौजा कडरू, बारीडीह रेलवे लाईन दाड़ीदाग से हेहल Poll No. 157/16 to 157/13 तक के बीच रेल निर्माण कार्य में उत्खनित पत्थर बोल्डर खनिज भण्डारित कुल 20726 घन मीटर (बीस हजार सात सौ छब्बीस) का दिनांक 30.05.2023 को नीलामी अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

पुनः उक्त नीलामी हेतु दिनांक 03.06.2023 को समय 3.00 बजे अपराह्न में तिथि निर्धारित की जाती है।

जिला खनन पदाधिकारी,
रामगढ़

PR298859 (Mines and Geology)23-24*D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सं0–2, राँची

**निविदा रद्द सूचना**

एदद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के संबन्धित श्रेणी में निबन्धित संवेदकों को सूचित किया जाता है, कि P.R. No. 298427 Building (22-23):D से प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना, सं0–09/2023–24, जिसका परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि 17.06.2023 है। जिसमें क्रमांक–(1) के कार्य "मत्स्य कॉलोनी स्थित जिला मत्स्य पदाधिकारी के आवास का जीर्णोद्धार कार्य ,Doranda,Ranchi" को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल सं0–2, राँची

PR298848 (Building)23-24*D



### Rural Works Department
Govt. of Jharkhand
JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY
3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi-834004 (Jharkhand)
Email ID – jh_finc@pmgsy.nic.in

Notice No.06/2023Ranchi, Date 31.05.2023

**Notice inviting Expression of Interest for checking of Bank Interest**

Expression of Interest (EOI) is invited from the eligible Entity / Consultancy Organisation/Firms of CA/ICWA for providing services for Checking of Interest paid by the Bank from financial year 2004 to 2022 on the amount kept in Bank Savings account /FDR /MOD by Jharkhand State Rural Roads Development Authority, 3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand. The detailed EOI, terms and conditions& eligibility criteria is available on the website:**www.pmgsytendersjhr.gov.in under the heading "active tenders"**. Interested entity may download RFP (Request for Proposal) documents from website: www.pmgsytendersjhr.gov.in to prepare technical and financial bid.

1.Date of Publishing EOI / RFP on website : 01.06.2023
2.Last date for submission of proposal :26.06.2023 by 3:00 P.M

Sd/
Chief Engineer
Jharkhand State Rural Road Development Authority

PR298835 (Rural Work Department)23-24*D


आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने जमीन लूट के खिलाफ आंदोलन तेज करने का लिया संकल्प

## गैर-आदिवासियों के नाम की गई अवैध दाखिल खारिज को तत्काल रद्द करो : देवकीनंदन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सिरका :** आदिवासी संघर्ष मोर्चा जिला रामगढ़ कार्यकर्त्ताओं की बैठक गुरुवार को अरगड्डा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में आदिवासी संघर्ष मोर्चा के नरेश बडाईक, सुभाष बेदिया, नागेश्वर मुंडा,लालचंद बेदिया,रामबृक्ष बेदिया,प्रयाग बेदिया,योगेंद्र बेदिया, जितेन्द्र बेदिया और आदिवासी संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक- देवकीनंदन बेदिया शामिल थे। बैठक में विचार-विमर्श किया गया कि रामगढ़ जिला में आदिवासियों की जमीन बड़े पैमाने पर गांव के दलाल- विचौलिया,भू-माफियाओं के साथ अंचल अधिकारी, कर्मचारियों की सांठ-गांठ से की जा रही है। मांडू प्रखंड के आदिवासी चपरी गांव में आदिवासियों की पूर्वजों से चली आ रही सामूहिक गैरमजरुवा जमीनों में बाहरी लोग करीब दो-तीन सौ एकड़ फर्जी दस्तावेज बनाकर सीसीएल से मुआवजा और नौकरी लेने के खिलाफ में गांव के ग्रामीण आदिवासियों ने ग्रामसभा के माध्यम से खारिज करने की मांग व जांच पर अंचल अधिकारी लिपापोती कर रहा है। अरगड्डा कोयला खुली खदान के लिए भूमि अधिग्रहण विभाग द्वारा अधिग्रहण के लिए नोटिफिकेशन किए 8 साल हो गया है लेकिन ग्रामीण आदिवासियों को अभी तक मुआवजा,नौकरी नहीं दी जा रही है और न कोई विकास कार्य चला रही है। साथ ही टोंगी अरगड्डा में स्थापित स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया के स्मारक को सुंदरीकरण के लिए फंड रिलीज की गई लेकिन दो साल बीतने चला है इस फंड को दूसरे मद में खर्च कर लूट की गई है और आदिवासियों के भूमि क्षेत्र में आदिवासियों को ही उपेक्षित किया जा रहा है जिसके खिलाफ आगामी 14 जून 2023 को आदिवासी संघर्ष मोर्चा के बैनरतले सीसीएल अरगड्डा महाप्रबंधक के समक्ष एक दिवसीय टोकेन धरना दिया जाएगा। गोला अंचल अधिकारी ने कमता मौजा के खाता नंबर-122,प्लाट नंबर- 1091 ,रकवा-2.14 एकड़ जमीन पर आदिवासी महिला की खातधारी जमीन को गैर-आदिवासियों के द्वारा सीएनटी एक्ट का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन कर फर्जी दस्तावेज बनाकर दाखिल खारिज किया गया है जिसके खिलाफ सिवील कोर्ट ने आदिवासी महिला सुधा देवी के पक्ष में आदेश दिया गया है और इधर गोला थाना प्रभारी को आदेश कापी देने के बावजूद लाखों रुपए लेकर काम कराया जा रहा है। जिसके खिलाफ आंदोलन तेज किया जाएगा। पतरातू अंचल सहित समूचे रामगढ़ जिले में आदिवासियों की जमीनें न्यायालयों द्वारा भू-वापसी आदेश दिए जाने के बाद भी दखल-दिहानी नहीं दिलाया जा रहा है। दुलमी प्रखंड के उरबा मौजा में गंझू आदिवासी बहुल गांव की जमीनों को हड़पने के लिए दलाल विचौलियों,अंचल अधिकारी, कर्मचारी की मिलीभगत से पंजी 2 को चोरी किए 20 साल हो गए हैं और आदिवासियों की विकास का सारा कार्य को रोक दिया गया है। आदि-आदि सवालों पर आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने संघर्ष तेज करने का निर्णय लिया गया है।

## कोयलांचल एसबीआई सिरका का बैंकिंग नेटवर्क रहा खराब, एटीएम लेन-देन मशीन बंद




प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** कोयलांचल अरगड्डा-सिरका का एकमात्र भारतीय स्टेट बैंक शाखा का बैंकिंग कार्य नेटवर्क रुक रुककर चलने पर गुरूवार को बैंक कर्मचारियों और ग्राहकों को काफी परेशानी हुई। इस वजह से बैंक केश काउंटर के सामने बुजुर्गो की लाइन लग गई। बैंक कर्मचारी बैंकिंग नेटवर्क ठीक करने में व्यस्त रहें। इधर बैंक लेनदेन करने पहुंचे, लोगों को भी परेशानी हुई। बैंक ग्राहक सुरेंद्र कुमार ने बताया कि बीते 2 सप्ताह से एटीएम में लगे निकासी जमा करने वाली मशीन भी खराब पड़ी हैं। जिसके कारण बैंक के अंदर काउंटर स्वीप(जीसीसी) मशीन से जमा निकासी की आवश्यकता बढ़ी हैं। लेकिन बैंकिंग नेटवर्क खराब रहने के कारण लोगों को जरूरी ट्रांजैक्शन में भी इंतजार करने, अंत में मायूस होकर लौटना पड़ा।

## सकारात्मक रहें, खुश रहें, बस यही नेग-दक्षिणा आपसे लेने आई है खुशी क्लास

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** खुशी रथ गुरुवार को ईचातु, कोरचे, जरिओ, पोटमदगा, बयांग पहुंचा। ईचातु के समाजसेवी प्रदीप सिंह, कोरचे के पूर्व मुखिया शैलेष चौधरी सहित सुधीर मंगलेश, रविकांत महतो, उत्तम कुमार, अमित महतो ने अलग-अलग खुशी क्लास का संचालन किया। खुशी प्रवक्ता डॉ संजय कुमार सिंह, मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि प्रकृति ने बहुमूल्य जिंदगी जीने के लिए दी है, गुजारने के लिए नहीं। खुशी के साथ ही हम जिंदगी जी सकते हैं। तनाव, टेंसन में हम नारकीय अंदाज में सिर्फ जिंदगी गुजार सकते हैं। यह खुशी सकारात्मक भाव से ही आती है। कितनी भी झंझावतें आएं, सकारात्मकता का साथ कभी नहीं छोड़ें। यही सकारत्मकता हमें सभी दिक्कतों से उबार कर खुशियों से भर देती है।

## प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बरही :** प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत सचिवालय में गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें बरही एसडीओ पूनम कुजूर भी शामिल हुई। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीओ पूनम कुजूर ने कहा की ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार बरही प्रखंड के सभी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लंबित लक्ष्य को पूरा करने की कवायद तेज हो गई है। जिसको लेकर हर गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में बीडीओ सी.आर. इंदवार ने कहा की विभागीय अधिकारियों के निर्देशानुसार सभी लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना को 30 जून तक पूरा किया जाना है। अगर कोई लाभुक समय से आवास का निर्माण कार्य पूरा नहीं करता है तो वैसी स्थिति में लाभुक पर नोटिस जारी कर पैसे की रिकवरी कर ली जाएगी। इस दौरान मौके पर मुखिया नीलम देवी, पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, पंसस सुमिया देवी, पंचायत सचिव नेमधारी महतो, जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार, वार्ड सदस्य सुजीत कुमार एवं निशु कुमारी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## ओ.पी. जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातु द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातु द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रों एवं उत्तीर्ण छात्रों हेतु दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया । कंपनी जिंदल सॉ लिमिटेड आबूधाबी अबुधाबी (इनफिनिटी मैनेजिंग एण्ड ऑपरेटिंग फॅक्टरीज सोल प्रॉपराइटर एल.एल.सी.) द्वारा आईटीआई छात्रों एवं विगत वर्ष के उत्तीर्ण छात्रों का साक्षात्कार 31 मई और 1 जून 2023 को किया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया जिंदल सॉ लिमिटेड के अधिकारियों ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं छात्रों की तारीफ करते हुए 62 चयनित छात्रों की सूची जारी की है चयनित छात्रों को 15 दिन के उपरांत सभी आवश्यक नियम शर्तो को पुरा कर ज्वाइनिंग के लिए अबुधावी प्रस्थान करना होगा। इस प्लेसमेंट कैम्प का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य अजय पाण्डेय, एवं जेएसपी पतरातु सीएसआर प्रमुख रवि निवास द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित हुए छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य अजय पाण्डेय जी ने कहा हमारा संस्थान निरंतर गुणवत्ता पूर्ण व्यवसायिक प्रशिक्षण देता आ रहा है जिसके कारण जिंदल शॉ जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां हमारे संस्थान से प्रतिवर्ष छात्रों का चयन करती हैं वर्तमान में हमारे संस्थान के 50 छात्र जिंदल शॉ अबुधावी में कार्यरत है। उन्होंने इसके हेतु अपने प्रशिक्षकों, सहकर्मियों को धन्यवाद दिया एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा और एआईसीसीटीयू ने प्रदर्शनकारी पहलवानों पर पुलिस दमन खिलाफ देश व्यापी प्रतिवाद

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा रामगढ़ जिला इकाई के देवकीनंदन बेदिया,नरेश बड़ाइक,बिगेन्द्र ठाकुर, नागेश्वर मुंडा और ऐक्टू के नेता भुनेश्वर बेदिया,अमल कुमार, गिरजा मुंडा,निक्की सिंह के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर-मंतर स्थल में चल रहे बलात्कारी बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर धरने में बैठे हुए थे जिस पर पिछले दिन 28 मई 2023 को प्रर्दशकारी पहलवानों पर पुलिस दमन किया गया।


### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–10/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 21.06.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 22.06.2023 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 22.06.2023 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा। 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डोरण्डा, राँची स्थित जिला मत्स्य कार्यालय के भवन संख्या–2 का जीर्णोद्धार कार्य | 24,98,500.00 | 5000.00 | 50,000.00 | Three Months |

नोट :निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 298852 Building(23-24)D



### Office of the Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh

**VERY SHORT TENDER e-Procurement Notice**

Tender Reference No. DWSD/RMG/RRP/04/2023-24 (1st Call) DT : 31.05.2023

| Sl. No. | Particular | Details | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Changing of Rotten Riser Pipe in I.M-II Drilled Tube Well with 32 mm Medium Class G.I Riser Pipe and Connecting Rod for Drilled Tube Well in Different Blocks of Ramgarh District on "TURNKEY BASIS" under D.W.&S. Division, Ramgarh for the Year 2023-24 | | | | |
| | Group No. | Qty. | Estimate Cost | Earnest Money | Cost of BOQ(Rs.) | Time of Completion |
| | RMG/RAMGARH/DULMI/CHITARPUR RRP-01 | 43 Nos. | 6,27,542/- | 12,600/- | 1,250/- | 02 Months |
| | RMG/GOLA/RRP-02 | 60 Nos. | 8,75,640/- | 17,600/- | 1,250/- | 02 Months |
| | RMG/MANDU/RRP-03 | 64 Nos. | 9,34,016/- | 19,000/- | 1,250/- | 02 Months |
| | RMG/PATRATU/RRP -04 | 56 Nos. | 8,17,264/- | 16,500/- | 1,250/- | 02 Months |
| 2 | Date of Tender Uploading in Website | 03.06.2023 at 5:00 PM | | | | |
| 3 | Last Date / Time for Submission of online Tender Documents | 09.06.2023 up to 5:00 PM | | | | |
| 4 | Last Date & Time of Receiving EMD/Cost of BOQ (Hard Copy) | 10.06.2023 up to 3:00 PM In the Office of - Executive Engineer, D.W.&S. Division, Ramgarh | | | | |
| 5 | Date of Opening Tender | 12.06.2023 at 5:00 PM | | | | |
| 6 | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh (Jharkhand) | | | | |
| 7 | Name & Address of Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh (Jharkhand) | | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement Office | +91-8809999672, +91-9931972161 or 06541-253273 | | | | |
| 9 | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651-2480345 | | | | |

- Further details can be seen on & official website http://jharkhandtenders.gov.in.
- Estimated cost may increase or decrease.
- Undersign reserves the right to amend or withdraw any of the terms & conditions contained in the tender document or to accept or reject any or all the tenders without assigning any notice or reason thereof. The decision of the undersigned in this regard shall be find & binding on all.

Executive Engineer
D.W.&S. Division, Ramgarh

PR 298828 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, चतरा
**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या– EE/NREP/CHATRA/15/2023-24 दिनांक– 31.05.2023

1. मद का नामः DMFT योजना अन्तर्गत :–

| क्र. सं. | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | पूर्णता की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | टण्डवा | बड़गाँव | बड़गाँव | पैक्स भवन निर्माण। | 2446788.00 | 49000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 02 | टण्डवा | बेंती | बेंती | पैक्स भवन निर्माण। | 2446788.00 | 49000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 03 | टण्डवा | धनगड्डा | धनगड्डा | पैक्स भवन निर्माण। | 2446788.00 | 49000.00 | 5000.00 | 3 माह |

2. वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि – 09.06.2023
3. ई –निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 16.06.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. (i) एन॰आर॰ई॰पी॰, चतरा एवं (ii) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 17.06.2023 पूर्वाहन् 10.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 19.06.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता एन॰आर॰ई॰पी॰ चतरा
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं॰ – 9572666229 (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई–निविदा शूल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउण्ट से ही निर्गत बैंक ड्राप्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन॰आर॰ई॰पी॰ चतरा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. Ucan Registration फोटोकॉपी Upload करना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www. jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
एन॰आर॰ई॰पी॰, चतरा

PR 298823 NREP(23-24).D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर
**ई-प्रोक्योरमेंट अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना संख्या – DWSD/MED/RRP/02/2023-24 (1st Call)/दिनांक 31.05.2023

1. कार्य का नाम :– वित्तीय वर्ष 2023–24 के तहत पलामू जिला के मेदिनीनगर प्रमंडल अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में 32mm व्यास के I.M-II हैण्ड पम्प के क्षतिग्रस्त राईजर पाईप, सी0आई0 सिलिन्डर एवं कनेक्टिंग रॉड इत्यादि को सम्परिवर्तित कर नलकूप को चालू करने का कार्य "टर्न की" के आधार पर।

| ग्रुप सं0 | नलकूपों की सं0 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| MED RRP-1 | 105 Nos. | 15,32,370/- | 31,000/- | 5000/- | 01 (एक) माह |
| MED RRP-2 | 100 Nos. | 14,59,400/- | 29,500/- | 2500/- | 01 (एक) माह |
| MED RRP-3 | 100 Nos. | 14,59,400/- | 29,500/- | 2500/- | 01 (एक) माह |
| MED RRP-4 | 100 Nos. | 14,59,400/- | 29,500/- | 2500/- | 01 (एक) माह |
| MED RRP-5 | 100 Nos. | 14,59,400/- | 29,500/- | 2500/- | 01 (एक) माह |
| MED RRP-6 | 100 Nos. | 14,59,400/- | 29,500/- | 2500/- | 01 (एक) माह |

2. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 03/06/2023 / 04.00 बजे अपराह्न में।
3. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 08/06/2023 / 05.00 बजे अपराह्न तक।
4. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय :– 09/06/2023 / 05.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 10/06/2023 / 04.00 बजे अपराह्न में।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– (1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। (2) अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
7. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।
8. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 :– 9835068475
9. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 0651-2490920

नोटः– 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
2. विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–22 (स्वी0)/राँची, दिनांक 26.05.2023
3. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
मेदिनीनगर

PR 298870 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

# टुंडी के ब्लॉक रोड स्थित अस्पताल के पुराने भवन में लगी आग, कई समान जलकर हुए राख





प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पुराने अस्पताल भवन में आज गुरूवार अहले सुबह आग लग गई आग कैसे लगी यह कहना मुश्किल है चूंकि मुख्य मार्ग में होने के कारण किसी ने देखा और गांव के लोगों को इस घटना के बारे में बताया तो गांव के लोग आये तब तक आग ने बिकराल रूप धारण कर चुका था तभी गांव के कुछ लोगों ने अग्निशमन विभाग को सूचित किया तो चूंकि टुंडी से धनबाद की दूरी अधिक रहने से दमकल की गाड़ी करीब ढाई घंटे विलम्ब से पहुंची तब तक आग ने अस्पताल भवन को पूरे आगोश में ले चुकी था। फिर अग्निशमन वाहन के द्वारा पानी की बौछार कर सात बजे की लगी आग को दस तीस बजे काबू पाया जा सका। फिलहाल अस्पताल के पुराने भवन में रखे कुर्सी टेबल, किवाड़ चौखट पुरानी दवा,बेड महत्वपूर्ण उपकरण, सहित कागजातों का जलने का समाचार प्राप्त हुआ है। और सबसे बड़ी बात यह है कि इतनी बड़ी घटना की? सूचना पर अस्पताल प्रबंधन के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने पर चर्चाओं का बिषय बना हुआ है कितने की क्षति हुई है अभी फिलहाल आकलन नहीं किया जा सकता अस्पताल प्रबंधन के द्वारा सम्पर्क के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। टुंडी की कुछ ग्रामीण जनता द्वारा इस अग्नि कांड में सहयोग किया गया जिसमें टुंडी कांग्रेस कमिटी के प्रखंड अध्यक्ष आनंद कुमार मोदक, रवि शेखर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, प्रकाश सिंह, विशाल रजक, उज्जवल मोदक, अजय रजवार, रवि सिंह आदि की सराहनीय योगदान रहा।

# असर्फी हॉस्पिटल में हृदय रोगी का हुआ सफलतापूर्वक बाईपास सर्जरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** प्रेस विज्ञप्ति जारी कर असर्फी हॉस्पिटल के हृदय रोग विभाग की पूरी टीम के द्वारा यह बताया गया कि गिरिडीह निवासी 55 वर्षीय अलखि बीबी जो काफी दिनों से हृदय की बीमारी से ग्रसित थी। जांच के उपरांत यह पता चला की मरीज की तीनों धमनियां खराब है जिसके कारण उसके शरीर में खून का प्रवाह सही ढंग से नहीं हो पा रहा ह। तत्पश्चात असर्फी हॉस्पिटल के डॉ. सूरज चौहान ने तमिलनाडु के कार्डियो वैस्कुलर फॉरेंसिक सर्जन डॉ. सतीश कुमार की अगुवाई मे हृदय रोग विभाग की टीम के द्वारा मरीज के धड़कते दिल पर सफलतापूर्वक बाईपास सर्जरी किया गया। जबकि मरीज को दूसरे दिन वेंटिलेटर से भी हटा दिया गया और अब वो मरीज बिल्कुल पुरी तरह से स्वस्थ है।डॉ. सूरज चौहान ने बताया की छाती में दर्द और भारीपन को गैस का दर्द समझने की भूल करने के कारण कई लोग अपनी जान गंवा देते हैं। इन्हीं वजहों से अचानक होने वाली मौतों का इन दिनों काफी इजाफा हुआ है। इस संदर्भ में मरीजों को जागरूक किए जाने की आवश्यकता है। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने बताया की उनके यहां हृदय रोग विभाग काफी उत्कृष्ट सेवा दे रहा है।

# बाघमारा एसडीपीओ ने किया प्रेस वार्ता चार अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बाघमारा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत फुलारीटाड कोलियरी में कार्यरत कर्मी सुधीर मांझी जिला बोकारो के साथ 6 अज्ञात अपराधियों के द्वारा रात्रि स्प्लेंडर मोटरसाइकिल संख्या जे एच 09एन 7143 एवं पर्स से ?2500 लूट लिया गया था, उक्त जानकारी प्रेस वार्ता में एसडीपीओ बाघमारा निशा मुर्मू ने दिया उन्होंने आगे बताया कि इस संबंध में सुधीर मांझी के लिखित आवेदन के आधार पर बरोरा थाना कांड संख्या 30/ 23 धारा 395 भादवी अंकित किया गया था। कांड के उद्भेदन हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय धनबाद के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महोदय बाघमारा के नेतृत्व में। एक टीम गठित किया गया। कांड के अनुसंधान के क्रम में छापेमारी टीम के द्वारा निशानदेही पर कांड में लूटी गई मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है। गिरफ्तार नीरज चौहान, पिता कारू चौहान, छोटू चौहान पिता रामाशीष चौहान , अपर मंदरा , थाना बरोरा, जिला धनबाद। चंदन सिंह , पिता प्रभुनाथ सिंह, भीम कनाली, जिला धनबाद एवं स्थाई पता रानीगंज पंजाबी मोड आसनसोल ,थाना आसनसोल ,पश्चिम बंगाल । राहुल कुमार वर्णवाल , पिता प्रमोद प्रसाद वर्णवाल, डुमरा मोड परिधान वस्त्रालय के सामने ,जिला धनबाद है। छापेमारी दल में शामिल सदस्य थाना प्रभारी बरोरा नंदू पाल , बाघमारा थाना पुअनि नीतिश अश्विनी,बरोरा थाना आनंद कुमार रवि ,बरोरा थाना कुमार सच्चिदानंद , बाघमारा थाना शरद कुमार मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत जिलास्तरीय समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत गुरुवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। इस दौरान उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी श्रीमती इंदु रानी से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत पूर्व में लाभुकों को दिए गए लाभ एवं वर्तमान में लाभ लेने हेतु प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने सभी दस्तावेज सही होने पर आवेदकों की स्वीकृति देने का निर्देश दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला कल्याण पदाधिकारी ने उपायुक्त सहित समिति के अन्य सदस्यों को जानकारी दी कि वर्तमान में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत कुल 61 आवेदन प्राप्त है। इस पर उपायुक्त ने अन्य सदस्यों से चर्चा की।ज्ञातव्य है कि राज्य के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वरोजगार एवं उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने हेतु अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित निगमों द्वारा सुगम एवं सस्ते दर पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक वर्ग, पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजनों युवाओं को स्वरोजगार ऋण उपलब्ध कराई जाती है। प्रायः ऐसा देखा गया है कि स्वरोजगार हेतु युवाओं को बैंक से ऋण लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उक्त आलोक में विभाग द्वारा संचालित निगम को स्वरोजगार हेतु ऋण अनुदान का लाभ देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना आरंभ करते हुए ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को ऋण अनुदान की सुविधा देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।।मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी श्रीमती इंदु रानी, अग्रणी जिला प्रबंधक राजेश कुमार सिन्हा सहित जिला उद्योग केंद्र, आइटीडीए से आए अधिकारी उपस्थित थे।

# सतीश हत्याकांड मामले में ड्राइवर की कोर्ट में गवाही



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** 19 अगस्त 2020 सतीश हत्याकांड को लेकर गुरुवार को कोर्ट में गवाह को पेश किया गया। जिसमें गवाह के द्वारा घटना के विस्तृत जानकारियां दी गई। आज कोर्ट में सतीश हत्याकांड को लेकर सतीश सिंह का ड्राइवर दीपक कुमार ने गवाह परीक्षण किया गया।अधिवक्ता आलोक कुमार सिन्हा ने मीडिया के समक्ष बताया कि बर्फ 19 अगस्त 2020 को मटकुरिया में सतीश सिंह हत्याकांड में मामला दर्ज की गई थी। जिसमें मृतक के भाई ने अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा गोली मारने को लेकर बैंकमोड़ थाना में लिखित शिकायत दर्ज की थी। जिसमें पुलिस ने अनुसंधान करते हुए सतीश साहू उर्फ़ सतीश गांधी के खिलाफ नामांकित किया गया था। आज सतीश सिंह हत्याकांड के चालक दीपक कुमार की गवाही परीक्षण किया गया। जिसमें सतीश साहू उर्फ़ सतीश गांधी के खिलाफ कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है जबकि गवाह के द्वारा सुनी सुनाई बातें कहा गया है। जिससे यह प्रतीत होता है कि घटना के दौरान दीपक कुमार ने किसी को गोली चलाते हुए नहीं देखा है। आलोक कुमार सिन्हा ने यह भी बताया कि सतीश हत्याकांड में मुख्य अभियुक्त का सजा भी हो चुका है।

# सुदामडीह रिवरसाइड दामोदर नदी से बड़े पैमाने पर हो रही है अवैध बालू की तस्करी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बाघमारा :** सुदामडीह थाना क्षेत्र के सुदामडीह रिवरसाइड दामोदर नदी से इन दिनों अवैध बालू कारोबारियों द्वारा बड़े पैमाने पर बालू की तस्करी धड़ल्ले से जारी है। क्षेत्र के स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कई बार जिला खनन पदाधिकारी झरिया अंचलाधिकारी, उपायुक्त धनबाद सहित अन्य संबंधित विभाग और अधिकारियों को पत्र के माध्यम से सुदामडीह दामोदर नदी से अवैध खनन कर बालू चोरी करने पर रोक लगाने तस्करों , अवैध विक्रेताओं ,अवैध भंडारण करने वालों पर कार्रवाई की शिकायत किया है उसके बावजूद बड़े पैमाने पर अवैध बालू खनन कर बाजार में ऊंचे दामों पर ठेकेदारों आम जनता अवैध बालू दुकानदार को बेचा जा रहा है बालू निकालने से दामोदर नदी का स्वरूप दिन प्रतिदिन बिगड़ रहा है इस कार्य में क्षेत्र के असामाजिक तत्वों की चांदी कट रही है। सरकार को राजस्व का घाटा हो रहा है ,बालू चोरी के कार्य में एक बड़ा सिंडिकेट कार्य कर रहा है जिसकी संख्या दर्जनों में जिनका काम है ट्रैक्टर मालिक , अवैध दुकानदार अवैध बालू स्टॉकिस्ट से हर महीने लाखों रुपए वसूलने और स्थानीय प्रशासन खनन विभाग झरिया सीओ मीडिया, स्थानीय रंगदार के नाम पर मुद्रा मोचन करना। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों का धज्जियां उड़ा रहे हैं और इन अवैध बालू तस्करों को डीजीपी झारखंड , जिला खनन टास्क फोर्स सहित अन्य विभाग का जरा सा भी डर नहीं है।

# जमुआ प्रखण्ड के पोबी में डालसा ने किया मन की मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड के ग्राम पंचायत पोबी में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के आदेशानुसार मन की मिलन पखवाडा कार्यक्रम के तहत कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जमुआ विधिक सहायता केंद्र प्रखण्ड कार्यालय के पीएलवी सुबोध् कुमार साव ने उपस्थित लोगो को मन का मिलन पखवाडा के संबंध मे विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की 29 मई से 14जुन तक मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह मे जारी है।मन का मिलन पखवाड़ा के तहत जिले के लोग लंबित, पुराना तथा नये मामले, वाद विवाद दोनों पक्षों की आपसी सहमति और सुलह से मध्यस्थता के माध्यम से निपटा सकते हैं।जिससे लोगों को सुलभ और जल्द न्याय बिना किसी खर्चे के मिल सके। इसमें किसी पक्ष की नहीं हार होती है और नहीं जीत. वादों को गोपनीय तरीके से सुलझाया जाता है. इस कार्यक्रम मे मुफ्त परामर्श की सेवाएं दी जाती है।यह कार्यक्रम 29 मई से 14 जून तक सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक चलेगा।साथ ही डालसा से प्राप्त पम्प पलेट लोगो के बीच वितरण किया गया।राष्ट्रीय मनवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरों जिलाध्यक्ष योगेश कुमार पाण्डेय ने पखवाड़ा के उद्देश्य,लक्ष्य से ग्रामीणों को अवगत कराते हुए मतभेद भुलाकर पति पत्नी के पुनर्मिलन में अहम भूमिका निभाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया।

# बिजली की समस्या से त्रस्त झरिया वासियों ने बिजली कार्यालय पर किया प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**झरिया :** गुरुवार को बिजली की समस्या से त्रस्त झरिया के युवाओं ने बच्चों संग समाजिक संस्था यूथ कॉन्सेप्ट के बैनर तले बिजली कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान विभाग के एसडीओ और कोई अन्य अधिकारी मौजूद नहीं थे। हाथों में तख्ती लिए लोगों में विभाग के प्रति आक्रोश साफ देखा जा सकता था। इस दौरान यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से झरिया की जनता पानी और बिजली के लिए तरस रही है पर कोई देखने वाला नहीं है। चार दिनों से बिना आंधी पानी के ही पूरे झरिया में बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है। लोग न तो अपना वयापार कर पा रहे हैं और न ही ग्रहणी घर मे अपना काम। बिजली के बिना बच्चे गर्मी की छुट्टी में मिले होमवर्क तक पूरा नहीं कर पा रहे हैं।वहीं मौजूद लोगों ने अधिकारियों पर फोन नहीं उठाने और कार्य मे लापरवाही बरतने का आरोप भी लगाया। प्रदर्शन के बाद विभाग के अधिकारियों से मिल एक मांग पत्र सौंपा गया। इंदिरा चौक स्थित खराब पड़े एक स्विच को अविलंब ठीक कराया जाए ताकि जिस एरिया का लाइन खराब है उधर ही पावर कट हो। जामाडोबा को कांडरा फीडर से जल्द से जल्द जोड़ा जाए ताकि निर्बाध बिजली आपूर्ति हो। जर्जर तार को अविलंब बदला जाए तथा क्षमता के हिसाब से हर जगह ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जाए एवं सभी ट्रांसफार्मर के,क्क स्विच की मरम्मती की जाए ताकि जिस ट्रांसफर में कार्य करना हो उसी का लाइन बंद किया जाए। प्रदर्शन मे मुख्य रूप से अखलाक अहमद, सनोज साव, मोईन अख्तर, मनुव्वर सोलंकी, नदीम गद्दी, राजेश राय, दानिश खान, अरबाज, शमशेर, तबरेज, टिंकू, पवन अग्रवाल, प्रकाश वर्मा, शामू वर्मा, प्रेम कुमार, कमलजीत सिंह, प्रेम, छोटन, अजीत, अब्दुल हक अर्शी, अहद आलम आदि मौजूद थे।

## आइसा का छात्र एकजुटता मार्च एवं जिला सम्मेलन संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** आइसा का जिला सम्मेलन रणधीर वर्मा चौक के समीप गांधी सेवा सदन हाल में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन का आरंभ बाबा साहेब अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर अंबेडकर चौक से रणधीर वर्मा चौक तक छात्र एकजुटता मार्च किया गया। मार्च में नई शिक्षा नीति वापस लो, सीयूईटी वापस लो, खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करो, सभी छात्रों को छात्रवृत्ति किताब देने की गारंटी करो, कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव जल्द कराव जैसे नारे लगाए गए थे।मार्च के बाद झंडोतोलन कर शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रख कर एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाकपा माले के जिला सचिव कार्तिक प्रसाद, नगर सचिव राज्य कमिटी सदस्य कृष्णा सिंह, नगर सचिव नकुल देव सिंह, आरवाईए के राज्य परिषद सदस्य बिमल कुमार रवानी उपस्थित थे।

# मन का मिलन पखवाड़ा में तीन मामलों का निपटारा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झालसा के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद राम शर्मा के निर्देशानुसार चलाए जा रहे मन का मिलन पखवाड़ा में आज 3 वादों का निपटारा सुलह समझौते के आधार पर किया गया। इसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बारला ने बताया कि मन का मिलन पखवाड़ा की शुरुआत 29 मई से की गई है। यह 14 जून 2023 तक चलेगा। इसके माध्यम से मध्यस्थता केंद्र में वादी और प्रतिवादी पक्षों को एक सौहार्दपूर्ण वातावरण मुहैया कराकर दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौता के आधार पर त्वरित न्याय दिलाने में सहयोग प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा इससे वादी और प्रतिवादी दोनों ही पक्षों का समय और धन की बचत एवं आपसी संबंध मैत्रीपूर्ण रहता है। इसी लक्ष्य की पूर्ति के लिए मन का मिलन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

## सेवानिवृत्त बारह कर्मियों का किया गया सम्मान समारोह

**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीसीसीएल गोविंदपुर क्षेत्र से सेवानिवृत्त बारह कर्मियों का सम्मान समारोह क्षेत्रीय कार्यालय में किया गया । महाप्रबंधक गणेश चन्द्र साहा की अध्यक्षता में उपस्थित क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्यों शिलानाथ सिंह, विशाल सिंह, विनोद सिंह, अजय सिंह, सुरेश यादव, शेख रहीम आदि ने कर्मियों को माला पहनाकर सम्मानित किया, शॉल, ओढ़ाकर उपहार प्रदान किया । कार्यक्रम का संचालन-सह-क्रियान्वयन क्षेत्रीय प्रशासनिक पदाधिकारी जलीस खान एवं अनिमेश कुमार ने किया। क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक अमित कुमार महतो ने समन्वय सह धन्यवाद ज्ञापन किया।

## विस्थापितों के पुनर्वास को लेकर मुगमा एरिया के सभागार में हुई त्रिपक्षीय वार्ता, विधायक रही मौजूद

**निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईसीएल मुगमा एरिया के कापासारा ओसीपी समीप विस्थापित हो रहे बिहार बंगाल धौड़ावासी के पुनर्वास सहित अन्य मुद्दों को लेकर गुरुवार को ईसीएल मुगमा एरिया सभागार में निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के मौजूदगी में त्रिपक्षीय वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें ईसीएल की ओर से मुगमा एरिया के महाप्रबंधक डीके नायक सहित पदाधिकारी, बिहार बंगाल धौड़ावासी एवं भाजपा नेता उपस्थित हुए। सभी ने धौड़ावासीयों के लिए सुरक्षित स्थान मुहैया कराने ताकि उन लोगों को फिर से विस्थापित ना होना पड़े तथा यह काम जितना जल्द संभव हो इसकी व्यवस्था करने पर चर्चा की। इस पर ईसीएल महाप्रबंधक ने कहा कि जितना जल्द हो सके उन लोगों के लिए सुरक्षित स्थान की व्यवस्था कर दी जाएगी। मौके पर भूपेंद्र सिंह, रंजीत मोदी, विनोद दास, शशिकांत दुबे, अर्जुन सिंह, मनोज राम, हरि कुमार सहित धौड़ावासी मौजूद थे।

## सांसद व विधायक ने किया नये नगर निगम भवन का शिलान्यास

**गिरिडिह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को गिरिडीह ज़िले में सांसद गिरिडीह चंद्र प्रकाश चौधरी व गिरिडिह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने संयुक्त रूप से गिरिडीह नगर निगम के नए भवन का शिलान्यास नारियल फोड़ कर किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि गिरिडीह नगर निगम का इतिहास लगभग 60-65 वर्ष पुराना जरूर है वो भवन उस समय के आबादी के हिसाब से बनाई गई थी लेकिन अब गिरिडीह शहरी क्षेत्रों में वार्डो का भी विस्तार हुआ है और यहां के आबादी के हिसाब से तीन मंजिला भवन लगभग 30 करोड़ के लागत से बननी है। इस भवन में तमाम अत्याधुनिक सुविधाएं रहेगी। जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि नगर निगम का नया भवन गिरिडीह शहरी क्षेत्र के बीच बनेगी और इस भवन में लगभग 100 गाड़ियों की पार्किंग एटीएम सुविधा एवं अन्य जरूरी चीजें रहेगी। गिरिडीह के लिए बहुत बड़ी सौगात है।मौके पर संसद प्रतिनिधि गुड्डू यादव , दीपक पांडेय, अभय सिंह, दिलीप रजक, आनंद मिश्रा, राकेश सिंह टुन्ना, देवराज, मेहताब मिर्ज़ा, अनिल राम, सुमित कुमार, मो0 सईद अख्तर, मो0 इरशाद अहमद वारिस, मो0 असदुल्ला, मो0 नैय्यर, मो0 नुरुल, चांदमल मरांडी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## पेयजल की समस्या को देखते हुए ख़राब चापानल का कराया मरम्मत

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत चपुवाडीह पंचायत के वार्ड नंबर 6 में ख़राब पड़े चापानल की वजह से ग्रामीणों पेयजल की हो रही समस्या को देखते हुवे स्थानीय मुखिया मो शमीम ने चापानल का मरम्मति करवाया। ग्रामीणों के हमेशा के बिच रहने वाला मुखिया मो शमीम पंचायत के लोगो के चहेते है और मुखिया ने भी लोगो को कभी नाराज नहीं किया है उनकी समस्या को अपनी निजी समस्या की तरह लेते हुवे तत्काल समाधान करते है। यही कारन है की लोगो के समस्या को देखते हुवे तत्काल चापानल को दुरस्त करवाया गया मौके पर वार्ड सदस्य ज्योति देवी, वार्ड प्रतिनिधि दीपक दास, ग्रामीण सुखदेव दास, जीतू दास, दर्शन दास, सुदामा देवी, जगेश्रीदेवी इत्यादि की मौजूदगी रही।



## झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे से मिले संतोष सिंह

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के कोषाध्यक्ष पवन बंसल से एआईसीसी कार्यालय दिल्ली में मिल कर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने संगठनात्मक मजबूती को लेकर धनबाद जिला के सभी प्रखंडों एवं नगरों में संगठन को धारदार,सशक्त व मजबूत बनाने के साथ-साथ बंद पुराना कांग्रेस कार्यालय को खोलवाने संबंधित विषयो को लेकर विस्तृत चर्चा किया।मौके पर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि माननीय प्रभारी महोदय से बंद पड़े जिला कांग्रेस कार्यालय को खोलवाने संबोधित विस्तृत चर्चा हुई। उन्होने कहा की पुराना कांग्रेस को खुलवाने को लेकर पार्टी गंभीर है और इस पर सकारात्मक पहल करते हुए जल्द कांग्रेस कार्यालय खोलने का रास्ता प्रशस्त करने आश्वासन दिया।

## रॉयलेक्स टायर मल्टी ब्रांड शॉप का उद्घाटन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिरक रोड स्थित झारखंड मोड़ के समीप रॉयलेक्स टायर मल्टी ब्रांड नामक टायर एवं एलाईनमेंट शॉप का उद्घाटन हुआ जहां शहर के कई प्रसिद्ध लोग उपस्थित हुए। वहीं इस अवसर पर ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान एवं ऑल इंडिया उलमा बोर्ड झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष हाजी ज़मीर आरिफ भी उपस्थित हुए और दुकान के मालिक आफताब खान को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर फुलज़ाद खान, हातिम अंसारी, फिरोज आलम, साजिद अंसारी, मो इनामुल, फहीम खान, अली आज़म, जाज़िब खान सहित अन्य उपस्थित थे।

## बरकाकाना-सिधवार पैसेंजर स्पेशल का परिचालन तीन से

**हाजीपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर 53375/53376 बरकाकाना-सिधवार पैसेंजर ट्रेन को दिनांक 03.06.2023 से अगले आदेष तक के लिए गाड़ी संख्या 03637/03638 बरकाकाना-सिधवार-बरकाकाना पैसेंजर स्पेषल सेवा के रूप में पुर्नबहाल किया जा रहा है । गाड़ी संख्या 03637 बरकाकाना-सिधवार पैसेंजर स्पेषल ट्रेन 11.35 बजे बरकाकाना से प्रस्थान करेगी तथा 11.50 बजे बजे सिधवार पहुंचेगी । यहां से वापसी में गाड़ी संख्या 03638 सिधवार-बरकाकाना पैसेंजर स्पेषल 12.55 बजे सिधवार से प्रस्थान कर 13.10 बजे बरकाकाना पहुंचेगी ।

## पुरी-पटना एक्सप्रेस का विद्यासागर स्टेशन पर ठहराव

**हाजीपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर दिनांक 06.06.2023 से गाड़ी संख्या 18449 पुरी-पटना बैद्यनाथधाम एक्सप्रेस का आसनसोल मंडल के विद्यासागर स्टेषन पर प्रायोगिक आधार पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है । पुरी से 05.06.2023 को प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 18449 पुरी-पटना बैद्यनाथधाम एक्सप्रेस 03.14 बजे विद्यासागर पहुंचेगी तथा 03.16 बजे प्रस्थान करेगी ।

## कशिश परवीन को किया गया सम्मानित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कतरास छाताबाद मुमताज राइन की पुत्री कशिश परवीन के इंटर में झारखंड स्टेट टॉपर आने पर उनके आवास पर धनबाद जिला अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष जाहिर अंसारी की ओर से सम्मान समारोह रखा गया जिसमें अंगब्स्त्र, बुके, किताब देकर सम्मानित किया गया एवं भविष्य की शुभकामनाओं के साथ आगे की शिक्षा हासिल करने के लिए हर संभव सहयोग करने की बात कही गई। सम्मानित करने वालों मे झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य मुख्तार खान, महासचिव आसिफ रजा साहेब, राजा अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# गोंडवाना समाज के लोगों को सशक्त बनाने का किया जाएगा प्रयास : विधायक भूषण बाड़ा

## विधायक भूषण बाड़ा ने गोंडवाना समाज के समर कैंप सह युवा सम्मेलन को जमकर सराहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केरसई प्रखंड के कोनसकेली में 9 वां गोंडवाना समर कैम्प सह युवा सम्मेलन में गुरुवार को पांचवे दिन भी जारी रहा। गुरुवार को विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा मुख्य रुप से शामिल हुई। विधायक ने कहा कि गोंड़ जनजाति समाज द्वारा लगातार नौ वर्षो से आयोजित गोंडवाना समर कैंप सह युवा सम्मेलन काबिले तारिफ है। इस आयोजन से समाज के बच्चे अपने समाज के संस्कार, भाषा-संस्कृति, रहन-सहन को बारिकी से जान रहे हैं। इस सम्मेलन से वे बहुत कुछ सिख कर जा रहे हैं। लगातार सात दिनों तक बच्चों को शारिरीक, मानसिक और बौद्धिक विकास के साथ साथ संस्कारयुक्त शिक्षा देने की पहल की चर्चा दूर प्रदेशों में हो रही है। अन्य समाज को भी गोंडवाना जनजाति समाज से सिखने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि गोंडवाना समाज की जितनी प्रशंसा की जाय कम है। समाज के लोग संगठित हैं। उन्होंने कहा कि गोंडवाना समाज के लोगों को सशक्त बनाने का प्रयास किया जाएगा। समाज के लोगों की सेवा के लिए वे हर पल तत्पर है। समाज के लोग अपनी समस्या बताने में झिझक न करें। समाज उत्थान की दिशा में कार्य किया जाएगा।

**आदिवासी समाज के लिए दर्पण है गोंडवाना समाज : जोसिमा खाखा**

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि युवा समाज के दर्पण और बुढ़ापे की लाठी के समान होते हैं। युवाओं की सही दिशा ही समाज को ऊंचाई तक ले जाती है। आप लोगों को आगे आकर समाज की जिम्मेदारी को अपने कंधे में लेना होगा। आधुनिकता और पारंपरिक चीजों को एक साथ कदमताल कराते हुए समाज को आगे ले जाना होगा। उन्होंने आयोजन समिति को इस भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद भी दिया और कहा कि गोंडवाना समाज अन्य आदिवासी समाज के लिए दर्पण है आपसे लोगों को सीखना चाहिए। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज,मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि मूँश खेस, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष संदीप नायक, अजय दान कुजूर, हर्षित मिंज, कृष्णा मांझी, भिंसेंत कुल्लू, आदि गोंडवाना समाज के पदाधिकारी शामिल थे। कमलेश्वर मांझी, रामचंद्र मांझी, प्रदुमन प्रधान, भुनेश्वर बेसरा, अजय मांझी, गजेंद्र मांझी, राजेश्वर प्रधान, अनुज बेसरा, नरेश बेसरा, वैशाली धुर्वे, मनीष मरावी, मनोज प्रधान, आदिवासी कल्याण एवं विकास मंच सिमडेगा के पदाधिकारी रामचंद्र मांझी, राजेश्वर प्रधान कमलेश्वर मांझी, भुनेश्वर बेसरा, गजेंद्र मांझी, हीरादर मांझी, जय मंगल प्रधान, दिनेश धुर्वा, गोंडवाना विद्यार्थी यूनियन सिमडेगा के अजय मांझी, नरेश कुमार बेसरा राजू मांझी, शंकर मांझी, जयनानाद मांझी, अशोक बेसरा, अनुज बेसरा, तरुण मांझी, निरोज़ मांझी, दीपक मांझी, रघुनाथ मांझी, रवि प्रधान सहित 600 से अधिक बच्चे उपस्थित थे।

# नदिया हिंदू उच्च विद्यालय का नाम बदले जाने का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण : संजय सर्राफ

## झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन शीघ्र ही मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा में नदिया हिंदू उच्च विद्यालय का नाम बदले जाने की फैसले का झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने घोर निंदा की है। इस सम्बंध में झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि नदिया हिंदू उच्च विद्यालय का नाम बदले जाने के फैसले से सरकार एवं प्रशासन के खिलाफ अभिभावकों एवंम आम जनता में व्यापक जन-आक्रोश है। सरकार द्वारा दरअसल नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय का नाम को बदलकर इसके तहत उत्कृष्ट विद्यालय की सूची में डालकर इसका नाम मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय किया जाना है। जो कि सरकार के फैसला बिल्कुल गलत एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा है कि नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय की स्थापना आजादी से पहले सन् 1931 में की गई थी. स्कूल की स्थापना घनश्याम दास बिड़ला और स्थानीय लोगों ने मिलकर की थी। इस विद्यालय में स्थापना समय से ही हिंदू-मुस्लिम एवं सभी धर्मो के लोग एक साथ आपसी भाई-चारे के साथ पढ़ते हैं। तब से इस विद्यालय का नाम नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय रहा है। तत्कालीन बिहार सरकार ने जब स्कूल का अधिग्रहण कर इसे सरकारी विद्यालय के रूप में मान्यता दी तो नाम नहीं बदलने की शर्त पर ही विद्यालय को स्थानीय लोगों ने सरकार को सौंपा था, लेकिन अब हेमंत सरकार ने राज्य में 80 स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा दिया है. ऐसे में इन सभी स्कूलों का पुराना नाम हटाकर मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय किया जाना है। यहां लोगों की मांग ये है कि स्कूल का नाम मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया की जगह नदिया हिन्दू मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कर दिया जाए। इस संबंध में झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि शीघ्र ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं झारखंड शिक्षा सचिव से मुलाकात कर पूरे विषय वस्तु की जानकारी देते हुए विद्यालय का नाम ना बदलने का आग्रह करेगी।

# झामुमो जिलाध्यक्ष ने जिले के संपूर्ण विकास को लेकर सीएम हेमंत सोरेन से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोहरदगा जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची स्थित उनके आवास पर मिलकर लोहरदगा जिला की जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए जिले की शत प्रतिशत विकास की मांग रखी है। इधर सीएम को झामुमो जिला अध्यक्ष के द्वारा जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सड़क, बिजली एवं अन्य जन समस्याओं से अवगत कराते हुए जिले में इस भीषण गर्मी में पेयजल की बड़ी संकट से जिलेवासियों को निजात दिलाने एवं शिक्षा के क्षेत्र को सुदृढ़ कराने स्वास्थ्य की समस्याओं को मजबूती के साथ निराकरण कराने सहित जिले के तमाम क्षेत्रों की सड़कों की विकास की मांग रखी है। साथ ही जिले में आए दिन बिजली की बड़ी समस्या को गंभीरता पूर्वक निपटारा कराने की भी मांग रखी है। वहीं कैरो प्रखंड में वर्षो से निर्मित अस्पताल का यथाशीघ्र संचालन कराने की मांग रखी है। जिसपर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जिलाध्यक्ष को आश्वस्त कराते हुए कहा कि लोहरदगा जिले की विकास को लेकर हमारी सरकार पूरी तरह से कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि साथ ही राज्य के सभी क्षेत्रों का समुचित विकास को लेकर कार्य योजना तैयार की गई है एवं पूरे राज्य में विकास कार्यो को व्यापक रूप दिया गया है। सीएम ने कहा कि लोहरदगा जिला का विकास निश्चित रूप से बड़े पैमाने हमारी सरकार कर रही है बाकी योजनाओं पर भी खाका तैयार कर विकास कार्यो को जमीनी स्तर पर उतारते हुए अंजाम दिया जाएगा। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कैरो में बने अस्पताल के संचालन जल्द से जल्द शुरू कराये जाने की बात कही है। इधर इस बात का भरोसा दिलाते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद को कहा कि लोहरदगा जिला में जब से गठबंधन की सरकार बनी है विकास की लहर दौड़ पड़ी है बाकी बचे कार्यो को भी प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जायेगा।

# प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने कृषक मित्र व किसानों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन के तहत प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी की अध्यक्षता में कृषक मित्र व किसानों का बैठक आयोजन किया गया। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के लिये जागरूकता अभियान आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में कृषक मित्रों और किसानों को प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुरज भगत ने निर्देश देते हुए कहा की कृषि कार्य मे किसान जैविक खाद को बढ़ावा दे और जीवामृत खाद, नैनो यूरिया, नीम कोटेज खाद, गोबर खाद, केंचुआ खाद का अधिकतर प्रयोग करें साथ ही अन्य किसानों को रसायनिक खाद का प्रयोग नही करने के लिये प्रेरित करने के लिये निर्देज़ह दिया गया। साथ ही देशी बीज के अन्तर्गत मडुवा, गोंदली, मकई, बाजरा का खेती करने के लिये निर्देश दिया गया। वही कृषि योग्य भूमि पर पानी बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। मौके पर एटीम स्नेहलता भगत के अलावे किर्षक मित्र राजेन्द्र नायक, एतवा उराँव, संगीता कुमारी, सूरज कुमार, चिन्ता देवी एवं तुलसी उराँव, अशोक कुमार भगत, सूर्या उराँव, प्रकाश महतो, रविन्द्र उराँव सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने की मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा की गई। इसके अंतर्गत छुटे हुए किसानों, जिनका ई-केवाईसी लंबित है,उनका ई-केवाईसी दिनांक 15 जून 2023 तक पूर्ण कराने का निदेश जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा व एलडीएम, लोहरदगा को दिया गया। प्रखण्डों के लंबित ई-केवाईसी के लिए सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को प्रतिदिन छूटे हुए योग्य किसानों का ई-केवाईसी कराये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, अपर समाहर्ता, लोहरदगा को इसकी सतत् मॉनिटरिंग किये जाने का निदेश दिया गया। आज की बैठक में अपर समाहर्ता के रूप में समीरा एस0, जिला कृषि पदाधिकारी शिव पूजन राम, अग्रणी बैंक प्रबंधक रविंद्र प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी अमर भूषण क्रांति, कार्यपालक दण्डाधिकारी सन्नी कुमार दास, आत्मा उपनिदेशक तृप्ति तिर्की समेत अन्य उपस्थित थे।

# भारतीय रिज़र्व बैंक के तहत वित्तीय साक्षरता को लेकर कैम्प का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** ठेठईटांगर प्रखंड के कोरोमियाँ पंचायत भवन में भारतीय रिजर्व बैंक के तहत वित्तीय साक्षरता को लेकर कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, जन धन खाते, अटल पेंशन योजना, मुद्रा ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री स्वनिधि, ऑनलाइन फोर्ड, डिजिटल बैंकिंग, म्यूच्यूअल फण्ड आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम में आये सभी लोगों को बीमा के महत्व पर जानकारी दिया गया एवं सभी को बीमा करवाने के लिए प्रेरित किया गया इसके साथ साथ बीमा लेने से होने वाले भविष्य में लाभ भी बताया गया। कार्यक्रम का संचालन सीएफएल इन चार्ज भरत सिंह द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोरोमियाँ पंचायत के मुखिया रेणुका सोरेंग, पंचायत समिति सदस्य सरस्वती देवी, सीएफएल इन चार्ज भरत सिंह, बैंक ऑफ इंडिया के बी.सी विवेक कुमार, कैनरा बैंक से पंकज टेटे, संदीप नायक, बैंक सखी कलावती देवी, अमित बागे, पंचायत के वार्ड सदस्य, ग्राम प्रधान एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# संगठन की मजबूती एवं विकास की एक आधार है आजीवन सहयोग निधि : लक्ष्मण बड़ाईक

**➲आजीवन सहयोग निधि भाजपा की एक अति महत्वपूर्ण क्रियान्वयन, कार्यकर्तागण बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें : सुशील श्रीवास्तव**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजपा कार्यालय, सिमडेगा में आज आजीवन सहयोग निधि की अति महत्वपूर्ण बैठक रखी गई थी। इस बैठक में भाजपा के अनेक कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान भाजपा अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजीवन सहयोग निधि संगठन की मजबूती की एक आधारशिला है। किसी भी संगठन की मजबूती के लिए मुख्य रूप से चार मापदंड सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं न्यायिक हैं। भारतीय जनता पार्टी सामाजिक रूप से भारत के सभी नागरिकों को भारत में सम्मान पूर्वक जीने का अधिकार दिलाई है, राजनीतिक रूप से हमारे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उनके अधिकार के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहते हैं, न्यायिक रूप से भाजपा क्षेत्र में दबे-कुचले, पीड़ित एवं असहाय लोगों को न्याय दिलाने का प्रयास करते रही है और संगठन की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने की नैतिक जिम्मेदारियों संगठन के कार्यकर्ताओं के ऊपर होती है। सभी कार्यकर्ताओं से मेरी अपील है कि वे आजीवन सहयोग निधि का हिस्सा अवश्य बने ताकि भाजपा संगठन के माध्यम से क्षेत्र का चौमुखी विकास हो। कार्यक्रम में उपस्थित जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने भी समस्त कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह हम लोगों के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि हमलोग विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी, भाजपा परिवार का अहम हिस्सा है। अर्थ, परिवार की मजबूती का महत्वपूर्ण भाग होता है और मजबूत आर्थिक स्थिति का सीधा संबंध समस्या के निवारण से है। इसलिए सभी कार्यकर्ता आजीवन सहयोग निधि का हिस्सा अवश्य बने एवं संगठन को मजबूती प्रदान करें।

# सेवा भारती के योग शिविर का 1 वर्ष हुआ पूर्ण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर में लगातार प्रत्येक दिन चल रहे योग शिविर के एक वर्ष पूरे हो गए। 1 जून 2022 से लगातार निशुल्क योग शिविर सुबह 5:30 से 6:30 तक चल रहा है। प्रारंभिक में कुछ समय शांति आश्रम के योग प्रशिक्षक आशीष जी, कृति जयसवाल, विकास कास्यंकार, जय प्रकाश शर्मा के द्वारा योग प्रशिक्षण कराया गया। वर्तमान में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ के द्वारा लगातार सुबह लोगों को योग अभ्यास कराया जा रहा है। इस योग कार्यशाला में प्रत्येक दिन ओम का उच्चारण एवं गायत्री मंत्र से प्रारंभ किया जाता है और सूक्ष्म व्यायाम, कपालभारती, अलॉन्ग-बिलॉन्ग, मक्कराशन, त्रिकोण, चक्की आसन, ताड़, बृक्षाआसन, नौका, पवनसुतआशन, मंडूक आसन, बटरफ्लाई, गोमुख आसन, सूर्य नमस्कार आदि कई आसन एवं व्यायाम कराया जाता है एवं अंत में शांति का पाठ भी की जाती है, सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने बताया कि यह निशुल्क योग शिविर आज 1 वर्ष से लगातार चल रहे है, योग शिविर में योग कर कई लोगों को घुटने का दर्द, सांस की बीमारी, शुगर, बी.पी आदि कई बिमारियों से निजात मिल रहे हैं, अब कई महिलाएं एवं पुरुष लोग प्रतिक्षण पाकर अपने घर में ही योग कर स्वस्थ है,प्रत्येक दिन मात्र 1 घंटे योग करने से रक्तचाप सही रहता है और शरीर स्वास्थ्य एवं फुर्ती रहता है, लोगों को अपना सुबह 1 घंटे का योग को दिनचर्या बना लेना चाहिए, शिविर में दीपक सर्राफ के अलावा जय प्रकाश शर्मा, सुबोध प्रसाद महतो, अनिल कास्यंकार, देवानंद महतो,संजय चौधरी, आनंद गुप्ता, अशोक प्रसाद, अवधेश मित्तल, रामजी सोनी, विकास कास्यंकार एवं काफी महिलाएं लोग सहयोग देते आ रहे हैं।

# चेन छिनतई करने वालों का शीघ्र पर्दाफाश करें प्रशासन : कंवलजीत सिंह



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आज सवेरे हुई चेन छिनताई की घटना में शामिल लोगों का पर्दाफाश प्रशासन शीघ्र करें क्योंकि इस तरह की घटना लोहरदगा के शहरवासियों को चौंकाने वाली है। मालूम हो कि आज सवेरे लगभग छह,सवा छह बजे के बीच छत्तर बगीचा निवासी एवं सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर एन कुजुर अपनी धर्मपत्नी (शिक्षिका) पुष्पा बाखला को रेलवे स्टेशन बाइक से छोड़ने के लिए जा रहे थे। इस बीच न्यू रोड पर्ल होटल के समीप लाल रंग की मोटरसाइकिल से दो युवक पीछा करते हुए आए एवं उनकी पत्नी के गले से सोने की चेन छीन कर फरार हो गए। सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर के द्वारा जब पीछा किया गया तो वे लोग न्यू रोड कादिर लेन की ओर भाग गए। बाइक पर पीछे बैठे हुए युवक लाल और सफेद रंग की शर्ट पहने हुए था और भागने के क्रम में छिनतई करने वालों में से पीछे बैठे एक ने दोनों हाथ से पीछे नंबर प्लेट को ढक कर रखा था ताकि मोटरसाइकिल का नँबर पढ़ा नहीं जा सके। इसके बाद पूर्व बैंक मैनेजर के द्वारा इसकी लिखित सूचना सदर थाने को दी गई है और सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर एन कुजूर एवं सामाजिक विचार मंच के संयोजक कंवलजीत सिंह ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस सड़क पर इस तरह की घटना हुई है वहां दर्जनों सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं अगर प्रशासन त्वरित कार्रवाई करेगी तो निश्चित तौर पर इस तरह के अपराधियों का तुरंत पता चल जाएगा। इसलिए प्रशासन से निवेदन है कि अविलंब एवं गंभीरता पूर्वक इस घटना को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई करें ताकि लोहरदगा जैसे शहर में इस तरह की घटना और ना बढ़ सके।

# प्रेम जाल में शादी का झांसा देकर लड़की भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 01 जुन गुरूवार को प्रेम जाल मे फंसाकर शादी का झांसा देकर लड़की भगा ले जाने वाले आरोपी को कैरो थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध मे कैरो थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव ने बताया कि कुडु प्रखंड के ननतिलो ग्राम निवासी मुश्ताक अंसारी पिता फजलूद्दीन अंसारी ने कैरो थाना क्षेत्र के उतका गाँव की लड़की को प्रेम जाल में फंसा कर शादी का झांसा देकर लड़की को भगा ले जाने का आरोप था। मामले पर कैरो थाना मे काण्ड संख्या 25/23 के भा0द0वि0 363, 366 ए, 506 के तहत मामला दर्ज कर कैरो थाना पुलिस आगे की करवाई मे जुट गई थी, अंततोगत्वा आज आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे जेल भी भेज दिया गया है।

# लाभुक ससमय आवास पूर्ण करें नही तो होगा सर्टिफिकेट केश : बीडीओ



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस के मौके पर गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार, उगरा, अलौदी, सेरेंगहातु तोड़ार, बुटी, झलजमीरा, सेन्हा, चितरी डाँड़ू, भड़गाँव, बदला, अरु सहित सभी पंचायत के पंचायत भवन में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों की समस्या सुनी गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि सभी लाभुक ससमय आवास को पूर्ण करें नही तो सर्टिफिकेट केश होगा। वही लाभुकों का समस्या को समाधान करने का प्रयास करने की बात कही गई। साथ ही लाभुकों को ससमय आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वही लाभुकों द्वारा बालू, ईट, मजदूर की समस्या सहित अन्य समस्याओं से पदादिकारी व जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। साथ ही समस्याओं का समाधान के लिये आग्रह किया गया। मौके पर मुखिया कमला देवी, नोडल पदादिकारी आवास संजीत कुमार, पंचायत सहित महिपाल उराँव, रोजगार सेवक देवेन्द्र कुमार देव, स्वयंसेवक विजेता मिश्रा, सूर्य भूषण मिश्रा के अलावे सभी लाभुक उपस्थित थे।

# कंचन सिंह ने डी फर्मा कॉलेज मे दूसरा स्थान प्राप्त कर कॉलेज और परिवार का नाम किया रौशन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी रांची के अधीन संचालित एक मात्र सरकारी फार्मेसी संस्थान, बरियातु डी फार्मा डिप्लोमा का रिजल्ट जारी किया गया। उसमें लोहरदगा जिला अंतर्गत कैरो प्रखण्ड के हनहट गांव निवासी प्रदुमन सिंह की पुत्री कंचन सिंह ने डी फर्मा कॉलेज मे दूसरा स्थान प्राप्त कर प्रथम श्रेणी मे विशिष्ट स्थान लेकर कॉलेज और परिवार का नाम रौशन किया है। कंचन सिंह ने 78 प्रतिशत अंक हासिल की। और झारखंड के एक मात्र डी फार्मा कॉलेज में दूसरा श्रेष्ठ स्थान प्राप्त की। कंचन सिंह डी ए वी लोहरदगा से बोर्ड एवम इंटर की पढाई की है।

# जन भावना फाउंडेशन के बैनर तले हुआ शिविर का उद्घाटन



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत के चिकसुरा गांव में जन भावना फाउंडेशन (एनजीयो)के बैनर तले शिविर का उद्घाटन ब्लॉक हेड संगीता डुंगडुंग एवं पंचायत हेड विल्सन मांझी के द्वारा किया गया। इस शिविर में डिस्ट्रिक्ट हेड खुशीराम कुमार ने कहा कि इस फाउंडेशन का लक्ष्य आपका साथ हमारा प्रयास के तहत हर हाथ हुनर एवं जन जन को रोजगार मिले। आज सरकार की योजनाओं को अलग अलग तरीके से लोगों तक पहुंचाने का कार्य जन भावना फाउंडेशन कर रही है, वर्तमान में सरकार की बालिका समृद्धि योजना के तहत बाल विवाह को रोकना एवं बालिका के 18 वर्ष के बाद विवाह पर जरूरत के सभी सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।अभी स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी उम्र के लोग हेल्थ केयर कार्ड बनवा कर लाभ ले सकते हैं। इस शिविर में कुल 144 लोगों ने पंजीकरण कराया जिसमें बालिका समृद्धि योजना में 31 एवं हेल्थ केयर कार्ड में 113 लोगों ने पंजीकरण कराया। इस शुभावसर पर पाकरटांड ब्लॉक हेड आनंद बड़ाईक, ठेठईटांगर ब्लॉक हेड बिरसा मांझी, कोलेबिरा ब्लॉक हेड शिव शंकर सिंह, बोलबा ब्लॉक हेड रमेश टोप्पो, केरसई ब्लॉक हेड एनिस केरकेट्टा, पंचायत हेड संदीप बड़ाईक सहित काफी संख्या में ग्रामीणों उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### दो और तीन जून को विकास तीर्थ बनेंगे भाजपा के महासंपर्क अभियान के केंद्र बिंदु

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान का शुरू हो गया है। इस अभियान के प्रदेश संयोजक सह प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने गुरुवार को कि दो और तीन जून को प्रदेश के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा नीत केंद्र एवं राज्य सरकार के शासनकाल में विकसित प्रमुख स्थल, जिसे पार्टी ने विकास तीर्थ कहा है, का भ्रमण करेंगे। दो जून को पूर्वाह्न 11 बजे प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय हटिया विधानसभा क्षेत्र के नगड़ी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने आज पूर्वाह्न 11 बजे खिजरी विधानसभा क्षेत्र के ओरमांझी स्थित अनगड़ा ब्रिज पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। डॉ वर्मा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश तीन जून को रांची विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थित बिरसा मुंडा पार्क, जेल रोड के कार्यक्रम में अपराह्न तीन बजे शामिल होंगे जबकि प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह तीन जून को लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर 11 बजे पूर्वाह्न आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। तीन जून को 11 बजे पूर्वाह्न केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा खरसावां विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खुंटपानी में हर घर नल जल योजना स्थल के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी तीन जून को कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के मेडिकल कालेज करमा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा तीन जून को खिजरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत निर्मित हुंडरू ब्रिज स्थल पर कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### हज में जाने वाले हज यात्रियों का पहला जत्था मदीना के लिए रवाना

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हज मे जाने वाले हज यात्रियों का पहला जत्था 1/6/23 को 330 हाजी दिन में 10 बजे रवाना हुए। दूसरा जत्था दिन के दो बजे 327 हाजी रवाना हुए और तीसरा जत्था रात के करीब 10 बजे 333 हाजी को लेकर कोलकता एयरपोर्ट से मदीना के लिए रवाना हुआ । काफी संख्या मे हाजियों के परिजनों का कोलकाता हज हाउस में ठहरे हुए हैं। हाजियों के परिजन के ठहरने के लिए काफी लम्बा चौडा पंडाल बनाया गया है । ममता दादी की सरकार और बंगाल हज कमेटी बहुत अच्छा इन्तेजाम किया। झारखंड सरकार और झारखंड हज कमेटी ये सब देख कर सिखना चाहिए हाजियों के खिदमत के लिए दरगाह कमिटी के लोग रांची से कोलकाता हज हाउस तक लगे रहे। दरगाह कमेटी से भी तीन लोग हज करने गए हैं। मनजुर हबिबी, गुलाम खाजा , मोजीबुलहक। हज खिदमत में कोलकाता गए मोहम्मद फारुक, हाजी जाकिर हुसैन, सुवेब अंसारी खिदमत में लगे हुए हैं।



# टंकी में नहीं है पानी, लोग पानी के लिए हो रहे परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** चिलचिलाती गर्मी में रांची नगर निगम क्षेत्र के लोग पानी के लिए इधर से उधर भटक रहे हैं, हालांकि नगर निगम ने अपने प्रयास से वैसे क्षेत्रों में जहां पानी की किल्लत हो रही है, वहां के सभी वार्डों के मोहल्ले में दो, तीन या चार जरूरत के हिसाब से पानी टंकी का व्यवस्था कराया गया था।कई जगहों पर यह काफी सफल भी रहा। मोटर के माध्यम से पानी टंकी में चढ़ाता है, लेकिन कुछ जगहों पर ऐसा भी देखने को मिल रहा है कि लोग इसकी देखरेख नहीं कार पाने के कारण मोटर खराब हो जाने के कारण पानी टंकी में जमा नहीं हो रहा है , जिस कारण से



लोगों को पानी की समस्या भी देखने को मिल रही है । ऐसा ही एक मामला कांटाटोली कुरैशी मोहल्ला जो वार्ड 11 के अंतर्गत आता है। इस कुरैशी मोहल्ला में पानी टंकी लगाया गया है, एक टंकी की हालत खराब हो चुकी है । मोटर खराब हो जाने के कारण इस टंकी में पिछले तीन-चार दिनों से पानी नहीं है। लोगों को दूर से पानी लाने के लिए जाना पड़ रहा है । आसपास के लोगों ने बताया कि यहां पानी की बर्बादी बहुत होती थी। लोग बेवजह गाड़ी, कपड़ा धोने, पाइप लगाकर अपने अपने घरों में पानी ले जाने , घंटों नहाने के लिए लगातार घंटों देरी तक मोटर चलाकर छोड़ देते हैं, जिस कारण से मोटर जल गया है। कई बार मना करने के बाद भी तो नहीं समझते हैं , हालांकि कुछ लोगों के घर में पानी की सुविधाएं हैं, बावजूद इसके पानी टंकी का यूज करते हैं। टंकी में पानी नहीं रहने से ना सिर्फ आसपास के लोगों को बल्कि मस्जिद में नमाज पढ़ने वाले लोगों को भी दिक्कतें होती, क्योंकि वह भी यहां पर वजू बनाते हैं। लोगों ने अपील की है कि कम से कम जुमा से पहले बन जाए और भविष्य में पानी की बर्बादी करने से और मोटर 1 घंटा से अधिक समय तक नहीं चलाने का भी निर्णय लिया है।

## अब्दुल हमीद ने पीआईबी में संयुक्त निदेशक का पदभार संभाला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची। भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी अब्दुल हमीद ने 01 जून 2023 को पत्र सूचना कार्यालय, रांची में संयुक्त्त निदेशक के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया। हमीद इससे पूर्व आकाशवाणी रांची में समाचार सेवा प्रभाग के प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। भारतीय सूचना सेवा में 35 वर्ष से अधिक के कार्यकाल में हमीद ने दिल्ली, कोलकाता, गंगटोक, गुवाहाटी, इंफाल एवं रांची में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रमुख विभागों जैसे-पीआईबी, आकाशवाणी, प्रकाशन विभाग, दूरदर्शन, सीबीसी में अपनी सेवाएं दी हैं। पीआईबी रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने



कहा कि हमीद की योग्यता एवं अनुभव का लाभ पीआईबी, रांची को मिलेगा। इस मौके पर पीआईबी रांची के कार्यालय प्रमुख ओंकार नाथ पांडेय एवं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर भी मौजूद थे।

## यूजीसी की स्थायी समिति के अध्यक्ष बने झारखंड केंद्रीय विवि के कुलपति क्षिति भूषण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ करने और नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से यूजीसी ने एक स्थायी कमेटी का गठन किया है। इस उच्च स्तरीय कमेटी का चेयरमैन झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास को बनाया गया है। नौ सदस्यीय टीम में प्रो. दास काफी अनुभवी हैं, जिसका लाभ पूरी कमेटी को मिलने की उम्मीद है। स्थायी समिति मुख्य तौर पर विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए न्यूनतम योग्यता और उच्च शिक्षा मानकों का उल्लंघन ना हो, इस पर विशेष नजर रखेगी। स्थायी समिति एम-फिल या पीएचडी डिग्री अवार्ड के लिए न्यूनतम मानकों और प्रक्रियाओं पर यूजीसी विनियमों के उल्लंघन को नियंत्रित करने के उपायों पर भी सुझाव देगी। समिति को ये अधिकार होगा कि वो किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान के दस्तावेजों की जांच करके यह निर्धारित कर सकती है कि अमुक उच्च शिक्षा संस्थान यूजीसी के नियमों का पालन करते हैं या नहीं।इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर प्रो, क्षिति भूषण दास ने यूजीसी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज को मजबूती प्रदान कर सकता है। इसके लिए शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रियाओं में अनियमितताओं को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है।

## रेलवे भर्ती घोटाला : सीबीआई को पूरक चार्जशीट दाखिल करने के लिए मिली मोहलत

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने रेलवे भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई को पूरक चार्जशीट दाखिल करने के लिए समय दे दिया है। स्पेशल जज गीतांजलि गोयल ने मामले की अगली सुनवाई 12 जुलाई को करने का आदेश दिया। पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी गुरुवार को पेश नहीं हुए। इस मामले के आरोपित दोनों ने आज पेशी से छूट की मांग की, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। आज लालू यादव की बेटी और आरजेडी सांसद मीसा भारती कोर्ट में पेश हुईं। 29 मार्च को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सीबीआई से पूछा था कि आप पूरक चार्जशीट कब दाखिल करेंगे। तब सीबीआई ने कहा था कि वो दो से तीन हफ्ते में पूरक चार्जशीट दाखिल करेगी। कोर्ट ने 15 मार्च को लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और




मीसा भारती को पचास-पचास हजार रुपये के मुचलके पर जमानत दी थी। कोर्ट ने 27 फरवरी को इन तीनों आरोपितों समेत सभी के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 7 अक्टूबर, 2022 को रेलवे भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई ने लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती समेत 16 आरोपितों के खिलाफ दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। रेलवे भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई ने भोला यादव और हृदयानंद चौधरी को गिरफ्तार किया था। भोला यादव 2004 से 2009 तक लालू यादव के ओएसडी रहे थे। रेलवे भर्ती घोटाला लालू यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान का है। भोला यादव को ही इस घोटाले का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। आरोप है कि लालू यादव के रेल मंत्री रहते नौकरी के बदले जमीन देने के लिए कहा जाता था। नौकरी के बदले जमीन देने के काम को अंजाम देने का काम भोला यादव को सौंपा गया था।

## झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** दिनांक 31 मई 2023 को आयोजित कैबिनेट की बैठक में राज्य सरकार द्वारा झारखण्ड राज्य पुलिस अवर निरीक्षक सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा नियुक्ति नियमावली (भर्ती पद्धति), 2016 को निरस्त किये जाने के निर्णय को लेकर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मिलकर उनके प्रति आभार जताया। झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि कैबिनेट की बैठक में राज्य पुलिस अवर निरीक्षक सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा नियुक्ति नियमावली (भर्ती पद्धति), 2016 निरस्त किए जाने के फैसले से तमाम पुलिसकर्मी काफी खुश हैं। इस निर्णय से 1200 पुलिस कर्मियों का प्रोन्नति का रास्ता साफ हो गया है।



प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने पुलिसकर्मियों को क्षतिपूर्ति अवकाश एवं पुरानी पेंशन की सौगात दी है, इस हेतु तहे दिल से पूरी पुलिस एसोसिएशन आपको धन्यवाद देती है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को आगामी 15 तारीख को आयोजित होने वाले पुलिस महाधिवेशन में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने पुलिसकर्मियों के कई समस्याओं का निराकरण करने का काम किया है। राज्य पुलिस कर्मियों की मांगों पर उचित निर्णय लेते हुए पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाने का काम हमारी सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता के साथ-साथ राज्य सरकार के कर्मियों के भी चेहरे पर मुस्कान हो यह हमारी सरकार की सोच है।आने वाले समय में भी राज्य हित एवं जनहित से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। इस अवसर पर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, महामंत्री अक्षय राम, उपाध्यक्ष अखिलेश्वर पांडे,अरविंद यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

### पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा सहित सात आरोपित कोर्ट में हुए पेश

**रांची :** मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा सहित सात गुरुवार को ईडी कोर्ट में उपस्थित हुए। मामले में ईडी की ओर से इनकम टैक्स के तत्कालीन डिप्टी डायरेक्टर डॉ प्रभा कांत की गवाही हुई। उनकी गवाही शुक्रवार को भी जारी रहेगी। मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, विनोद कुमार सिन्हा, विकास सिन्हा, कोलकाता के कारोबारी विजय जोशी, अनिल बस्तावडे और मनोज पुनमिया अदालत के समक्ष पेश हुए। मामले में मधु कोड़ा के अधिवक्ता चंद्रभानु और पांडे नीरज राय ने जिरह किया। उल्लेखनीय है कि मधु कोड़ा जब मुख्यमंत्री थे तब उनके मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों और उनके सहयोगियों पर करोड़ों रुपये की अवैध कमायी करने का आरोप लगा है।

## भारत के बथनाहा से नेपाल कस्टम यार्ड तक हुई कार्गो ट्रेन की शुरुआत

एजेंसी

**अररिया।** भारत-नेपाल को जोड़ने वाली अति महत्वाकांक्षी योजना जोगबनी-बिराटनगर क्रॉस बॉर्डर रेल लिंक प्रोजेक्ट के अंतर्गत बथनाहा से नेपाल कस्टम यार्ड तक कार्गो रेल सेवा की शुरुआत हो गई है।नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने इस परियोजना का उद्घाटन वर्चुअल मोड में किया।वहीं बथनाहा में आयोजित समारोह में भारत और नेपाल के जनप्रतिनिधि समेत अधिकारियों ने भाग लेकर हरी झंडी दिखाते हुए कार्गो ट्रेन को रवाना किया।इस कार्गो रेल को सहायक पायलट मुकेश कुमार शर्मा और गार्ड कृष्ण नंदन कुमार कुल 43 बोगी में 2,750 टन आयरन लेकर 30 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से बथनाहा से एनसीवाई के लिए दोपहर 12.50 बजे लेकर रवाना हुए। मौके पर आगंतुक




अतिथियों का स्वागत पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के एजीएम यतेन्द्र कुमार और कटिहार डीआरएम कर्नल एस के चौधरी ने ने बुके देकर किया। आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के एजीएम यतेंद्र कुमार ने कहा कि नेपाल के साथ द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती का यह परियोजना प्रतीक है क्षेत्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने और दक्षिण एशियाई क्षेत्र में व्यापार और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का द्योतक है।मौके पर पूर्व डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच का संबंध न केवल बेटी रोटी का है,बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक समानता का भी है। समारोह को फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी, डीआरएम कर्नल एस के चौधरी, नेपाल रेल के एमडी निरंजन झा,बलराम मिश्रा,अर्जुन जंग थापा,रोहित कुमार विशुराल,तरुण बंसल,कस्टम कमिश्नर पी के कटियार आदि ने भी संबोधित किया।

## श्रद्धा हत्याकांड : तीन गवाहों ने दिल्ली के साकेत कोर्ट में अपने बयान दर्ज कराए




एजेंसी

**नई दिल्ली।** बहुचर्चित श्रद्धा हत्याकांड मामले में गुरुवार को तीन गवाहों ने दिल्ली के साकेत कोर्ट में अपने बयान दर्ज कराए। अभियोजन पक्ष की ओर से तीन गवाहों ने बयान दर्ज कराए। ऑटो चालक मनीष कुमार राठौड़ ने कहा कि उसने 18 मई 2022 को श्रद्धा को अपने ऑटो से मेट्रो स्टेशन से छतरपुर पहाड़ी तक ले गया था। इसके बाद अभियोजन पक्ष की तरफ से आईएलबीएस अस्पताल वसंत कुंज में सहायिका का काम करने वाली कुसुम लता का बयान गवाह के रूप में दर्ज कराया गया। कुसुम लता ही ने आखिरी बार श्रद्धा वालकर को देखा था। कुसुमलता के बयान के बाद कोर्ट ने श्रद्धा के भाई श्रीजय वालकर का बयान दर्ज किया गया। श्रीजय ने कहा कि श्रद्धा ने उसे बताया कि आफताब उसके साथ लड़ाई और मारपीट करता था। उसने इसकी जानकारी मां को भी दी थी। श्रीजय वालकर ने बताया कि इस मसले पर मैंने और मेरी मां ने अपनी बहन को यह बताने की कोशिश की कि यह सही नहीं है और आरोपित शारीरिक नुकसान पहुंचा रहा है। इसलिए उसे छोड़कर घर आ जाना चाहिए। उसने बताया कि इस तरह की हर घटना के बाद आफताब उससे की गई मारपीट के लिए माफी मांगता था, जिसे वह माफ कर देती और उसके साथ रहने लगती थी। साकेत कोर्ट ने 9 मई को इस मामले के आरोपित आफताब के खिलाफ हत्या करने का आरोप तय कर दिया था। एडिशनल सेशंस जज मनीषा खुराना कक्कड़ ने आफताब पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 201 (सबूतों को नष्ट करने) के तहत आरोप तय किये। सुनवाई के दौरान आफताब ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार कर दिया था और ट्रायल का सामना करने की बात कही।

दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया था कि आफताब ने सोच समझ कर इस घटना को अंजाम दिया है। दिल्ली पुलिस ने कहा था कि परिस्थितिजन्य साक्ष्य से पता चलता है कि श्रद्धा और आफ़ताब का लिव-इन रिलेशन हिंसक था। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया था कि श्रद्धा प्रैक्टो ऐप के जरिये डॉक्टरों से परामर्श भी ले रही थी।

# अपने अधिकारों के लिए पटना में प्रजापति समाज ने फूंका आंदोलन का बिगुल : अविनाश देव

*** महासम्मेलन में माटीकला बोर्ड का गठन, अनुसूचित जाति में शामिल करने और राजनीति में भागीदारी देने की मांग की गई**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** बिहार के 90 लाख कुम्हारों को कोई राजनीतिक दलों ने उचित सम्मान नहीं दिया। सभी राजनीतिक पार्टियां सिर्फ वोट के लिए गया किंतु वोट का भागीदारी नहीं बनाया न हिस्सेदारी दिया। बिहार के कुम्हारों ने इन्ही सवालों पर 31 मई को बापू सभागार पटना में एक राजनैतिक जागृति महासम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें बिहार सरकार के मंत्री सहित फायर ब्रांड युवा नेता डॉक्टर कन्हैया कुमार ने शिरकत किया। बिहार कुम्हार (प्रजापत्ति) समन्वय समिति के बैनर से बापू सभागार में जमा हुए कुम्हारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा बिहार सरकार के आये अतिथि मंत्रियों को बोध करा दिया कि अगर हमारी मांगे नहीं मिली तो हम सभी सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे और राजनीति के चक्का रोक देंगे। सरकार से हमारी गुजारिश है कि माटीकला बोर्ड का गठन, अनुसूचित जाति में शामिल करने और राजनीति में भागीदारी में शामिल करते हमारी हिस्सेदारी देने की कृपा करें। क्योंकि यह हमारी संवैधानिक अधिकार है। बापू सभागार में बिहार के कोने कोने से आये कुम्हारों का जन शैलाब कुछ देर के लिए लगा मानो बिहार में बाढ़ आ गया हो। तिल रखने की जगह नहीं बची। सभागार से दुगुना भीड़ बाहर में अपने नेताओं को सुनने के लिए डटी रहीं। न गर्मी का असर न धूप का, दिखा असर तो सिर्फ राजनीतिक भूख का। बिहार कुम्हार (प्रजापत्ति) समन्वय समिति के आह्वान पर आए कुम्हारों ने अपनी मांगों को मिलने तक यह चट्टानी एकता बनाये रखने की एकमुश्त हामी भरी और कहा कि जरूरत पड़ी तो गांधी मैदान भर देंगे लेकिन अपना हक नहीं छोड़ेंगे। इस राजनैतिक जागृति



महासम्मेलन में झारखंड,उत्तर प्रदेश,दिल्ली सहित अन्य राज्यों के नेताओं का आगमन हुआ और कहा कि यह लड़ाई सिर्फ बिहार के कुम्हारों का नहीं है बल्कि देश भर के कुम्हारों का है हम मिल कर लड़ेंगे। पिछले चुनाव में दिल्ली हुकूमत की सरकार कुम्हारों के जिस तरह से अपमानित किया है उससे सिख मिली आने वाला चुनाव में निर्णायक भूमिका में रहेंगे। इसलिए सुशासन बाबू,गरीबों के आवाज लालू जी, व महागठबंधन के सरकार से विनम्र आग्रह होगा जितना जल्द हो सके उपरोक्त मांगो को देने का कष्ट करें। पूरा कुम्हार समाज आपके साथ रहने का कटिबद्ध है। अपने समाज के क्रांतिकारी सुरमा जिन्होंने अथक प्रयास से ऐतिहासिक बापू सभागार में जमघट लगाने का काम किया व कुम्हारों के राजनीतिक भविष्य गढ़ने के लिए बिगुल फूंका उनका अग्रणी पंक्ति में हम नाम लेना चाहेंगे वे हैं आदरणीय महामंत्री चंद्रभूषण पंडित,संगठन के चाणक्य और बिहार प्रदेश के अध्यक्ष श्रीमान दानी पंडित। शाहिद-ए-आजम भगतसिंह के क्रांतिकारी विरासत को संभालने वाले, नए समाज के वास्ते भगतसिंह अम्बेडकर के रास्ते चलने वाले, जेपी कर्पूरी लोहिया के विचारों को मानने वाले युवा साथी अटल जी,पिंटू गुरुजी की महती भूमिका रही। वैचारिक दृढ़ता और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता रखने वाले बुद्धिजीवी साथी शशिभूषण, संजीव उर्फ बिट्टू, ललित,डॉक्टर अजय, सुरेश, मनोरंजन व इनके पूरी टीम को महासम्मेलन की शानदार सफलता के लिए भूरी भूरी सराहना व सलाम करते हैं।